राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-199
लखनऊ, गुरुवार 07 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पीएम मोदी की गारंटी : केशव 02

राष्ट्रपति मुर्मू ने निलयम में आगंतुक सुविधा केंद्र का किया उद्घाटन 12

सीएम योगी ने आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण, कहा

# हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में हैं असीम संभावनाएं

▸ दुनिया में बढ़ी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को लेकर उत्सुकता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी। इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने 238 करोड़ से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। आज लोकार्पित हुई परियोजनाएं इसका लघु उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। जिस आयुष मिशन के बारे में भारतीय मनीषा की धारणा रही हो कि नास्ति मूलं अनौषधं यानी कोई जड़ी नहीं जो औषधीय गुणों से युक्त ना हो, मगर अज्ञानता और उपेक्षा के कारण हमारी ये पारंपरिक विधा कालांतर में लुप्तप्राय हो गयी थी। प्रधानमंत्री ने जब आयुष मंत्रालय का गठन किया और पारम्परिक चिकित्सा को प्राथमिकता देकर प्रोत्साहित किया, तो देखते ही देखते देश ही नहीं पूरी दुनिया ने इसके महत्व को समझना शुरू कर दिया। पीएम मोदी के अभियान के फलस्वरूप प्रतिवर्ष 21 जून को पूरी दुनिया योग करती दिख रही है। कोरोना काल में पूरा विश्व आयुष का काढ़ा पीते दिखा। दुनिया पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को अपना रही है। इस अवसर पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, विधायक नीरज वोहरा, योगेश शुक्ल, जय देवी कौशल, एमएलसी मोहसिन रजा, लाल जी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, आयुष विभाग के डायरेक्टर महेन्द्र वर्मा, शिक्षकगण, डॉक्टर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जल्द होगा निदेशालय का गठन

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अब तक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महा निदेशक भी होंगे। उन्होंने बताया कि यूपी आयुर्वेद की धरती रही है। भगवान धनवंतरी और सुश्रुत जिन्होंने शल्य चिकित्सा के ज्ञान को इसी प्रदेश की धरती से आगे बढ़ाया, ऐसे में अब हमारा दायित्व है कि हम भी आयुष चिकित्सा पद्धति को और आगे लेकर जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में आयुष पद्धति पर आधारित कृषि बहुत उपयोगी हो सकती है।

### 150 सीएचसी को मिले 4.20 करोड़



यूपी की 150 सीएचसी को 4.20 करोड़ रुपए मिले हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि बुधवार को कई योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। फिरोजाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिरसागंज एवं जसराना में अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनों की स्थापना हेतु 19,98 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश के 150 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों जनपद मेरठ में 7, आगरा में 6, बुलंदशहर में 4, अमरोहा में 5, कन्नौज में 5, ललितपुर में 1, भदोही में 4, कानपुर देहात में 5, अयोध्या में 8, हापुड़ में 1, चित्रकूट में 1, झांसी में 2, बहराइच में 3, बागपत में 1, मिर्जापुर में 3, कौशाम्बी में 3, आजमगढ़ में 6, देवरिया में 1, रायबरेली में 2, मऊ में 1, फतेहपुर में 2, बलिया में 2, श्रावस्ती में 1, सीतापुर में 11, सहारनपुर में 1 व बरेली में 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जहां डेंटल सर्जन तैनात हैं, वहां अत्याधुनिक डेंटल चेयर लगाए जाने हेतु 4.20 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।


## डबल इंजन सरकार में बिहार पुराने गौरव को हासिल करने की राह पर

▸ प्रधानमंत्री ने बिहार को 12,800 करोड़ रुपये की सौगात दी

एजेंसी

**बेतिया/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के बेतिया में विपक्षी इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों से भरे इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा मुद्दा मोदी का परिवार नहीं होना है। उन्होंने कहा कि आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर होते तो परिवारवाद के कट्टर समर्थक उनसे भी यही सवाल पूछते, जो मुझसे पूछ रहे हैं। वीपी सिंह, राममनोहर लोहिया, बीआर आंबेडकर से भी यही पूछते। इन्होंने भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया।

प्रधानमंत्री बिहार के बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देने के बाद 'विकसित भारत - विकसित बिहार' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विपक्षी इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ नया भारत बन रहा है, वहीं दूसरी तरफ राजद, कांग्रेस और इनका इंडी गठबंधन अभी भी 20वीं सदी की दुनिया में जी रहा है। एनडीए की सरकार कह रही है कि हम हर घर को सूर्यघर बनाना चाहते हैं। इंडी गठबंधन अभी भी लालटेन की लौ के ही भरोसे है। जब तक बिहार में लालटेन का राज रहा, तब तक सिर्फ एक ही परिवार की गरीबी मिटी, एक ही परिवार समृद्ध हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, आज जब मोदी ये सच्चाई बताता है, तो ये मोदी को गाली देते हैं। भ्रष्टाचारियों से भरे इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा मुद्दा है कि मोदी का परिवार नहीं है। मोदी ने कहा कि ये लोग कहते हैं कि उनके परिवारों को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए। आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर होते तो उनसे भी यही सवाल पूछते जो मुझसे पूछ रहे हैं। परिवारवाद के कट्टर समर्थक आज वीपी सिंह, राममनोहर लोहिया, बीआर आंबेडकर से भी यही पूछते। इन्होंने भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया।



### भारत अपनी विरासत और संस्कृति का कर रहा सम्मान

इंडी गठबंधन के लोग जिस तरह राम और राम मंदिर के खिलाफ बातें बोल रहे हैं वो बिहार के लोग देख रहे हैं। यही परिवारवादी हैं, जिन्होंने दशकों तक रामलला को टेंट में रखा और राम मंदिर न बने, इसकी जी तोड़ कोशिश की। आज भारत अपनी विरासत और अपनी संस्कृति का सम्मान कर रहा है तो इन लोगों को इसमें भी परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग बिहार में जंगल राज लाए, उन्होंने अपने परिवार की चिंता की। आजादी के बाद के दशकों में बिहार की एक बहुत बड़ी चुनौती रही है, यहां से युवाओं का पलायन। जब बिहार में जंगलराज आया तो ये पलायन और ज्यादा बढ़ गया।

### देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो रेल राष्ट्र को समर्पित

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (बुधवार) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 15 हजार 400 करोड़ रुपये के विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने इस दौरान देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल को हरी झंडी दिखा कर राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बच्चों के साथ इस ट्रेन में सफर भी किया। गंगा नदी के नीचे तैयार की गई ईस्ट वेस्ट मेट्रो परियोजना का यह पहला मेट्रो ट्रैक है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 36 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि वह मेट्रो ट्रेन में बच्चों को आसपास बैठने के लिए कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान बच्चों से बातचीत भी की।

## संक्षिप्त समाचार

### कैफे ब्लास्ट हमलावर पर 10 लाख का इनाम घोषित

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने हमलावर के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। एक मार्च को बेंगलुरु के रामेश्वर कैफे में हुए ब्लास्ट मामले की जांच मंगलवार को गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। एनआईए ने हमलावर का फोटो पोस्टर रूप में जारी किया है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर का कहना है कि शहर की पुलिस को मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह इसे सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि एक मार्च को व्यस्ततम समय में हुए ब्लास्ट में 10 लोग घायल हो गए थे।

### कर्नाटक, यूपी, मप्र व ओडिशा में खुलेंगे सात अस्पताल

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा में सात ईएसआई अस्पतालों के निर्माण के लिए 1,128.21 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। ईएसआईसी के ये अस्पताल हारोहल्ली, नरसापुर, बोम्मासांद्रा (कर्नाटक), मेरठ, बरेली (उत्तर प्रदेश), पीथमपुर (मध्य प्रदेश) और दुबुरी (ओडिशा) में बनाए जाएंगे। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां ईएसआईसी की स्थायी समिति की हुई बैठक में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओड़िशा में सात ईएसआई अस्पतालों के निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। ईएसआईसी की स्थायी समिति इसके लिए 1,128.21 करोड़ की मंजूरी दे दी है। इस बैठक में राजस्थान के अलवर में एक उप-क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया।

## 2010 दंगे के मास्टरमाइंड तौकीर को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने किया तलब

▸ सात आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए

समृद्धि न्यूज

**बरेली।** फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया।

इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए हैं। शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात के खिलाफएफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने पाया कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

## धनंजय सिंह समेत दो को सात-सात साल की सजा

### धनंजय सिंह अब नहीं लड़ पाएंगे लोकसभा और विधानसभा चुनाव

समृद्धि न्यूज

**जौनपुर।** नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर का अपहरण कराने, पिस्टल सटाकर रंगदारी मांगने के आरोपी पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बुधवार को सजा सुनाई गई है। मैनेजर ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी व अन्य धाराओं में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व विक्रम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में एडीजे चतुर्थ / विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उसके सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।



अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अभियुक्तगण द्वारा जेल में बिताई गई अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी। अदलत के आदेश से दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि अब धनंजय सिंह लोकसभा और विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएगा। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले में यह सिद्ध हुआ है कि अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा को उसके कार्यक्षेत्र से जबरन अपने घर बुलवाकर पिस्तौल दिखाकर उसे व उसकी कंपनी के लोगों को डराया व धमकाया गया। उन पर यह दबाव डाला गया कि नमामि गंगे परियोजना में मात्र और मात्र अभियुक्तगण का ही गिट्टी व बालू प्रयोग किया जाए। अन्यथा की स्थिति में वादी व उसकी कंपनी के लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। मगर, मामले को देखने से यह स्पष्ट है कि अभियुक्तगण के द्वारा समर्थ व सक्षम होने के बावजूद भी वादी को घटना के समय व उसके पश्चात किसी तरह की कोई भी शारीरिक हानि नहीं पहुंचाई गई।

## सीबीआई ने शाहजहां शेख को हिरासत में लिया

एजेंसी

**संदेशखली।** संदेशखाली मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख सीबीआई को सौंप दिए गए हैं। निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख को केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम पश्चिम बंगाल पुलिस मुख्यालय से लेकर रवाना हो गई है।

पश्चिम बंगाल का संदेशखाली मामला लगातार चर्चा में है। ताजा घटनाक्रम निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख को सीबीआई हिरासत में भेजे जाने का है। पश्चिम बंगाल पुलिस की अपराध अनुसंधान शाखा (छ्ढ्ढष्ठ) ने संदेशखाली मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की कस्टडी सीबीआई को सौंपी। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुई इस कार्रवाई में अदालत ने साफ किया है कि संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई करेगी। इस मामले में सीबीआई ने तीन प्राथमिकी दर्ज की है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद देर शाम लगभग 6.40 बजे शाहजहां शेख को केंद्रीय जांच ब्यूरो) की टीम पश्चिम बंगाल पुलिस मुख्यालय से लेकर रवाना हुई।




शाहजहां शेख की हिरासत के बारे में समाचार एजेंसी-ह्ल्ढ्ढ की रिपोर्ट के मुताबिक संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद कोलकाता में भबानी भवन पुलिस मुख्यालय वापस लाया गया। हिरासत सौंपने की प्रक्रिया में आरोपी की अनिवार्य मेडिकल जांच भी शामिल है। इसलिए पुलिस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में देर शाम पुलिस ने शेख की हिरासत सीबीआई को सौंप दी। हाईकोर्ट का फरमान- पुलिस शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपे। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार सुबह सुनवाई के दौरान ममता बनर्जी की सरकार को एक बार फिर निर्देश दिया कि पुलिस संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच सीबीआई को सौंपे। पश्चिम बंगाल के इस बहुचर्चित प्रकरण पर अदालत ने दो टूक कहा कि संदेशखाली मामले का मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को लेकर कोर्ट ने कहा कि राज्य पुलिस ने इस मामले में लुकाछिपी का खेल खेला है।

### पत्नी ने तीन बच्चों सहित खाया जहर, चारों की मौत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के थाना मानपुर अंतर्गत ग्राम अहमदपुर में बुधवार को पति -पत्नी के बीच हुए विवाद हो गया। झगड़े के बाद महिला ने अपने 3 बच्चों सहित जहर खा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी सीतापुर चक्रेश मिश्रा ने घटना के संबंध में बताया कि थाना मानपुर अंतर्गत ग्राम अहमदपुर में आज दिन में राजकुमारी (32) पत्नी सजीवन ने अपने पति से विवाद के बाद तीन बच्चों सुमित (08), नेहा (05), संध्या (03) के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने जिला चिकित्सालय उपचार हेतु भेजा जहां पर उन चारों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कार्रवाई : एमडीएम घोटाले में कंपोजिट विद्यालय का प्रधानाध्यापक निलंबित

समृद्धि न्यूज

**हमीरपुर।** एमडीएम योजना में गडबड़ी करने वाले कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक को जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने निलम्बित करके बीआरसी में सम्बद्ध किया है।

डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी खंड विकास अधिकारी खान शांतुन कुमार सिनसिनवार ने गत 2 मार्च को कम्पोजिट विद्यालय कैथी का औचक निरीक्षण किया था। डिप्टी कलेक्टर को निरीक्षण में 560 के सापेक्ष 191 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले थे, जबकि एमडीएम रजिस्टर में 303 छात्र-छात्राओं को भोजन करना अंकित किया गया था। इसकी रिपोर्ट डिप्टी कलेक्टर ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय को भेजी थी।

जिलाधिकारी ने इसको गंभीर प्रकरण मानते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी आलोक सिंह को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने प्रधानाध्यापक दिनेश चंद्र गौतम को निलंबित करके बीआरसी कुछेछा में सम्बद्ध किया है। इस कार्यवाही से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि प्रभारी खंड विकास अधिकारी प्रतिदिन दो पंचायतों में पहुंचकर स्वास्थ्य शिक्षा के अलावा विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण अवश्य करते हैं। इससे पंचायतों में कार्यरत कर्मियों में हड़कंप का माहौल है।

### पंजाब विस में हंगामे के बाद नेता प्रतिपक्ष समेत कांग्रेस के नौ विधायक निलंबित

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा में बुधवार को बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर हंगामा हुआ। हंगामा इतना बढ़ा कि स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष समेत कांग्रेस के नौ विधायकों को निलंबित करके सदन से बाहर निकाल दिया। विधानसभा में आज बजट पर चर्चा के दौरान स्पीकर ने कांग्रेस विधायक अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को बोलने से रोक दिया। स्पीकर ने कहा कि आपका समय पूरा हो गया है। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने हंगामा कर दिया, जिसके बाद स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, राजा वड़िंग समेत नौ कांग्रेस विधायकों को आज के लिए निलंबित कर दिया। इसके बाद गुस्साए कांग्रेस विधायक नारेबाजी करते हुए स्पीकर की वेल में आ गए।

## उत्तर प्रदेश में नहीं बिगड़ने देंगे कानून व्यवस्था : प्रशांत कुमार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानून एवं व्यवस्था के महानिदेशक प्रशांत कुमार प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सख्त नजर आ रहे हैं। प्रशांत कुमार ने कहा कि यूपी पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है। सीएए लागू होने पर इसके लिए हम युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं। अगर किसी तरह के विवाद की कोई सूचना मिलती है तो उससे निपटने के लिए हम तैयार हैं।

प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी, इसके लिए मैं आश्वस्त करता हूं। उन्होंने कहा, श्हम पूरी तरह से तैयार हैं। हम डाटा प्रोटेक्शन करते हैं तो हमारे पास वेपन भी है।




हमारे पास डंडा भी है, यदि आवश्यक होगा तो उसका विधिक उपयोग किया जाएगाश। प्रशांत कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और अगर सीएए और एनआरसी लागू होता है तो इसके लिए हम सभी धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए हुए हैं। हम चुनाव के मद्देनजर अपने संसाधनों जैसे जनशक्ति और उपकरणों को भी अपडेट कर रहे हैं। अभी राज्य में निवेश का माहौल है, हमारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हो रहा है।

### हाईकोर्ट का आदेश, 31 तक निवासी खाली करें परिसर

**लखनऊ।** हाईकोर्ट ने अफसरों को भी 31 मार्च तक पुनर्वास का काम पूरा करने का आदेश दिया। कहा कि कोर्ट की शरण में न आने वालों को भी मिले पुनर्वास योजना का लाभ। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को अकबरनगर में ध्वस्तीकरण के खिलाफ गरीब तबके के सैकड़ों कब्जेदारों की दाखिल 74 याचिकाओं व अर्जियों को निर्देशों के साथ निस्तारित कर दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अकबरनगर 1 व 2 के सभी निवासी वहां के विवादित परिसरों की 31 मार्च की मध्यरात्रि के पहले खाली कर दें। इसके बाद पक्षकार अफसर इन परिसरों को खाली करवा सकेंगे। कोर्ट ने कहा, अकबरनगर के ईडब्ल्यूएस वर्ग के पुनर्वासित किए जा रहे सभी आवेदकों को आवास मुहैया कराए जाएंगे।

तैनाती

लक्षद्वीप के सबसे दक्षिणी द्वीप मिनिकॉय में पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

## नौसेना ने मिनिकॉय द्वीप पर तैनात किया आईएनएस जटायु

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीपों में अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए मिनिकॉय द्वीप पर बुधवार को आईएनएस जटायु तैनात कर दिया है। इससे भारत को क्षेत्र में विरोधियों की सैन्य और वाणिज्यिक गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। हिंद महासागर क्षेत्र में नजर बनाए रखने के लिए बनाया गया यह नया बेस अरब सागर में मालदीव से सिर्फ 507 किलोमीटर दूर है, इसलिए न केवल भारतीय समुद्री वाणिज्य सुरक्षित होगा बल्कि बुनियादी ढांचे का उन्नयन भी होगा। इस कदम से केरल के पश्चिम में 400 किमी दूर स्थित द्वीप श्रृंखला में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।




नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने एक समारोह में लक्षद्वीप के सबसे दक्षिणी द्वीप मिनिकॉय में नए बेस की शुरुआत की। कमीशनिंग समारोह में नौसेना प्रमुख को 50 पुरुषों का गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जटायु को कमांडेंट व्रत बघेल की कमान के तहत कमीशन किया गया है। यूनिट के पहले कमांडिंग ऑफिसर कमांडर व्रत बघेल ने संस्कृत में मंगलाचरण का पाठ किया और उसके बाद कमीशनिंग वारंट का वाचन किया। कमीशनिंग पट्टिका के अनावरण के बाद राष्ट्रगान की धुन पर नौसेना ध्वज फहराया गया। कमीशनिंग समारोह के पूरा होने पर मिनिकॉय में समुद्री संचालन केंद्र का उद्घाटन किया गया। नौसेना प्रमुख ने यूनिट के अधिकारियों और जवानों से बातचीत की और इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनकी सराहना की। आईएनएस जटायु के जलावतरण के बाद मिनिकॉय में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि इस यूनिट का नाम महाकाव्य रामायण के उस पौराणिक प्राणी के नाम पर रखा गया है, जिसने सीता के अपहरण को रोकने की कोशिश की थी। रामायण में जटायु प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता थे, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर सेवा की मिसाल पेश की थी। एडमिरल कुमार ने कहा कि इस इकाई का नाम जटायु रखा जाना सुरक्षा, निगरानी और निस्वार्थ सेवा प्रदान करने की इस भावना की एक उपयुक्त पहचान है। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप द्वीपों के भीतर भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पश्चिमी अरब सागर में समुद्री डकैती और मादक द्रव्य विरोधी अभियानों में भारतीय नौसेना को ऑपरेशन चलाने में मदद मिलेगी। नौसेना प्रमुख ने कहा कि जटायु ने भगवान राम को जो जानकारी दी, उसने महत्वपूर्ण स्थितिजन्य जागरुकता प्रदान की, जिससे सफल खोज हुई।

# सीएम ने दी खीरी को आयुष विभाग की चार विकास परियोजनाओं की सौगात

- 148.29 लाख की लागत वाली चार विकास परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग की रु. 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसी क्रम में सीएम ने खीरी जिले में आयुष विभाग की 148.29 लाख की लागत से निर्मित 04 विकास परियोजनाओं को वर्चुअल लोकार्पित किया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में खीरी जिले में कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुना गया।




### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

113.30 लाख की लागत से निर्मित जिला होम्योपैथिक अधिकारी कार्यालय और 29.01 लाख से निर्मित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सलेमपुर, 2.99-2.99 लाख की लागत से निर्मित आयुष मिशन के तहत आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय फरधान) और आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पिपरागूम)।

कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया।

जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने क्षेत्रीय यूनानी आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ हरवंश, प्रभारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना वर्मा एवं उनकी पूरी टीम की मौजूदगी में विकास परियोजनाओं का पर भौतिक रूप से लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में डॉ मुनीद्र प्रताप, फार्मासिस्ट प्रतीक्षा वर्मा, खालिद उल्ला खान सहित कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल से अवर अभियंता विवेक बाजपेई, कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस सहायक अभियंता अनुराग कुमार, अवर अभियंता सुशील वर्मा मौजूद रहे।

## नवागत चौकी प्रभारी ने चार्ज संभालते ही क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक व पत्रकारों के साथ की बैठक



**फत्तेपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को दोपहर नवागत चौकी प्रभारी ने फत्तेपुर पुलिस चौकी में संभ्रांत नागरिकों व पत्रकारों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि शासन के मंशारूप कार्य करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता है।

क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखते हुए अपराधियों पर पुलिस की सख्त नजर होगी जिससे क्षेत्र में अमन शांति कायम रहे। पीड़ित किसी भी अपनी समस्या लेकर चौकी आ सकते हैं जिन्हें विधि सम्मान न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता में शामिल है। बैठक में व्यापारी, संभ्रांत नागरिक, पत्रकार मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** नीमगांव थाना क्षेत्र के सिकंदराबाद कस्ता मार्ग पर उमरपुर क्रेसर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष नीमगांव मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंच कर दोनो शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। घटना की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार की साम नीमगांव थाना क्षेत्र के भादूरी गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र नेतराम 60 वर्ष घर से अपने दामाद भदूरी के मजरा धुमरा निवासी अनूप कुमार 40 पुत्र रमेश चंद के साथ अपनी बाइक सी डी डीलक्स से गडरिया चौराहे पर किसी काम से गए थे तभी वापसी में कस्ता की तरफ से आ रहे किसी बड़े अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे ससुर दामाद की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पर नीमगांव प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा सिंह, बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता, सिकंदराबाद पुलिस चौकी प्रभारी आशीष सेहरावत मौके पर पहुंच कर स्थित को नियंत्रित करते हुए दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला मुख्यालय भेजा गया। घटना की सूचना पाकर तीनों परिवारों में कोहराम मच गया। इसके पहले 3 मार्च को एक बस की चपेट में आकर घटना स्थल पर ही इसी गोला मार्ग गुलरिहा के पास तीन की मौत हो गई थी। दो दिन के बाद सड़क हादसे में दो की मौत हो गई।

### सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक



**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।** गन्ना क्रय केंद्रों से गुलरिया चीनी मिल ले जाने वाले ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रक हर समय दुर्घटनाओं को दावत देते नजर आते हैं। लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस ओर से अनजान बने हुए हैं। गन्ना सीजन के चलते चीनी मिलों को जोड़ने वाली सड़कों पर ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक व डबल ट्राली जोड़कर ट्रैक्टर दौड़ रहे हैं। इन वाहनों के संचालन को जिला प्रशासन रोकने में नाकाम है गुलरिया चीनी मिल के क्रय केंद्रों से चीनी मिल तक जाने वाले ट्रकों में ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना भर कर भेजा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं का भय सदैव बना रहता है। क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मिल तक जाने वाले ट्रकों में कभी-कभी गन्ना गिरता हुआ जाता है जो राहगीरों के लिए मुसीबत बना रहता है। क्रय केंद्रों से मिल तक कई कस्बे पड़ते हैं। जहां भीड़ भाड़ बनी रहती है परंतु यह ओवरलोड वाहन तेज गति से निकलते हैं जो किसी की भी जान पर बन सकता है। यह ट्रक व ट्राली पुलिस चौकियों व मोबाइल पुलिस के सामने से दिन व रात में गुजरते रहते हैं लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है सोचनीय विषय है की बाइक सवार को आसानी से रोक लेने वाली पुलिस को गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक ट्राली दिखाई ही नहीं देते परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा भी इन ओवरलोड ट्रकों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। मिल प्रशासन, एआरटीओ के साथ ही पुलिस का ओवरलोड वाहनों की तरफ ध्यान ही नहीं जाता।

### दवा लेने गई महिला को डाला ने रौंदा, मौत

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पति के साथ दवा लेने जा रही बाइक सवार महिला को हाफडाला वाहन ने रौंद दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया है। मोहम्मदपुर खाला खाला क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत दुंदपुर मजरे केसराई गांव निवासी 30 वर्षीय चांदनी देवी अपने पति सुमित कुमार के साथ बाइक से दवा लेने बेलहरा जा रही थी। तभी बेलहरा-छेदा मार्ग पर गंगापुर गांव के पास बेलहरा की ओर से जा रहे तेज़ रफ्तार हाफडाल वाहन ने रौंद दिया जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों व स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के दो बच्चें हैं। महिला की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने हाफ डाला वाहन को कब्जे में लेकर आगे की करवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव पीएम भेजा गया है,वाहन को कब्जे में ले कर कार्यवाही की जा रही है।

### डम्पर के नीचे आये पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर त्रिपुला के निकट बुधवार की दोपहर डम्पर के नीचे आ जाने से पिता पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पी एम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया है। पिता पुत्र की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज के टिकुरी गाँव निवासी रामराज पुत्र संत प्रसाद 50 वर्ष अपने पुत्र नरेन्द्र 19 वर्ष के साथ स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार होकर दोपहर लगभग साढ़े11 बजे हैदरगढ़ मोटरसाइकिल की सर्विस कराने आ रहे थे कि तभी त्रिपुला से पहले ही स्थित लकडी की ठेकी के निकट डम्पर की चपेट में आ गए। जिससें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण परिजन के साथ साथ मृतक रामराज की पत्नी व अन्य महिला परिजन भी अस्पताल पहुँच गई। एक साथ दो दो लाशो को देखते ही दहाड़े मारकर महिलाओ के रोते ही सभी की आँखे नम हो गई।



### नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के नगर पंचायत सिंगाही के प्रांगण में निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में शक्ति नारी वंदन अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की मदद से नगर पंचायत सिंगाही में आए हुए सभी देवी स्वरूप नारियों को लाइव प्रसारण के माध्यम से शक्ति नारी के बारे में सुनाया गया और लाइव प्रसारण के माध्यम से नारी शक्ति को जागरूक किया गया। शक्ति नारी कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य भय मुक्त नारी समाज का उत्थान नारी की सामाजिक सुरक्षा व नैतिक विकास तथा आर्थिक विकास से संबंधित सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए बनाए गए कानून के बारे में व सरकार की उपलब्धियां के बारे में सुनाया गया महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व राज्य सरकार अच्छे-अच्छे कार्य कर रही है आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर अध्यक्ष नगर पंचायत मोहम्मद कय्यूम, निघासन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमन दीप सिंह, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, दयाशंकर मौर्य भाजपा नेता रवि गुप्ता, महेश सहित माताए बहने उपस्थित रहे।

### ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** घर से सुसराल के लिए निकले युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार सुबह उसका शव गांव के बाहर पड़ा मिला। परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताई है।फिलहाल अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत टेपरा नहरवल गांव निवासी मलखान (30) पुत्र राम मनोहर की भीखमपुर गांव में ससुराल है। वह मंगलवार शाम घर से साइकल लेकर ससुराल के लिए निकला था। बुधवार सुबह मलखान का शव बुढ़वा बाबा गांव पार पड़ा मिला। शव के पास ही उसकी साइकल भी पड़ी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभिमन्यु मल्ल ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम का वर्चुअल संवाद

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को ब्लॉक सभागार बिजुआ में सभी क्षेत्रवासियों को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी का वर्चुअल संवाद को सफल बनाने के लिए सभागार में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ÷नारी शक्ति संवाद÷ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाइव आकर नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

यशश्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पश्चिम बंगाल से नारी वंदन अभियान के निमित्त मातृशक्ति को वर्चुअल संबोधन के क्रम में ब्लॉक बिजुआ सभागार में बड़ी स्क्रीन पर



प्रधानमंत्री जी के लाइव संबोधन को उपस्थित मातृशक्ति को दिखया गया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बिजुआ श्रीमती नेहा राज, कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष बिजुआ भाजपा धीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।इ स कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण राज, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दृगपाल सिंह संजय सिंह,मण्डल उपाध्यक्ष रमेश वर्मा,अनिल दीक्षित, सतीश गौतम, रामलखन शर्मा, मण्डल महामंत्री सुत्तन अवस्थी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शाह, महिला मोर्चा जिला मंत्री गंगा देवी, अनुसूचित मोर्चा मण्डल अध्यक्ष तोता राम भार्गव, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री अमृतपाल सिंह, महिला मोर्चा मण्डल महामंत्री रेणु शर्मा सहित मंडल पदाधिकारी,मोर्चों के अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष गण व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थिति रही।

# पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी का परिवार : सतीश शर्मा

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा का नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित
- सभी ब्लॉक सहित 25 मंडलों में सुना गया पीएम का लाइव प्रसारण



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा द्वारा चलाए गए नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।जिले में सभी 25 सांगठनिक मंडलों में इस कार्यक्रम को स्वयं सहायता समूह ,एनजीओ एवम भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सुना।प्रधानमंत्री ने लाइव प्रसारण में महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर बीते दस वर्षो में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।दरियाबाद ब्लॉक सभागार में लाइव प्रसारण से पूर्व अपने संबोधन में खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी का परिवार है।

विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से बौखलाया विपक्ष प्रधानमंत्री पर अनर्गल आरोप लगा रहा है मगर देश की जनता लोकसभा चुनाव में विपक्ष को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है।कहा कि देश में बनाए गए चार करोड़ से अधिक पीएम आवास में लगभग तीन करोड़ आवास महिलाओं को आवंटित हुए है। सदन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण कानून बना कर प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के सम्मान को बढ़ाया है।उन्होंने शौचालय,उज्ज्वला योजना, मातृ शक्ति वंदन योजना सहित अनेकों योजनाओं पर चर्चा की।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने नगर पालिका सभागार में,विधायक सकेंद्र प्रताप वर्मा ने ब्लॉक सभा गार फतेहपुर में,चेयरमैन जगदीश गुप्ता एवम ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह ने पूरे डलई ब्लॉक सभागार में नारी संवाद कार्यक्रम को सुना।इस अवसर पर डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, गुरुशरण लोधी, रामेश्वरी त्रिवेदी मौजूद रहे।

### किसान मोर्चा का गांव परिक्रमा कार्यक्रम

भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में गांव परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया।भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास में निरंतर जुटे हुए है। बीते दस वर्षो में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की गई है।पीएम सम्मान निधि ने दस करोड़ से अधिक किसान परिवारों को राहत दी है।उन्होंने गांव में घर घर संपर्क किया।ट्रैक्टर एवम गौ पूजा की।मंदिर में प्रार्थना करके आशीर्वाद भी लिया।इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी,राजेश वर्मा,रामचंद्र वर्मा मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कानून मेरा संरक्षक थीम पर कार्यक्रम आयोजित




**लखीमपुर- खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम के दिशानिर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर ÷कानून मेरा संरक्षक थीम ÷ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है 7

ज्ञात हो महिला कल्याण विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद मे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर मे कानून मेरा संरक्षक थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की सेन्टर मैनेजर श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी,काउन्सलर विजेता गुप्ता , डाली पाल व विद्यालय प्रधानाचार्या एवं अन्य स्टाफ उपस्थिति रहा कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को हेल्प लाईन नम्बर, बाल विवाह के रोकथाम के लिए बना कानून बाल बिबाह प्रतिषेध अधिनियम, महिलाओं को दहेज उत्पीड़न से बचाने के लिए दहेज प्रतिषेध अधिनियम, भ्रूण हत्या रोकने के लिए पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट व वन स्टाप सेंन्टर के बारे में विस्तृत जानकारी दी है।

महिला कल्याण विभाग द्वारा बच्चों व महिलाओं के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही महात्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड व सामान्य ,स्पान्शरशिप योजना, फोस्टर केयर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान योजना के बारे में जानकारी दी है।

# नगर पंचायत में देखा गया नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।लाईव प्रसारण में भारी संख्या में मौजूद? महिलाओ द्वारा देश के मुखिया के विचारो को सुना गया।जानकारी के अनुसार बुधवार को पंचायत ज़ैदपर प्रांगण में नारी शक्ति वंदन का कार्यक्रम तमाम सभासदो व अधिशाषी अधिकारी




अलोक वर्मा की मौजूदगी मे लाईव प्रसारण मे सैकड़ो नारियो ने उपस्थित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विचारों को सुना गया।नगर पंचायत मे आए सैकड़ो लोगो के लिए जलपान की उचित व्यवस्था का प्रबंधन अधिशाषी अधिकारी द्वारा किया गया था।

इस अवसर पर सभासद मोहम्मद कासिम, निजामुद्दीन, आलम अंसारी, सुफियान अंसारी, शारूख खान, टेकचन्द्र, अबसार, शाहे आलम, भाजपा नेता अबु उमेर अंसारी, सुनील कुमार वर्मा,अमन सहित भारी तादाद मे महिलाएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# केडी सिंह बाबू की कोठी की नीलामी पर रोक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारत को हॉकी में ओलंपिक का पहला पदक दिलाने वाले देश के पहले और अंतिम हेल्म्स ट्राफी विजेता पद्मश्री केडी सिंह बाबू की पुश्तैनी कोठी की नीलामी पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। बुधवार को जिला सत्र न्यायालय के कोर्ट नंबर 16 में के.डी सिंह बाबू की पुश्तैनी सम्पत्ति विवाद को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कोठी की नीलामी पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है।

नीलामी पर रोक लगने के बाद के.डी सिंह बाबू जन्मशती स्मृति समिति के अध्यक्ष एवं गोरखपुर से एमएलसी सी.पी चन्द, संरक्षक अरविन्द कुमार सिंह गोप, के.डी सिंह बाबू के पुत्र विश्वविजय सिंह, संयोजक राजनाथ शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई, सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह गुरूजी, अधिवक्ता हिसाल बारी किदवई, समाजसेवी विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अताउर्रहमान, अशोक शुक्ला ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने खेल प्रेमियों और कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की मांग करने वाले समाजसेवियों को राहत देने वाला फैसला बताया है। वहीं समिति के अध्यक्ष सी.पी चन्द ने मुख्यमंत्री से मिलकर पुनः इस प्रकरण में त्वरित कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। अभी हाल ही में केन्द्र सरकार ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के नाम से अर्न्तराष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार की घोषणा करके एतिहासिक कदम उठाया। हमें उम्मीद है कि जल्द ही जनहित में राज्य सरकार भी के.डी सिंह बाबू की कोठी को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करके खेल प्रेमियों तोहफा देगी।

बता दें कि नगर के सिविल लाइन स्थित हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी रहे कुंवर दिग्विजय सिंह 'केडी सिंह' बाबू की पुश्तैनी कोठी है। इस कोठी से जुड़े प्रकरण में बीते दिनों अतिरिक्त सिविल जज ने 11 मार्च को कोठी की नीलामी की तारीख मुकर्रर की थी। जिसके बाद जनपद के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, प्रबृद्धजन, खिलाड़ी एवं पत्रकार, साहित्यकार व स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर केडी सिंह बाबू की कोठी को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करते हुए खेल संग्राहलय बनाने की मांग की थी। जिस कोठी में कुंवर दिग्विजय सिंह का जन्म हुआ। जिनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह प्रसिद्ध वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और टेनिस दिग्गज खिलाड़ी थे। के.डी सिंह बाबू का परिवार बाराबंकी की गंगा-जमुनी तहज़ीब, साहित्य, इतिहास, संस्कृति और खेल की विरासत का साधक रहा है। उनके बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह ने भरत चरित्र नामक एक ग्रंथ लिखा जो बहुत प्रचलित हुआ। वहीं कुंवर दिग्विजय सिंह उर्फ केडी सिंह बाबू और उनके अन्य चार भाई कुंवर भूपेन्द्र सिंह, कुंवर सुखदेव सिंह, कुंवर नरेश सिंह व कुंवर सुरेश सिंह खेल जगत के अद्वितीय और दिग्गज खिलाड़ी थे। के.डी सिंह बाबू ने अपनी कठिन साधना से खेल के क्षेत्र में न केवल कई कीर्तिमान स्थापित किए अपितु आने वाली पीढ़ियों को भी यह अनमोल धरोहर सौंपते रहे। के.डी सिंह बाबू की स्मृतियों को सहेजने और उनकी खेल प्रतिभा को नई पीढ़ी से रूबरू कराने के लिए उनकी पुश्तैनी कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाने जाने की मांग की जा रही है।

# छोटी काशी में मृग रूप में विचरण किया था शिवजी ने

- विष्णु भगवान ने स्थापित किया था शिवजी का श्रंग
- वराह पुराण, पद्म पुराण, शिव पुराण, कूर्मपुराण और महाभारत में वर्णित है गोला छोटी काशी के शिव भगवान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिवजी के दर्शन और आराधना के लिए विशेष माना गया है इस कारण छोटी काशी में महाशिवरात्रि का मेला होता है। यहां शिव जी ने मृग रूप में विचरण किया था ,भगवान विष्णु ने मृग रूप धारी शिव जी का श्रंग यहां स्थापित किया था जिसके दर्शन और आराधना के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उमडते हैं।


भगवान विष्णु द्वारा स्थापित शिव श्रृंग


मुस्लिम राजा द्वारा स्थापित शिवालय

गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी पर शोध प्रबंध लिखने वाले साहित्यकार पत्रकार लोकेश कुमार गुप्त ने बताया कि यहां के शिव जी का वर्णन वराह पुराण, पद्म पुराण, शिव पुराण, कूर्मपुराण और महाभारत में है। वराह पुराण में लिखा गया है कि भगवान शिव वैराग्य उत्पन्न होने पर इस वनक्षेत्र में आ गए ,सुंदर स्थान देखकर मोहित हो वह यहीं पर रम गए और मृगरूप में विचरण करने लगे। ब्रह्मा विष्णु और देवराज इंद्र को चिंता हुई वह उन्हें ढूंढने के लिए निकले और विशाल मृग देखकर यही शिव हैं ऐसा पहचान कर उन्हें घेर लिया ,आहट पाकर मृगरुप धारी शिव भागे तो देवताओं ने पीछा कर उनके सींग पकड़ लिए शिव तो अपने मूल स्वरूप में आ गए किंतु श्रंग देवताओं के हांथ में रह गए जिनमें से एक श्रंग भगवान विष्णु ने यहां स्थापित किया जो गोकर्णेश्वर और चंद्रभाल नाम से विभिन्न पुराणों में लिखा गया है। दूसरा श्रंग ब्रह्मा जी ने बिहार के श्रृंगवेश्वर में तीसरा देवराज इंद्र अपने साथ अमरावती ले गए जिसे लंका के राजा रावण ने स्वर्ग पर विजय प्राप्त कर दक्षिण गोकर्ण में स्थापित कराया।

### बहुत महत्व है गोकर्णेश्वर चंद्रभाल का

गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के गोकर्णेश्वर चंद्रभाल महादेव का बहुत महत्व है इस कारण विशेष पर्वों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं महाशिवरात्रि, सावन और चैत्र के महीने में तो गंगा घाट से कंधे पर कांवड रखकर पैदल आने वाले भक्तों की संख्या बहुत होती है । श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर शिवालय के समीप स्थित पौराणिक गोकर्ण तीर्थ में डुबकी लगाकर अपने आराध्य शिव का दर्शन पूजन करते हैं।

### बिरले भक्तों को होते हैं शिव श्रंग के दर्शन

गोला गोकर्णनाथ भोले बाबा के दर्शन के लिए तो छोटी काशी में भीड़ उमड़ती है किंतु शिवश्रंग के दर्शन बिरले भक्तों को ही होते हैं। यहां शिव श्रंग मंदिर के धरातल से 4 फुट नीचे गड्ढे में स्थापित है गड्ढे के ऊपर पीतल का जाल लगा रहता है जिसमें हमेशा ताला बंद रहता है यह ताला मंदिर में दोपहर सफाई के समय या श्रंगार पूजा के समय ही खुलता है तभी दर्शन हो पाते हैं शेष समय शिव श्रंग फूल बेल पत्र के बीच में छुपे रहते हैं इस कारण दर्शन संभव नहीं हो पाते।

### मुस्लिम राजा ने बनवाया था मंदिर

गोला गोकर्णनाथ ब्राह्मण सदानंद के समक्ष शिव श्रंग से प्रकट हुए शिवजी से वरदान पाकर सदानंद ने तो छोटी सी मठिया बनाकर पूजन शुरू किया बाद में कोटवारा के मुस्लिम राजा ने विशाल शिवालय का निर्माण करवाया और मंदिर के शिखर पर दूज का चांद स्थापित कराया जो पूरे भारतवर्ष में लखनऊ में नवाब द्वारा बनवाए गए अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर के अलावा कहीं भी देखने को नहीं मिलता है।

# सिलेंडर ब्लास्ट का सीएम योगी ने लिया संज्ञान, व्यक्त की संवेदना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी में बीती रात हुए दर्दनाक हादसे पर अब मुख्यमंत्री योगी की प्रतिक्रिया सामने आई है। कल 6 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी में सिलिंडर फटने से हुए हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पुलिस के लिए भी दिशानिर्देश जारी किया है।

योगी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कल रात करीब 10.30 बजे लखनऊ में स्थित हाता हजरत साहब कस्बा काकोरी में रहने वाले मुशीर के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से दो सिलेंडरों में ब्लास्ट हुआ था। इस ब्लास्ट के कारण 9 लोग घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज हेतु ट्रामा सेंटर ले गया ले जाया गया जहां इलाज के दौरान पांच लोगों की मृत्यु हो गयी। 4 लोग अभी भी घायल बताए जा रहे हैं, जिनका इलाज जारी है। सूत्रों के अनुसार मुशीर अली जरदोजी का काम करने के साथ-साथ पटाखों के कारोबारी है।

# दिव्यांगों को जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ पहुचाएं विभागीय अधिकारी

## मंत्री नरेंद्र कश्यप विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देशित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जमीनी स्तर तक पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनो को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य विभागीय अधिकारी करे।

प्रदेश सरकार द्वारा अधिक से अधिक पात्र पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनों को लाभ देने हेतु योजनाओं में बजट भी बढ़ाया गया है। दिव्यांगजनो की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने हेतु नियमित रूप से मंडल एवं जनपदों में कार्यक्रम आयोजित होते रहे। पिछडे वर्ग के युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाए। उक्त निर्देश सोमवार को प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

मंत्री नरेंद्र कश्यप अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं में लाभ कैसे अधिक से अधिक पात्र लोगों मिल सके, इस पर कार्य किया जाए। पिछड़ा वर्ग के लोगों एवं दिव्यांगजनो को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी हो, उन्हें योजनाओं में आवेदन करने से लेकर लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसका मण्डल एवं जनपद स्तर के अधिकारी विशेष ध्यान रखें। विभागीय वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी अपलोड की जाए। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनो की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाय।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कम्प्यूटर प्रशिक्षण (ट्रिपल सी/ओ लेवल) की अद्यतन स्थिति जानकारी ली गई तथा ट्रिपल सी/ओ लेवल के प्रशिक्षार्थियों के स्वयं के बैंक खाते में शुल्क प्रतिपूर्ति किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान एवं छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की जानकारी ली गई। विभागीय निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी, निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिए गए। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा की जा रहीं सुनवाई की समीक्षा कर अधिक से अधिक जनपदों में कोर्ट लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पीएम मोदी की गारंटी : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन मोदी की गारंटी है।डबल इंजन सरकार आधी आबादी को पूरा अधिकार दे रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार बेहद संवेदनशील है। महिलाओं को और अधिक सबल व सक्षम बनाने के लिए नये संसद भवन में सबसे पहले नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को मंजूरी दी गई है। केशव प्रसाद मौर्य प्रधानमंत्री के स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को आन लाइन सम्बोधन कार्यक्रम के अवसर पर बुधवार को मोहनलालगंज ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों को सम्बोधित कर रहे थे। पश्चिम बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के वर्चुअल सम्बोधन को प्रदेश के सभी विकास खण्डो में आयोजित कार्यक्रमो में स्वयं सहायता समूहों द्वारा सुना गया। मोहनलालगंज ब्लाक में भी आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित स्वयं सहायता समूहों ने मौजूद रहकर प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने विकास खण्ड के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए गए उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रमाण पत्र वितरित कर दीदियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को सम्बोधित किया व स्वयं सहायता समूहों के विचारों को भी साझा किया। महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा उठाए गये क्रान्तिकारी कदमों व सरकार द्वारा लिये गये साहसिक व ऐतिहासिक फैसलों की जानकारी उप मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में 4 करोड़ से अधिक व प्रदेश में लगभग 56 लाख पक्के मकान गरीबों को दिए गए हैं, इसमें 75 प्रतिशत से अधिक आवास महिलाओं के नाम पर हैं। देश में 10 करोड़ से अधिक निःशुल्क गैस कनेक्शन महिलाओं को दिये गये हैं। कहा कि विधानसभाओ व लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिलाया जायेगा। कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों को व प्रदेश में लगभग 16 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन दिया जा रहा है। आगे भी 5 साल तक दिया जाता रहेगा। कहा कि देश को 100 साल आगे ले जाने व विकसित भारत बनाने के लिए मोदी के नेतृत्व में तेजी से काम हो रहा है।

## मोदी ने दिया महिला सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण का मंत्र

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बुधवार को लखनऊ के तुलसी उद्यान गीता पल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव संबोधन के साथ जुडे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अभियान का समापन पश्चिम बंगाल से करते हुए महिला सशक्तिकरण से राष्ट्र के सशक्तिकरण का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को लाइव प्रसारण के माध्यम से देश के कोने-कोने में बड़ी संख्या में लोगो ने सुना। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्षो में बनाई गई कार्ययोजना के क्रियान्वयन से भारत आजादी के 100 वें वर्ष में विकसित भारत होगा और विश्व का नेतृत्व करेगा। देश के नागरिकों की आत्मनिर्भरता से विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।पीएम नरेन्द्र मोदी ने नारियों के सशक्तिकरण से राष्ट्र के सशक्तिकरण की परिकल्पना को साकार रूप दिया है। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, जनधन खाता जैसी तमाम योजनायें महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों के निर्माण से खुले में शौच जैसी समाजिक बुराई से देश मुक्त हुआ है।

# छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ कौशल विकास से जोड़ने का कार्य कर रही है योगी सरकार

**लखनऊ।** प्रदेश के छात्र, छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए योगी सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण चला रही है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को निशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया जा रहा है। ये प्रोजेक्ट क्लास 9वीं से 12वीं के स्टूडेंट के लिए है जो राज्य के हायर सेकेंड्री स्कूल में पढ़ रहे हैं। इसके तहत, अब तक प्रदेश में 61 हजार से ज्यादा छात्र, छात्राओं को कौशल विकास के विभिन्न कोर्सेज में प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से ये छात्र एवं छात्राएं अपने भविष्य को संवारने में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि'प्रोजेक्ट प्रवीणश् माध्यमिक शिक्षा और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया।

# प्वांइट आफसेल मशीन से किसानों को तत्काल मिलेगी सब्सिडी : शाही

**लखनऊ।** कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज भंडारों से कृषि निवेश पर पीओएस के माध्यम से सब्सिडी-एट-सोर्स उपलब्ध कराने का शुभारम्भ बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में प्रदेश के कृषि मंत्री, कृषि राज्य मंत्री मुख्य सचिव तथा सैकड़ो लाभार्थी किसानों की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश के किसानों को खरीफएवं रबी में कुल मिलाकर लगभग सात लाख कुन्तल बीज अनुदान पर प्रति वर्ष वितरित किया जाता है।

# किसानों को बिना देरी किए मुआवजे का वितरण कराएं अफसर : मुख्य सचिव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने बारिश एवं ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के लिये धनराशि जनपदों को उपलब्ध करा दी गई। बारिश व ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को अविलम्ब मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को रबी सीजन की ई-खसरा पड़ताल के कार्य को आगामी 7 दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे

**डीएम को फसल क्षति का आंकलन करने के दिए निर्देश**

कार्य की दैनिक समीक्षा करें। आस्किंग रेट के अनुसार स्ट्रैटजी बनाये और सम्बन्धित कर्मियों के लिये टारगेट फिक्स करें। उन्होंने कहा कि इजराइल जाने के लिए चयनित भारतीय श्रमिकों की आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। उनके अभिलेखों के परीक्षण, मेडिकल फिटनेस, पुलिस वेरीफिकेशन तथा पासपोर्ट आदि अन्य औपचारिकताओं को तेजी से पूरा कराया जाये। नये पंजीकरण के लिये ऑनलाइन व्यवस्था की जाये। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिये प्रत्येक माह एनकॉर्ड की अनिवार्य रूप से बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित है। पूर्व की भांति लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाये। इससे पूर्व, जिलाधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल ने शिक्षित बाँदारू विकसित बाँदा के तहत 'मोरी प्यारी पाठशाला' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया।




# बिना परमिट पेड़ काटने का मुकदमा हुआ था दर्ज

## मुकदमे को कमजोर करने के लिए दरोगा साहब ने मांगे दस हजार

▸ कैसे मिलेगा न्याय जब पुलिस ही करेगी अन्याय

आशीष शुक्ला



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** नसीराबाद थाने के एक उपनिरीक्षक द्वारा लकड़ी कटान के एक मामले में मुकदमे में धारा घटाने को लेकर पीड़ित से घूस मांगी जिसका वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

ठेकेदार से पेड़ कटान के मामले में धारा घटाने को लेकर दस हजार रुपए की मांग की गई साथ ही मांग पूरी न करने पर गंभीर धाराओं को बढ़ाने की धमकी भी दी गई। ठेकेदार ने दरोगा को एक हजार रुपए अडवांस दे भी दिया है। दरोगा के इस डीलिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में और पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

बीते 27 फरवरी को नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे लोचई मजरे लखापुर गांव में बिना परमिट के ही हरे पेड़ कटने की सूचना पर वन रक्षक दूतेंद्र बहादुर सिंह ने ठेकेदार अनिल कुमार उर्फ गुड्डू निवासी पूरे लाला मजरे अशरफपुर और मो. मोसिम निवासी पूरे लोचई लखापुर के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया था। मामले के विवेचक उपनिरीक्षक जागेश्वर त्रिपाठी द्वारा दो दिन पहले ठेकेदार को बुलाकर दस हजार रुपए की मांग की गई। दरोगा ने ठेकेदार को धमकाया कि पैसे नहीं दोगे तो चोरी की एक धारा और बढ़ा देंगे। इन सब बातों की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं दरोगा द्वारा घूस लेते वीडिओ वायरल होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।इस बावत थाना प्रभारी नसीराबाद पुलिस का कहना है। कि मामले की जांच सीओ सलोन द्वारा कराई जा रही है।जांचोपरांत कार्यवाही की जाएगी।

## नशे में धुत बस चालक का यात्रियों ने किया विरोध



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में रोडवेज बस चालक के नशे में धुत होकर बस चलाने पर यात्रियों ने किया हंगामा बस यात्रियों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी, मामला गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदई के पुरवा गांव के पास का है जहां किदवई नगर डिपो की सवारियों से भरी बस को ड्राइवर शराब के नशे में धुत चला रहा था, बस चालक पूरी बस को सड़क पर लहराते हुए बस चलाने से यात्रियों को ड्राइवर के ऊपर का कुछ शक हुआ जब नजदीक जाकर ड्राइवर से गलत ढंग से गाड़ी चलाने के लिए रोका तो देखा कि ड्राइवर शराब के नशे में धुत था जिस पर यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया और पुलिस को सूचना दे दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने नशे में धुत बस चालक से पूछताछ शुरू कर दी है।

# दो-तीन महीने पहले बनी हरचंदपुर वाया महराजगंज मार्ग दर्जनों जगह धंसी

▸ लोकसभा चुनाव में आखिर कैसे लगेगी नैय्या पार जब विकास होगा इस तरह

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जहां एक ओर रायबरेली लोकसभा चुनाव जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है और विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने यहां पर पिटारा खोल रखा है और लगातार चाहे वह सड़कों का जाल रहा हो चाहे वह अन्य विकास हो सरकार द्वारा लगातार विकास कार्य कराया जा रहे हैं लेकिन महराजगंज वाया हरचंदपुर सड़क को अभी महीने दो महीने बने हुए हैं लेकिन सड़क दर्जनों जगह धंस चुकी है कार्यदायी संस्था ने काम तो करवाया और सड़क भी बन गई लेकिन इस सड़क से क्या फायदा जो महीने भर में ही लगभग 10 जगह से ज्यादा सड़क धंस चुकी है जनता जनार्दन के भले के लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च करके बनवाई गई सड़क आखिर महीने दो महीने भी क्यों नहीं चल पाई यह इस समय क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा 400 पार की बात कही जा रही है वहीं अगर हम इस सड़क को देखें तो आखिर भारतीय जनता पार्टी 400 के पार कैसे जाएगी जब सड़क पर ठीक ढंग से कार्य नहीं होगा और सड़क 10 से ज्यादा जगह पर बैठ चुकी है आवा गमन के लिए लोगों को दिक्कत हो रही है जो हालात पहले थे वही हालात अभी भी बरकरार है केवल पब्लिक का खुश करने के लिए सड़क तो बनवा दी गई लेकिन उस सड़क से क्या फायदा जिसमे चलने में आज भी राहगीरों को दिक्कतें हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### नैतिकता के आधार पर ऊंचाहार विधायक को इस्तीफा देकर चुनाव लड़ना चाहिए : अतुल सिंह



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि ऊंचाहार विधायक जो बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं, इनके अंदर अगर थोड़ी भी नैतिकता है,तो समाजवादी पार्टी/विधानसभा से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ कर दिखाएं,इससे इनको पता चल जायेगा कि जनता किसके साथ थी ।ये समाजवादी पार्टी/अखिलेश यादव के नाम पर चुनाव जीते हैं ।ऊंचाहार की जनता ने समाजवादी पार्टी के नाम पर इनको वोट देकर अपने आपको ठगा महसूस कर रही है ।रायबरेली की जनता सिर्फ और सिर्फ सोनिया गाँधी जी,राहुल गाँधी जी व प्रियंका गाँधी जी के साथ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका गाँधी जी पांच लाख मतों से अधिक से चुनाव जीतेगा,क्योंकि रायबरेली का विकास सिर्फ गाँधी परिवार ने किया है।

### बाइक से गिरकर युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार गिरा गड्ढे में हालत गंभीर जिला रेफर ।कमलेश कुमार पुत्र बाबादीन उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम माझगावं गांव जमरावां किसी काम को लेकर महारजगंज आ रहा था कि सभी अचानक फायर स्टेशन पाली के पास बाइक से गिर गया जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे पिता-पुत्र की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। जबकि घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के रामनगर निवासी महेश अपने बेटे अनिल के साथ रिश्तेदारी में निमंत्रण पर गया था। रात में ही बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी रानी खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पिता पुत्र को कुचल दिया। घटना में दोनों की ही मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही एक साथ पिता पुत्र की मौत की घटना से स्थानीय निवासी दुखी है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, घटना करने वाले ट्रक व चालक की तलाश की जा रही है।

### मातम में बदली शादी की खुशियां, बारात आए युवक की मौत

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पूरी रात शादी की शहनाइयां बज रही थी, मंगलगीत गाती महिलाएं खुशी से झूम रही थी। हर तरफ उल्लास का माहौल था। अचानक ऐसा हुआ कि सारी खुशियां काफूर हो गई। गीत गाने वाली महिलाएं चीखने चिल्लाने लगी। इससे पहले कि कोई कुछ कर पाता बारात आए एक अधेड़ की मौत हो चुकी थी। सबकुछ इतना अचानक हुआ कि कोई कुछ समझ ही नहीं पाया। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव किरवाहार मजरे सांवापुर नेवादा का है। मंगलवार को गांव के राजकुमार लोधी की पुत्री रानी की शादी थी, जिसके लिए गदागंज थाना क्षेत्र के गांव चबैनीहार से बारात आई हुई थी। इस बारात में डलमऊ से राम जियावन आए थे। रात भर शादी की रस्मों के बीच नाच गाना होता रहा। बाराती भी शादी की खुशियों में झूम रहे थे। पूरी रात रस्में निभाई गई। प्रात:काल जब शादी संपन्न हो गई और महिलाएं मंगलगीत गा रही थी, तभी अचानक राम जियावन के सीने में दर्द हुआ। उन्होंने साथी बारातियों को अपनी पीड़ा बताई। तत्काल एक कार से उनको अस्पताल ले जाने की तैयारी हो रही थी कि उन्होंने दम तोड़ दिया। अचानक हुई अधेड़ की मौत से पूरा माहौल बदल गया। कुछ पल पहले जो महिलाएं मंगलगीत गा रही थी, वह रोने बिलखने लगी। पूरा खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। बारात की बैंड पार्टी खामोश हो गई। हर तरफ अफरा तफरी मच गई। उसके बाद शव को लेकर लोग मृतक के घर के लिए रवाना हो गए। अचानक घटी इस घटना से हर कोई हतप्रद था। शव को भेजने के बाद शादी की शेष बची रस्मों की औपचारिकता पूरी की गई। दोपहर वधू की बिदाई की रस्म भी हुई।

### मधुमक्खियों के हमले से महिला घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में मधुमक्खियों के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। कस्बा मियागंज के भूपतिखेड़ा गांव निवासी संजना 40 पत्नी संतोष खेत पर मवेशियों को चारा लेने के लिए गई थी तभी मधुमक्खियों ने उसपर हमला बोल दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

# सिपाही पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत दिनांक 6 मार्च 2024 को थाना महराजगंज पुलिस टीम द्वारा थाना महराजगंज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 92.2024 332 /333/ 353/ 504/ 506 भादवि के वांछित श्रीपाल पुत्र भभूति निवासी ग्राम फेरू सिंह का पुरवा मजरे पहरेमऊ थाना महराजगंज रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध थाना महराजगंज पर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया वहीं मुजरिम के पास से एक अदद लोहे की सरिया बरामद हुई कोतवाली क्षेत्र पूरे फेरू सिंह मजरे पहरेमऊ को महराजगंज कोतवाली में तैनात संदीप सिपाही द्वारा श्रीपाल को समन दिया जाना था जो भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित था वही समन देने गई पुलिस टीम पर श्रीपाल ने लोहे के राड से हमला कर दिया जिसमें सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं सिपाही की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत करते हुए श्रीपाल को गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# बछरावां के गांधी का मनाया गया अवतरण दिवस

▸ मुंशी चन्द्रिका प्रसाद जैसे महापुरुष ही राष्ट्र और समाज को आगे ले जाते हैं : बृजेंद्र प्रसाद शर्मा

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां के संस्थापक मुंशी चन्द्रिका प्रसाद गुरुजी का जन्मदिन महाविद्यालय के चन्द्रिका उद्यान में चन्द्रिका प्रसाद गुरु जी की आदमकद प्रतिमा के माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बछरावां कोतवाली के प्रभारी बृजेंद्र प्रसाद शर्मा थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मुंशी चन्द्रिका प्रसाद गुरु जी जैसे महापुरुष ही राष्ट्र और समाज को आगे ले जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने आये हुई अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक मुंशी चन्द्रिका प्रसाद गुरु जी शैक्षिक जगत के पुरोधा राष्ट्रभक्त कर्मयोगी तपस्वी और महामानव थे।

उत्कर्ष पब्लिक स्कूल के संस्थापक बी के अवस्थी ने गुरुजी के बछरावां क्षेत्र के योगदान को याद किया। समाजसेवी व्यवसायी सौर्यमंडल शुक्ला ने चन्द्रिका प्रसाद गुरु जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। बछरावां व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सागर ने अपने बचपन में गुरु जी के साथ बिताये हुए पलों को साझा किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत डॉ0 शिवाकांत शुक्ला, डॉ0 जितेन्द्र नारायण मिश्रा, लवपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर बीएड और एमएड के सर्वोच्च अंक प्राप्त हर्षित तिवारी एवं प्रसन्नजीत श्रीवास्तव को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विनीता श्रीवास्तव, कमल सिंह राजेश यादव, सुब्रत सक्सेना सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहेद्य महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया।

# सांसद स्मृति ईरानी ने खेलकूद-मैराथन प्रतियोगिता की विजेताओं को किया सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने बुधवार को रायबरेली के सलोन विधानसभा क्षेत्र में महिला खेलकूद और मैराथन के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के कुनबे में इज़ाफ़ा करते हुए पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राहुल देव सिंह को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि जो 50 साल में नहीं हुआ। वह पांच सालों में हमने कर दिखाया। इशारों-इशारों में राहुल गांधी पर उन्होंने निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की एक कविता सुनाई। उन्होंने कहा आहुति बाकी, यज्ञ अधूरा, अपनों के विघ्नों ने घेरा, अंतिम जय का वज्र बनाने, नव दधीचि हड्डियां गलाएं। आओ फिर से दिया जलाएं।

**व्यंग्य के जरिए राहुल गांधी पर कसा तंज :-** कविता सुनाते हुए उन्होंने कहा कि कविता का मतलब शायद उस 'राहुल' को ना समझ में आए लेकिन इस राहुल को जरूर समझ में आएगा। उन्होंने यह कहा कि पहली बार स्मृति ईरानी और राहुल ने मंच साझा किया है। उस वाले 'राहुल' ने तो नहीं किया लेकिन इस वाले राहुल ने मंच साझा किया है। दरअसल कांग्रेस के सलोन ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष राहुल देव सिंह ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हम नाम होने के कारण स्मृति ईरानी राहुल देव के जरिए राहुल गाँधी पर व्यंग्य कसती हुई दिखाई दी। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं ने आज संसद महिला खेल प्रतियोगिता में भाग लिया है। उन सभी ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। मेरे संसदीय क्षेत्र से एक लाख 30 हजार 255 बहनों ने अपनी प्रतिभा को राष्ट्र के प्रति प्रदर्शित किया है जो बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि संसद महिला खेल प्रतियोगिता में 30 से 50 वर्ष की आयु की बहनों ने प्रतिभाग किया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं ने साड़ी पहनकर ही कई किलोमीटर तक दौड़ लगायी। इसका मतलब यह है कि महिलाएं किसी से पीछे नहीं है।

### केंद्रीय मंत्री ने 26 सड़कों का किया शिलान्यास

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री एवं सांसद अमेठी स्मृति जुबिन ईरानी का आगमन सलोन में हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना तथा लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विधानसभा सलोन में 26 सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने सलोन विधायक अशोक कोरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही यह सब संभव हो सका है। सड़कों के बन जाने से लोगों को आवागमन की सुविधा होगी साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत कन्याओं को वितरित किए पासबुक

इस अवसर पर उनके द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत सलोन विधानसभा की जिन कन्याओं के खाते खोले गए हैं उनमें से पांच को अपने हाथों से पासबुक देकर उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा की सरकार की यह योजना है कि प्रत्येक कन्या पढ़े और बढे। जिससे न केवल परिवार अपितु समाज, राज्य और देश का मान बढ़े।

### अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग से उसके नीचे रखी हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई, सूचना पर पहुंचकर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा नुकसान का आकलन किया गया है। मामला क्षेत्र के हरबन्धनपुर मजरे जब्बारीपुर गाँव का है, जहां गाँव निवासी अखिलेश कुमार के घर के बाहर रखे छप्पर में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जब तक आसपास मौजूद लोगों द्वारा आग पर काबू पाया जाता, तब तक उसके नीचे रखे, कपड़े, बिस्तर व अनाज आदि हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई।सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अज तिवारी ने नुकसान का आकलन किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम को महिलाओं ने एलईडी स्क्रीन पर देखा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को स्क्रीन पर दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत हमारे भारत देश मे मातृ शक्तियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई।

वही ब्लॉक सभागार महराजगंज में एलईडी स्क्रीन पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर रामलाल अकेला रहे वही नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बड़ी मात्रा में महिलाएं शामिल हुई जिनमें समूह सखी बीसी सखी एवं ग्राम पंचायत में तथा अन्य क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली महिलाएं शामिल हुई और उन्होंने एलईडी स्क्रीन पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को देखा और समझा। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह महराजगंज मंडल अध्यक्ष भाजपा विवेक पांडे भाजपा नेता सरोज गौतम सहित बड़ी मात्रा में महिलाएं मौजूद रही।

### अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से भिड़ा, चालक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे यहां के सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफ्र किया गया। राजस्थान प्रांत के जनपद अजमेर अंतर्गत थाना मसूदा के गांव वेयावर निवासी ट्रक चालक सुखदेव पुत्र भगवत गुजरात के मोराबी से ट्रक पर टाइल लादकर लखनऊ जा रहा था। रास्ते में बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत ग्राम रसूलपुर के निकट आगरा एक्सप्रेस-वे पर चालक को अचानक झपकी आने से अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में चालक सुखदेव को गंभीर चोटें आई। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने उसे यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां के चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया।



### संगीतमय गायत्री यज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर धाम परिसर में महाशिवरात्रि तक चलने वाले कार्यक्रमों में रात्रि में कृष्ण चरित्र व दिन में रामलीला, महामृत्युंजय गायत्री संगीतमय यज्ञ का आयोजन आमजन के सहयोग से बड़ी धूमधाम से हो रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृंदावन से पधारे ब्रजरास लीला व रामलीला मंडल द्वारा पांचवे दिन मंगलवार रात्रि में श्रीकृष्ण लीला में रास रचाने के बाद खाटूश्याम लीला का संजीव मंचन दिखाया गया। हास्य कलाकार ने भी मंचन में अपनी कलाकारी से सबको खूब हंसाया। बुधवार को दिन की रामलीला में राम जन्म का मंचन किया गया। सजीव मंचन देख लोगो ने जय जय श्रीराम के जयकारे लगाए। गायत्री तपोवन हरिद्वार से आई यज्ञ टोली ने नौ कुंडीय श्री महामृत्युन्जय यज्ञ की शुरुआत 33 कोटि देवताओं के आवाहन के साथ की जिसमें नामकरण, विद्याारंभ, दीक्षा आदि संस्कार संपन्न हुए। इसके बाद सभी जातियों के लोग शामिल होकर आहुतियां प्रदान कर विश्व के कल्याण की कामना की। शाम को पावन संगीतमय शिवप्रज्ञा पुराण की कथा सुन लोग बाबा बलखंडेश्वर धाम की जय जयकार करने लगे। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर भक्तिमय आयोजनों का आनंद व प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# जर्जर सड़क मार्गो का जल्द से जल्द हो सुधार : सांसद

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

▸ जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न



विकास भवन सभागार में सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की अध्यक्षता व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में सांसद द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण/शहरी पेयजल कार्यक्रम, जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर नल-हर घर जल, मिड-डे मील एवं सर्व शिक्षा अभियान, कौशल विकास, बाल विकास, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, समेकित विद्युत विकास योजना, ग्रामीण एवं शहरी आवास, ग्रामीण रोजगार, कृषि एवं सिंचाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गौवंश संरक्षण, राष्ट्रीय रूर्बन मिशन, उज्जवला, खाद्य सुरक्षा, रोजगार सृजन, क्षेत्र विकास निधि, गड्ढामुक्ति व पैच मरम्मत, नहरों की सिल्ट सफाई, कूड़ा निस्तारण, औद्योगिक प्रदूषण, विद्युत व्यवस्था, पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, अमृत योजनांतर्गत पार्क निर्माण व तलाबों का सुन्दरीकरण आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस अवसर पर योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों का निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सम्मान करें तथा उनके द्वारा प्रेषित की गयी शिकायतों का तुरन्त संज्ञान लें और कृत कार्यवाही से जन प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में कई सड़कों/मार्गों की स्थिति अत्यन्त खराब है, जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, इनका जल्द से जल्द सुधार किया जाए, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि कोई भी अन्ना पशु खुले में या सड़क पर नहीं दिखना चाहिए। सभी पशुओं को स्थानीय स्तर पर संचालित गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए। जनपद में पशुओं के अवैध कटान को प्रतिबन्धित किया जाए अन्यथा इस कार्य में संलिप्त अधिकारी व कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही होगी।

यह भी कहा कि अन्ना पशु जनपद की सबसे बड़ी समस्या है, इसके लिए आवश्यक योजना बनाकर शत-प्रतिशत गौवंश को गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित करे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र पर डाक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का प्रयास किया जाए। फसल बीमा को लेकर उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि असमय बारिश से प्रभावित हुए सभी ग्रामों में फसल नुकसान का वास्तविक सर्वे कराकर प्रत्येक किसान के नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में जो भी गरीब 30-40 साल से किसी भी स्थान पर बसा हुआ है, उसका घर कदापि न उजाड़ा जाए। अपरिहार्य स्थिति में पहले उसके रहने की व्यवस्था की जाए तभी प्रतिस्थापन की कार्यवाही की जाए। सरकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिले, यह सुनिश्चित कराया जाए। जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना का कार्य बहुत ही मंद है, जिलाधिकारी स्वयं इस योजना की मॉनिटरिंग करें ताकि समय से योजना पूर्ण हो सके। बैठक में जन प्रतिनिधियों द्वारा सदन में जामिंग व यातायात की समस्या, उन्नाव व लखनऊ के बीच स्टेट हाईवे पर रोड लाईटों का न जलना, लोकनगर रेल क्रॉसिंग की समस्या, कृष्णा नगर, पौराणिक पक्का तालाब व मन्दिर का पुनरोद्धार, मौरावा-मोहनलालगंज पर स्थित जबरैला पुल का चौड़ीकरण, युवाओं के शारीरिक विकास के लिए जिम आदि समस्याएं व सुझाव रखे गए। इनको लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जन प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सदन में जनपद से संबंधित जो भी समस्याएं उठायी गयीं हैं या जो भी सुझाव प्रेषित किए गए है उनका संज्ञान लिया जाएगा और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में विधायक बॉगरमऊ श्रीकान्त कटियार, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक पुरवा अनिल सिंह, विधायक सदर पंकज गुप्ता, एमएलसी अरूण पाठक, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरूण सिंह, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचन्द्र सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.क्षे. हसनगंज, उन्नाव

पत्रांक- /बी.आर.सी./जर्जर भवन नीलामी/2023-24 दिनांक- 06.03.2024

### प्रेस विज्ञप्ति

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के पत्रांक-नि.का./ स.शि./ जर्जर/ 2607/ 2021-22 दिनांक 24.08.2021 एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद उन्नाव के पत्रांक-समग्र शिक्षा/ नि.का./34602-06/2023-24 दिनांक 02.03.2024 के क्रम में वि.क्षेत्र हसनगंज,जनपद उन्नाव के निम्नवत् विद्यालयों के नाम के सम्मुख अंकित तिथि व समय को सम्बन्धित विद्यालय प्रांगण में गठित कमेटी के समक्ष की जायेगी।

| क्र.सं. | नाम विद्यालय | आंगणित मूल्य (रू.) में | नीलामी की प्रस्तावित तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उ.प्रा.वि. मोहान (कम्पो. 1-8) | 1,03,712 | 15.03.2024 | 11 बजे |
| 2. | प्रा.वि. बीवीपुर | 71,237 | 15.03.2024 | 01 बजे |

इच्छुक व्यक्ति जर्जर भवन का स्थानीय अवलोकन कर उसके आंगणित मूल्य का 10 प्रतिशत धनराशि नियमानुसार सम्बन्धित विद्यालय में जमा करके नीलामी प्रक्रिया से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्यदिवस में बी.आर.सी.- हसनगंज/सम्बन्धित विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं सम्बन्धित विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी नियम/शर्तें चस्पा है जिसका अनुपालन क्रेता हेतु बाध्यकारी है। किसी भी कारण नीलामी निर्धारित तिथि में निरस्त हो जाती है तो अग्रवर्ती कार्यदिवस में नीलामी की जायेगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
हसनगंज, उन्नाव

## सांसद भी कानून की जद में

सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय देकर सांसदों व विधायकों के सदन के भीतर वोट देने या वक्तव्य देने के लिए रिश्वत लेने को अपराध की श्रेणी में डाल कर साफकर दिया है कि इन सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों का अर्थ बाजाब्ता जुर्म से उनका बरी होना नहीं है। संसद सदस्यों व विधायकों को जो विशेषाधिकार प्राप्त हैं वे सदन के भीतर बिना किसी खौफया खतरे के अपने विचार व्यक्त करने के लिए होते हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों को ये विशेषाधिकार सदनों के भीतर बिना किसी डर या लालच के जनता की आवाज और समस्याएं सरकार तक पहुंचाने के लिए दिये थे। ये अधिकार सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के हर निर्वाचित प्रतिनिधि के पास बराबर रूप से होते हैं और सदन में कहे गये किसी भी कथन के लिए उन पर देश की किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलता। उनके सभी कार्यों के समीक्षक सदन के अध्यक्ष होते हैं जो कि सदन की कार्यवाही के संरक्षक होते हैं परन्तु रिश्वत जैसे आपराधिक कृत्य से किसी सदस्य को छूट नहीं मिल सकती। मोटे तौर पर देखा जाये तो यह संसद या विधानसभा के भीतर धन के बूते या लालच के एवज में विशेषाधिकारों का गलत उपयोग ही कहलायेगा। यदि कोई सांसद किसी भी सत्ता पर काबिज सरकार को बनाने या गिराने के लिए किसी तीसरे पक्ष से किसी भी प्रकार की रिश्वत लेता है तो यह घनघोर अपराध की श्रेणी में आता है और भ्रष्टाचार निरोधक कानून इस पर लागू होता है। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संसद और विधानसभाएं ही अपने अधिकार क्षेत्र में कानून बनाती हैं मगर जब इनके सदस्य ही सदन के भीतर वोट देने या कोई वक्तव्य देने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं तो उन्हें उनके ही बनाये गये कानूनों से छूट किस प्रकार मिल सकती है? मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित संविधान पीठ ने इस सन्दर्भ में 1998 में इसी न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि रिश्वत लेना विशेषाधिकारों के क्षेत्र से बाहर का मामला है जबकि 1998 में न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने इसे विशेषाधिकारों के क्षेत्र में रखते हुए निर्णय दिया था कि सदन के भीतर किये गये कार्यों के लिए सदस्यों को विशेषाधिकारों का संरक्षण प्राप्त होता है। सभी सात न्यायमूर्तियों ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विशेषाधिकारों का सृजन सदनों की कार्यवाहियों को निरापद ढंग से चलाने के लिए किया गया था न कि आपराधिक गतिविधियों की अनदेखी करने के लिए। भ्रष्टाचार या रिश्वत एक अपराध है जिसे सदन के भीतर या बाहर एक दृष्टि से देखना होगा। गौर से देखा जाये तो सांसदों को 1998 में सदन के भीतर रिश्वत लेकर वोट देने के मामले में जिस तरह भ्रष्टाचार निरोधक कानून से छूट दी गई थी वह प्राकृतिक रूप से गलत था। तब मामला यह था कि 1996 में स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जो कांग्रेस सरकार गठित हुई थी उसे लोकसभा के भीतर पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं था। सदन में लाये गये विश्वास मत का सामना करने के लिए उसे दूसरे दलों के सदस्यों की जरूरत थी। बहुमत जुटाने के लिए तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को रिश्वत रूप में खासा धन दिया गया। यह मामला अदालत में गया और तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव मुल्जिम बनाये गये। निचली अदालत में उन पर आरोप पत्र दाखिल हो गया और उन्हें अपनी जमानत करानी पड़ी। इस अदालत से उन्हें सजा भी हुई। यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तो तब के विद्वान न्यायाधीशों ने इसे संसद के भीतर का मामला बता कर विशेषाधिकारों का हिस्सा बता दिया।

**यूक्रेन-रूस युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था। इस साल 15 फरवरी तक, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त (यूएनएचसीएचआर) के कार्यालय ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के दौरान कुल 30,457 नागरिक हताहतों की पुष्टि की। इनमें से 19,875 के घायल होने की खबर है। लगभग 37 लाख यूक्रेनियन आंतरिक रूप से विस्थापित हुए। वैश्विक स्तर पर यूक्रेन से लगभग 65 लाख शरणार्थी दर्ज किये गये हैं। 2024 में लगभग 146लाख लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। गाजा में, पिछले साल 7अक्टूबर से इजरायली हमलों में कम से कम 29,782 लोग मारे गये हैं और 70,043 घायल हुए हैं। इजरायल में मरने वालों की संशोधित संख्या 1,139 है। युद्ध जारी है। गाजा स्थित फिलिस्तीनी, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।**

# संयुक्त राष्ट्र की विश्व में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में विफलता

**नन्तु बनर्जी**



**अफगानिस्तान में, 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद से लगभग 150,000 नागरिक हताहत दर्ज किये गये हैं। लगभग 283 लाख लोगों को अफगानिस्तान में मानवीय सहायता की आवश्यकता है। चाड और लेक चाडबेसिन में अंतर-सांप्रदायिक संघर्ष लगभग 15 वर्षों से चल रहा है। कांगो में संघर्ष ने अब तक 264 लाख लोगों को प्रभावित किया है जिन्हें मानवीय सहायता की सख्त जरूरत है। सोमालिया में हिंसा और क्रूरता, दक्षिण सूडान में जातीय सफाया और सूडान में अंतर-सांप्रदायिक संघर्ष ने लाखों लोगों को अत्यधिक संकट में डाल दिया है।**

पिछले वर्ष से चल रहे दो विनाशकारी युद्धों - एक यूक्रेन में और दूसरा गाजा पट्टी-में अब तक हजारों नागरिक मारे गये और घायल हुए हैं। कम से कम 10 अन्य देश और क्षेत्र हैं जहां गृह युद्ध, सशस्त्र हिंसा और आतंकवादी हमले वर्षों और यहां तक कि दशकों से मानवीय आपदाओं का कारण बन रहे हैं। इनमें अफगानिस्तान, बर्किनाफासो और साहेल, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड और लेक चाडबेसिन, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, सीरिया और यमनीहौथी विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित लाल सागर शामिल हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था। इस साल 15 फरवरी तक, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त (यूएनएचसीएचआर) के कार्यालय ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के दौरान कुल 30,457 नागरिक हताहतों की पुष्टि की। इनमें से 19,875 के घायल होने की खबर है। लगभग 37 लाख यूक्रेनियन आंतरिक रूप से विस्थापित हुए। वैश्विक स्तर पर यूक्रेन से लगभग 65 लाख शरणार्थी दर्ज किये गये हैं। 2024 में लगभग 146लाख लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। गाजा में, पिछले साल 7अक्टूबर से इजरायली हमलों में कम से कम 29,782 लोग मारे गये हैं और 70,043 घायल हुए हैं। इजरायल में मरने वालों की संशोधित संख्या 1,139 है। युद्ध जारी है। गाजा स्थित फिलिस्तीनी, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं, लगभग हर दिन बड़ी संख्या में मर रहे हैं। अब तक, इजरायल और फिलिस्तीन के दोस्तों द्वारा दोनों पक्षों पर इस अविवेकपूर्ण युद्ध को समाप्त करने के लिए बहुत कम दबाव डाला गया है।

इस दौरान संयुक्त राष्ट्र, अपनी सर्वशक्तिमान सुरक्षा परिषद सहित, यूक्रेन और गाजा में युद्ध को रोकने और दो राजनीतिक रूप से विस्फोटक क्षेत्रों में शांति और मानव सुरक्षा स्थापित करने में पूरी तरह से अप्रभावी साबित हुआ है। यूक्रेन में, अमेरिका और उसके सहयोगी वास्तव में पूर्वी यूरोपीय राष्ट्र के लोगों की अंतहीन पीड़ा को बढ़ाते हुए बड़े पैमाने पर हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान करके युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले हफ्ते फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएलमैक्रॉन ने देश को रूस के खिलाफ युद्ध लड़ने में मदद करने के लिए यूक्रेन में यूरोपीय सैनिकों को भेजने की संभावना पर खुले तौर पर चर्चा की, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में देखे गये सबसे बड़े जमीनी युद्ध के बड़े पैमाने पर बढ़ने की धमकी दी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकार को चुनौती दी। यूरोप में परमाणु युद्ध की आशंका पर रूस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी है। फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से एक है। एक तरह से, राष्ट्रपति मैक्रॉन के सार्वजनिक गुस्से ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र के अधिकार को कमजोर कर दिया।

अफगानिस्तान में, 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद से लगभग 150,000 नागरिक हताहत दर्ज किये गये हैं। लगभग 283 लाख लोगों को अफगानिस्तान में मानवीय सहायता की आवश्यकता है। चाड और लेक चाडबेसिन में अंतर-सांप्रदायिक संघर्ष लगभग 15 वर्षों से चल रहा है। कांगो में संघर्ष ने अब तक 264 लाख लोगों को प्रभावित किया है जिन्हें मानवीय सहायता की सख्त जरूरत है। सोमालिया में हिंसा और क्रूरता, दक्षिण सूडान में जातीय सफाया और सूडान में अंतर-सांप्रदायिक संघर्ष ने लाखों लोगों को अत्यधिक संकट में डाल दिया है। सीरिया दुनिया के सबसे बुरी तरह प्रभावित देशों में से एक है जो बाहरी शक्तियों द्वारा समर्थित हिंसा में फंसा हुआ है। कथित तौर पर ईरान समर्थित यमनीहौथी समुद्री डाकुओं द्वारा नियंत्रित लाल सागर में, 10 खरब डॉलर का वार्षिक वैश्विक समुद्री व्यापार गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। सूची में उल्लिखित सभी देश संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं।

फिर भी, संयुक्त राष्ट्र क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने में मदद करने के लिए, अगर बेपरवाह नहीं तो, पूरी तरह से अप्रभावी है। संयुक्त राष्ट्र की असहाय स्थिति और दो प्रतिद्वंद्वी समूहों (एक अमेरिका के अधीन और दूसरा रूस-चीन गठबंधन के तहत) के नेतृत्व में इसकी पांच सदस्यीय सुरक्षा परिषद तेजी से एक ऐसी स्थिति पैदा कर रही है जिसे दुनिया ने 1930 के दशक में राष्ट्रों के लीग के तहत देखा था। लीग पहला विश्वव्यापी अंतर-सरकारी संगठन था जिसका मुख्य मिशन विश्व शांति बनाये रखना था। प्रथम विश्व युद्ध के अंत में विजयी मित्र शक्तियों की पहल पर 10 जनवरी, 1920 को राष्ट्र संघ की स्थापना की गयी थी। राष्ट्र संघ आक्रामक राष्ट्रों के रूप में विफल रहा - साथ ही फ्रांस और ब्रिटेन जैसे इसके शक्तिशाली स्थायी सदस्यों ने भी विश्व निकाय के अधिकार को कमजोर कर दिया। शुरुआती चरण में जर्मनी के हिटलर को खुश करने के अपने प्रयासों में फ्रांस और ब्रिटेन ने भी लीग को नजरअंदाज कर दिया, जिसके कारण संभवतरू 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया। 1937 तक, लीग पूरी तरह से बेकार संस्था बन गयी। 19 अप्रैल, 1946 को इसे औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। फिलहाल, संयुक्त राष्ट्र की सदस्य-सरकारों के बीच विश्वास टूटने की स्थिति में पहुंचता दिख रहा है। कई देश महत्वपूर्ण अंतर-सरकारी मुद्दों को हल करने या नया स्वरूप देने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर भरोसा नहीं करते हैं। चीन विश्व व्यवस्था स्थापित करने में मदद करने के लिए अमेरिका की वैधता पर गंभीरता से सवाल उठा रहा है। नये अंतर सरकारी निकाय जैसे ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका समूह) क्वाड, जिसमें अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया हैं) अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया रणनीतिक सहयोगय औकस (ऑस्ट्रेलिया-यूके-अमेरिका रणनीतिक समझौता) और बीजिंग की अपनी अरबों डॉलर की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) या वैश्विक स्तर पर चीनी मार्शल योजना अब तक लगभग 60 देशों का प्रभुत्व जैसे संगठन संयुक्त राष्ट्र के घटते अधिकार के लिए एक नयी चुनौती हैं।

**विचार**

# रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प

**डीजे नारायण**

भारत में रेलवे स्टेशन देश के लगभग हर व्यक्ति की यादों का अभिन्न हिस्सा रहा है। वे देश के बुनियादी ढांचे और परिवहन के साधन केवल यात्रा लॉजिस्टिक्स् के गौरव का महत्वपूर्ण संकेत हैं, बल्कि देश की वास्तुकला संबंधी तस्वीर का परिदृश्य दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व भी हैं। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है।

जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केन्द्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। मिशन ने पहले ही आश्चर्यजनक परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। ये आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन एक ऐसे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न केवल तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था भी बना रहा है जो अपने नागरिकों की परवाह करती है। भारतीय रेलवे का अनुभव करने का अर्थ है, भारत को एक राष्ट्र के रूप में भी अनुभव करना। आधुनिकीकरण के नाम पर, 2014 से पहले, यात्री सुविधाओं में सुधार और बहुत कम दृश्यता वाले व्यस्त रेलवे स्टेशनों के आगे के हिस्से को बेहतर बनाने के लिए छिटपुट प्रयास किए जाते रहे। 2014 के बाद, पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास रेल मंत्रालय का प्रमुख एजेंडा बन गया। इस एजेंडे को अब सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। गुजरात में गांधी नगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यह पहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया।

बाद में, इसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था) भारतीय रेलवे का पहला रेलवे स्टेशन था जिसे पुनर्विकसित किया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लगभग 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई को पुनर्विकसित करने की मंजूरी दी। केन्द्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को %अमृत भारत स्टेशन% के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी।

**बाद में, इसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था) भारतीय रेलवे का पहला रेलवे स्टेशन था जिसे पुनर्विकसित किया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लगभग 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई को पुनर्विकसित करने की मंजूरी दी। केन्द्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी।**

24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें अन्य के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं। आज जो परिणाम देखे जा रहे हैं, वे विशेष रूप से 2019 के बाद से किए जा रहे प्रयासों और प्रबंधन पहलों का परिणाम हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ÷हमारे प्रधानमंत्री के पास स्टेशन पुनर्विकास के लिए व्यापक दूरदर्शिता है। जब हम मूल डिजाइन के साथ गए, तो उन्होंने डिजाइन को मंजूरी नहीं दी। उन्होंने हमसे 50 साल आगे के लिए स्टेशनों को डिजाइन करने को कहा।

इसलिए, हमने दोबारा से डिजाइन तैयार किया और फिर निर्माण शुरू किया। आज हम दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम कर रहे हैं। 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है÷। रेलवे स्टेशनों के विकास/पुनर्विकास की प्रकृति जटिल है, जिसमें यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा शामिल है और इसके लिए दमकल की मंजूरी, विरासत, पेड़ काटने, हवाई अड्डे की मंजूरी आदि जैसी विभिन्न वैधानिक मंजूरियों की आवश्यकता होती है। छोड़ी हुई भूमि से संबंधित चुनौतियों जैसे जनोपयोगी वस्तुओं के स्थानांतरण, अतिक्रमण, यात्रियों की आवाजाही में बाधा डाले बिना ट्रेनों के संचालन, उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट किए जा रहे कार्यों की वजह से प्रतिबंध के कारण भी प्रगति प्रभावित होती है।

स्टेशन विकास कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों की आवश्यक मंजूरी के लिए शहरी/स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों, विशेषज्ञों, अधिकारियों के साथ व्यापक परामर्श किया जा रहा है। 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण एक बहुत बड़ा काम है और गति एवं पैमाने के साथ इन स्टेशनों के वैज्ञानिक पुनर्विकास के पीछे एक सर्व-समावेशी गहन प्रक्रिया चल रही है। टेंडर जारी करने से पहले विभिन्न स्तरों पर चर्चा के साथ समग्र रूप से डिजाइनिंग की गई है। इसके अलावा, एक मानक निविदा दस्तावेज तैयार किया गया और सभी के साथ साझा किया गया ताकि एक निश्चित समय पर काम पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय रेलवे ने पुनर्विकास कार्य हरसंभव तरीके से बेहतर करने के लिए भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम का विलय कर दिया। सभी प्रभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपयुक्त उपयोग के लिए विभिन्न शीर्ष क्षेत्र विशेषज्ञों, आर्किटेक्ट्स, और पाइलिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध किया गया।

# नेपाल में भी हुआ खेला

**आदित्य नारायण**

दुनिया में आमतौर पर दो पड़ोसी देशों के बीच रिश्ते व्यावसायिक और कूटनीतिक होते हैं। सीमाएं जुड़ी हुई होती हैं लेकिन भारत और नेपाल के बीच संबंध इन सबसे अलग हैं। दोनों देशों के संबंध इसलिए नहीं हैं कि इनकी सीमाएं जुड़ी हुई हैं बल्कि यह संबंध दोनों देशों के लोगों से जुड़े हुए हैं। भारत और नेपाल की धार्मिक, सांस्कृतिक और खानपान की साझा विरासत इतनी मजबूत है कि संबंधों में कई बार खटास आने के बावजूद लोगों से सीधे जुड़े होने के कारण वह सुलझ भी जाते हैं। भारत की अति महत्वपूर्ण उत्तरी सीमा से सटा नेपाल सामरिक दृष्टि से भी बेहद अहम है।

चीन की सीमा भी नेपाल से लगती है इसलिए नेपाल के हर राजनीतिक घटनाक्रम का प्रभाव भारत पर पड़ता है। नेपाल की राजनीति में भी अब बड़ा खेला हो गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कुछ घंटों में ही नेपाली कांग्रेस से गठबंधन तोड़ चीन समर्थक के.पी. शर्मा ओली की पार्टी के साथ गठबंधन कायम कर दुबारा सरकार बना ली है और अपनी प्रधानमंत्री पद की कुर्सी बरकरार रखी है। नेपाली कांग्रेस को भारत समर्थक माना जाता है। नेपाली कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देऊबा का झुकाव हमेशा भारत की तरफ ही रहा है। प्रचंड ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह विपक्षी पार्टी के साथ सांठगांठ कर सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस को सरकार से दूर कर दिया है। इसके साथ ही मालदीव के बाद अब पड़ोसी देश नेपाल में भी चीन समर्थक सरकार आ गई है। 15 महीनों से सीपीएन और नेपाली कांग्रेस गठबंधन की सरकार चल रही थी लेकिन दोनों में लगातार अविश्वास पनप रहा था। अब नेपाल में पूर्ण रूप से वामपंथी सरकार बन गई है। पहले प्रचंड और के.पी. शर्मा ओली एक ही पार्टी में थे लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी में टूट के बाद दोनों की राह अलग हो गई थी।

नेपाल में हुई सशस्त्र क्रांघ्ति में माओवादी प्रचंड की भूमिका बहुत बड़ी रही है। कभी नेपाल को दुनिया का एकमात्र हिन्दू देश कहा जाता था और वहां राजा की पूजा हिन्दू देवी-देवताओं की तरह होती थी। यहां के नागरिकों ने संघर्ष करके राजतंत्र का खात्मा तो कर घ्दिया लेकिन उसके बाद जो लोकतंत्र स्थापित हुआ उसकी जड़ें इतनी कमजोर रहीं कि नेपाल में एक के बाद एक प्रधानमंत्री बदलते गए। स्थिर सरकारें स्थापित हो ही नहीं पाई। संविधान गढ़ने में संविधान सभा की विफलता के बाद भले ही नया संविधान अपनाया गया लेकिन सरकारें घ्बिना संविधान के ही चलती रहीं। अब क्योंघ्कि नेपाल सरकार में चीन के पालतू के.पी. शर्मा ओली की एंट्री हो चुकी है इसलिए नेपाल के भारत के साथ रिश्तों पर प्रभाव पड़ने की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। नेपाल में के.पी. शर्मा ओली 2018 से मई 2021 के बीच प्रधानमंत्री थे। प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अपने चीनी पक्षपाती फैसलों और भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने वाले बयानों के लिए मशहूर था। उनके कार्यकाल के दौरान 2020 में भारत और नेपाल के बीच सीमा को लेकर एक विवाद सामने आया था। ओली सरकार ने भारत के एक हिस्से को अपना दिखाते हुए नया नक्शा जारी किया था, जिसका भारत ने आधिकारिक तौर पर विरोध किया था।

नेपाल में तब संसद ने नए नक्शे को अप्रूव कर दिया था। अपने कार्यकाल में ओली ने 1950 की भारत-नेपाल मैत्री संधि को संशोधित करने का भी समर्थन किया था। नवंबर में भी वह चुनाव प्रचार के दौरान सीमा विवाद का जिक्र करते रहे। 2020 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान के.पी. शर्मा ओली ने आरोप लगाए थे कि काठमांडो और नई दिल्ली में उन्हें हटाने की साजिश रची जा रही है। प्रचंड भी कई बार भारत विरोधी बयान दे चुके हैं। उन्होंने ये तक कहा दिया था कि भारत और नेपाल के बीच जो भी समझौते हुए हैं उन्हें खत्म कर देना चाहिए। 2016-2017 में भी प्रचंड के हाथ में सरकार की कमान रही।



# राशिफल

मेषः- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

बृषभः- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

मिथुनः- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्कः- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंहः- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

कन्याः- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

तुलाः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिकः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

धनुः- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकरः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कुंभः- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर

# लैंगिक समानता की बातें तो बड़ी-बड़ी होती हैं, हकीकत कुछ और ही

**डॉ. नीलम महेंद्र**



ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता।

यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ-साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानियां भी थीं जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं।

**यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# सीएम ने सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक का किया लोकार्पण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के अन्तर्गत बेहतर चिकित्सकीय सुविधायें मुहैया कराने के लिए करीब 500 करोड की लागत से बन रहे 500 बेड्ेड सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ ने किया।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रभात कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। लोकार्पण के पश्चात् उन्होंने विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में नवनियुक्त कर्मिकों को नियुक्ति पत्र देने के साथ स्टूडेन्ट्स, फैकेल्टी मेम्बरस् एवं कर्मचारियों को संबोधित भी किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालय के चिकित्सकीय सेवाओं की सराहना की तथा कहा कि सुपर स्पेशलिटी ब्लाक बन जाने से चिकित्सा विश्वविद्यालय में नेफ्रो, कार्डियो, न्यूरो, गैस्ट्रो, आंको आदि के विशेषज्ञ चिकित्सक व सर्जन इलाज के लिए मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही आने वाले समय में अधिकांश सुपर स्पेशलिटी विषयों की पढ़ाई एवं शोध भी शुरू हो जायेगा। सुपर स्पेशलिटी ब्लाक के बन जाने से इटावा तथा आस-पास के जिलों तथा निकटवर्ती प्रदेशों के गंभीर रोगों से पीडित मरीजों का इलाज समय से शुरू हो सकेगा तथा ऐसे मरीजों को बडे शहरों की ओर इलाज के लिए नहीं दौड़ना पड़ेगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कालेज बनाने का लक्ष्य अपने अन्तिम चरण में हैं जिसमे लगभग 65 जिलों में इलाज तथा शिक्षण कार्य शुरू हो चुका है तथा बाकी बचे जिलों में भी जल्दी शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा को भी गुणवत्तापूर्ण बनाने का है। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड का लाभ लेकर देश तथा प्रदेश में बड़ी संख्या में मरीज इलाज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी 5 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिल रहा है तथा इसे बढाना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि 500 बेड्ेड सुपर स्पेशलिटी ब्लाक में अभी 16 सुपर स्पेशलिटी विभाग के अलावा अन्य जरूरी एलाइड सुविधाओं की शुरूआत होगी। इसके प्रमुख विभागों में न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, कार्डियो वैस्कुलर थोरोसिक सर्जरी (सीवीटीएस), प्लास्टिक सर्जरी, आंकोसर्जरी (कैंसर सर्जरी), पीडियाट्रिक सर्जरी, यूरोलाजी, यूरोसर्जरी, कार्डियोलाजी, रेडियोथैरेपी, रेडियो डायग्नोसिस, रेडिएशन आंकोलाजी, गैस्ट्रो सर्जरी आदि प्रमुख होंगे। इस दौरान स्थानीय सांसद रामशंकर कठेरिया, विधायक इटावा सरिता भदौरिया जिले के आला अधिकारी जिसमें जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रभात कुमार सिंह, प्रतिकुलपति डा. रमाकान्त यादव, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को फसल के नुकसान का मिलेगा मुआवजा : ब्रजभूषण

## विधायक ने फसलों की नुकसान भरपाई का दिया आश्वासन



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

चरखारी विधानसभा क्षेत्र के तहसील सभागार कुलपहाड़ में 2 व 3 मार्च को तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ओलावृष्टि के दौरान किसानों की फसलों को जो हानि हुई है उसके बारे में चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने उपस्थित किसानों से जानकारी लेते हुए उनको आश्वस्त किया कि दैवीय आपदा द्वारा हुए नुकसान के मुआवजा राशि की भरपाई शत प्रतिशत सरकार द्वारा की जाएगी। ओलावृष्टि से हर प्रभावित किसानों को नियमानुसार नुकसान का मुआवजा दिलाया जाएगा।

सभागार में उपस्थित सभी किसानों से संवाद कर विधायक ने कहा कि अपनी-अपनी खतौनी व बैंकों की पासबुक की फोटो कॉपी संबंधित लेखपालों के पास जमा कर दें जिससे कि किसानों के खाते में एक सप्ताह के अंदर पैसा भेजा जा सके ।। साथ ही इस दौरान बहुत से गरीब जो पन्नी(तिरपाल) के नीचे घर बनाकर रह रहे, कच्चे मकान में रह रहे हैं उनका भी नुकसान हुआ है उन सभी की समीक्षा करते हुए उन्हें भी लाभ दिलाया जाएगा। उपजिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया है कि कहीं कहीं 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान किसानों का हुआ है जिसकी जानकारी शासन को भेज दी गई है जिससे जल्दी किसानों के खाते में पैसा भेजने का काम किया जाएगा। इस मौके पर कुलपहाड़ उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद, कुलपहाड़ तहसीलदार दिवाकर मिश्रा,चेयरमैन कुलपहाड़ वैभव अरजरिया, जिला पंचायत सदस्य मनोज राजपूत, क्षेत्रीय लेखपाल एवं अधिकारीगण सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दो दिनों से सूखी पड़ीं नलों की टोंटियाँ

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।** जहां एक ओर सरकार हर घर जल योजना का ढिंढोरा कागजों से लेकर धरातल तक पीट रही है। तो वहीं सरकार की साफ़ सुथरी छवि को धूमिल करने में पनवाड़ी जल निगम कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बता दें पूरा मामला पनवाड़ी कस्बे के मुहाल पाठकपुरा का है। जहां दो दिनों से पीने के पानी के लाले पड़े हुए है। पाठकपुरा निवासी दिलीप निगम बताते हैं कि उनके घर में शादी समारोह है। पर सप्लाई मैन की दबंगई के चलते हमारे मुहाल को दो दिनों से पानी नही मिल रहा है। सप्लाई मैन अपनी मर्जी का स्वंम मालिक है। जब उसका मन होता है सप्लाई छोड़ता है। जब मन नहीं होता सप्लाई नहीं छोड़ता जिस कारण शादी घर में बर्तन सूखे पड़े हैं। पानी की बूंद बूंद को पूरा पाठकपुरा तरस रहा है। इस संबंध में जब जल निगम जेई से बात करनी चाही तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं मुहाल वासियों ने विभागीय अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेताते हुऐ कहा है अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। तो सभी मुहाल बासी सड़कों पर उतर आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जल निगम अधिकारियों की होगी। जल निगम के जेई से इस मामले पर बात की गई तो उन्होंने जल्द ही सप्लाई को चालू करवाने का आश्वासन दिया।

### पति को बचाने के लिए 30 फीट गहरे कुएं में उतरी पत्नी



**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से नाराज पति ने 30 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। पति को बचाने के लिए पत्नी भी कुएं में उतर गई। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मसक्कत के बाद दोनों पति-पत्नी को कुएं से बाहर निकाला। घायल पति को आनन फानन में सीएचसी लाया गया। जहां से उसे गंभीर हालत में चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थानाक्षेत्र के परसी डेरा गांव निवासी अंश कुमार (32) बुधवार सुबह करीब 10 बजे किसी बात को लेकर अपनी पत्नी गुड्डो देवी से नाराज हो गया। और अपने घर के पीछे खेतों पर बने 30 फीट गहरे कुएं में जाकर छलांग लगा दी। पति को मनाने पीछे पीछे जा रही पत्नी ने पति को कुएं में छलांग लगाते देखा तो वह भी आनन फानन में अपनी साड़ी को लकड़ी की बल्ली में बांधकर कुएं में उतर गई। हल्ला गुल्ला सुनकर गांव के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने कड़ी मसक्कत के बाद दोनों पति पत्नी को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पति को सीएचसी लेकर आए। जहां उसे गंभीर हालत में चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### जो भक्तों के पापों का हरण कर ले वही हरि : पं. आनन्द भूषण



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के नायक पुरवा इचौली में पूर्व विधायक युवराज सिंह के हाता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर कथा व्यास पं.आनन्द भूषण ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे न तो कर्तव्य का अभिमान है और न ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर कंस का वध किए जाने तक की कथा का वर्णन किया। परीक्षित बने मधु हर्षराज सिंह व पूर्व विधायक युवराज सिंह ने बाल कृष्ण जी की आरती कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ऋषिराज सिंह, प्रेम चंद्र गुप्ता, नवीन सिंह, सीरज सिंह, चुन्नु सिंह, अमन, सिब्बू सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनन्द लिया।

### बीमारी से तंग अधेड़ ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के दरियापुर में बीमारी से तंग अधेड़ ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दरियापुर निवासी प्यारेलाल प्रजापति ने बताया कि उसका भाई राममिलन 37 वर्ष कैंसर की बीमारी से तंग था।जिसका इलाज भी चल रहा था। बुधवार को दोपहर बीमारी से तंग होकर घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अपने पीछे पत्नी कस्तूरी, पुत्र ललितराज व पुत्री महिमा को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम ब्लॉक सभागार चरखारी में संपन्न



**चरखारी ग्रामीण, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक सभागार चरखारी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में सामाजिक समूह से जुड़ी महिलाओं तथा ग्रहणियों और समाज की प्रबुध वर्ग की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया इस आयोजन में मोदी जी के उद्बोधन का एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण ब्लॉक सभागार चरखारी में सुनाया गया जिसमें प्रधानमंत्री जीके उद्बोधन सुनकर महिलाओं ने आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर एवं जो मोदी जी ने 33त्न का आरक्षण महिलाओं को दिया है उसमें सभी महिलाओं ने मोदी जी का आभार प्रकट किया आखिरकार सभी महिलाएं मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए दिखाई दी एवं सभी महिलाओं ने प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट किया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष वशिष्ठ अतिथि योगेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ला मंडल मीडिया प्रभारी क्षेत्र पंचायत सदस्य देवी सिंह राजावत रजनीश गुप्ता, रुद्र प्रकाश शुक्ला, मथुरा प्रसाद शर्मा, कामता प्रसाद सक्सेना, देवेंद्र प्रजापति सौरभ मिश्रा, राम अवतार राजपूत महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निरुपमा तिवारी, चरखारी नगर मंडल महिला मोर्चा द्रौपदी सेन सहित भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मछली पालन ठेका में पालिका की बल्ले-बल्ले

## सवा करोड़ में नीलाम होने वाला ठेका साढ़े पांच करोड़ तक पहुंचा

**चरखारी ( महोबा), समृद्धि न्यूज।**

चरखारी में स्थिति सात तालाबों के ठेकों में इस बार नगर पालिका को अप्रत्याशित लाभ मिला है और गत पंचवर्षीय में करीब सवा करोड़ में नीलाम होने वाले तालबों की नीलामी ने आसमान छूते हुए साढ़े पांच करोड़ तक पहुंच गए हैं। हालांकि बुधवार को हुई नीलामी में एक डिफाल्टर मत्स्य जीवी सहकारी समिति ने दावा करते हुए अधिक बोली लगने से रोक दिया लेकिन इसके बावजूद चार गुना से अधिक बोली लगने से फिलहाल पालिका की माली हालत सुधरने की उम्मीद बढ़ गयी है।



कस्बा चरखारी में नगर पालिका के स्वामित्व में सात तालाब हैं जिनका मछली पालन एवं पुरैन का पांच वर्षीय खुली नीलामी पालिका द्वारा कराई जाती है और तालाब ही पालिका की आय का बड़ा श्रोत रहा है लेकिन आय का यह श्रोत इतना बड़ा हो सकता है इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। ज्ञातव्य हो कि पिछली पंचवर्षीय बोली में सभी सात तालाब करीब सवा करोड़ की नीलामी में मछली पालन के लिए दिए गए थे लेकिन इस बार ठेकों को हथियाने के लिए ठेकेदारों के बीच जो अप्रत्याशित होड़ हुई उससे पालिका की आय में करीब सवा चार करोड़ बढ़ोत्तरी हुई है। बुधवार को हुई बोली में ठेकेदार इमरान खान द्वारा 1.21 करोड़ की बोली के एवज में अहमद उल्ला खां ने 1 करोड़ इक्कीस लाख बोली लगाते हुए ठेका अपने नाम करा लिया है हालांकि बोली के दौरान कस्बा की एक मत्यय जीवी सहकारी समिति द्वारा इस ठेके को मामूली दरों पर समिति के नाम कराए जाने की मांग रखी गयी जिसके उपरान्त नगर पालिका ई ओ अवधेश कुमार यादव के साथ ही एस डी एम डा0 प्रदीप कुमार को भी माथा पच्ची करनी पड़ी साथ ही अधिक बोली लगाने से ठेकेदार कतराते नजर आए। ज्ञातव्य हो कि सत्र 14-15 में जयसागर तालाब की बोली लगाने वाली समिति द्वारा किश्तें जमा न करने पर ठेका निरस्त किया गया था जिसे समिति ने हाईकोर्ट तक चैलेंज किया था लेकिन हाईकोर्ट से भी समिति को राहत नहीं मिला ओर समिति डिफाल्टर हो गयी। कालान्तर में समिति के विरूद्ध आरसी जारी हुई थी जो आज भी प्रचलित है। इस वर्ष उसी समिति द्वारा सचिव का नाम बदलकर ठेका लेने का दावा किया लेकिन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र एवं समिति की बैलेंस शीट' आडिट अभिलेख आदि प्रस्तुत न करने तथा समिति के डिफाल्टर होने पर दोनों ही अधिकारियों ने समिति का दावा खारिज करते हुए खुली बोली कराई गयी जिसमें नगर पालिका को करीब एक करोड़ रूपया की आय होगी।

ई0ओ0 श्री यादव कहा कि भले ही इस वर्ष अप्रत्याशित रूप से नीलामी पांच करोड़ से ऊपर पहुंची है जिससे नगर पालिका को भारी राजस्व प्राप्त होगा जो कि पालिका हित में है। बोली के दौरान वरिष्ठ लिपिक अय्यूब खां' लिपिक संजीत कुमार' राजेन्द्र दिहुलिया' सौरभ सक्सैना सहित सभासद मुहम्मद सरफराज' राम महाराज' पीयूष खरे' सुरेन्द्र प्रताप सिंह' मुस्तफा खान' रामसेवक' सददाम' वीरेन्द्र कुमार' सभासद प्रतिनिधि यशवंत राजपूत उ र्फ कल्लू' हरिहर सहित पालिका स्टाफ व बोलीदाता ठेकेदार मौजूद रहे। नीलामी बोली के दौरान पारदर्शिता बरतने के उददेश्य से बोली की वीडियाग्राफी कराते हुए सीडी सुरक्षित की गयी है।

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे के लिए सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महोबा कलेक्ट्रेट में पहुंचकर भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारीयों, किसानों ने जिला अध्यक्ष जनक सिंह परिहार की अगुवाई मेंअतिवृष्टि एवं ओला वृष्टि से जनपद महोबा सहित समूचे बुंदेलखंड में फसलों के हुए भारी नुकसान पर किसानों को शीघ्र राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 6 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को दिया गया,ज्ञापन में कहा गया है कि बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों की 90त्न फसल नष्ट हो चुकी है जिससे किसान आर्थिक रूप से टूटकर बेहद मायूस हो गया है ऐसी संकट की घड़ी में किसानों को सिर्फ सरकार का ही सहारा है




ज्ञापन में कहा गया है कि तत्काल खराब हुई फसलों का सर्वे करते हुए इसे दैवी आपदा घोषित करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से किसानों को अधिक से अधिक आर्थिक मदद मुहैया कराई जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा के रुके हुए भुगतान को दिलवाने की मांग करते हुए बीमा कंपनियों को निर्देशित करने के लिए कहा गया है कि वह तत्काल खराब फसलो का मुआवजा देते हुए बची हुई फसलों का भी मध्यावर्ती सर्वे कराएं,ज्ञापन के माध्यम से किसानों द्वारा लिए गए कृषि ऋण सहित किसानों के अन्य कर्जों को माफ करने की मांग की गई है, गौशाला में बंद अन्ना जानवरों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुए गोचर भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त करने की ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है,किसानों के लिए कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई,ज्ञापन के माध्यम से छठवीं मांग किसान सम्मान निधि को रु.6000 से बढ़ाकर रु.12000 किए जाने की मांग की गई है,ज्ञापन देते समय भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष जनक सिंह परिहार,बृजेंद्र तिवारी, प्रमोद तिवारी, जुगल किशोर द्विवेदी, जतन सिंह शिवम सिंह बहादुर सिंह जागेश्वर राजेंद्र सत्येंद्र कुमार अरिमर्दन सिंह देवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारीयों एवं किसानों की मौजूदगी रही।

# ग्राम प्रधान संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराई समस्याएं




**जैतपुर महोबा, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत के नेतृत्व में आधा सैकड़ा ग्राम प्रधान रहे मौजूद

ग्राम प्रधान संगठन के द्वारा ब्लॉक सभागार के मीटिंग कक्ष में संगठन के कार्यकारी मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई बैठक में तीन सूत्रीय ज्ञापन तैयार किया गया

जिसमें ग्राम प्रधान संगठन के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं को अवगत कराया जिसमें प्रथम बिंदु पर स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिकों का भुगतान समय से नहीं किया जाता है जिससे श्रमिकों के द्वारा कार्य करने से मना किया जाता है जिससे हम लोगों को प्रतिदिन इसका सामना करना पड़ रहा है द्वितीय बिंदु पर स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत 60 अनुपात40 के सापेक्ष 65 अनुपात 35 के रेशियो से भुगतान करने की बात कही जा रही है जिससे कई कार्यो के भुगतान नही हो पायेंगे तृतीय बिंदु पर उन्होंने मांग की है कि गौशालय संचालन के लिए अप्रैल से सितंबर माह का भूसे का भुगतान नहीं दिया गया है जिससे गौशाला संचालन का कार्य बाधित हो रहा है।

उपरोक्त तीनों मांगों के पूर्ण करने के लिए आज आधा सैकड़ा ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सोपा इस मौके पर नरेंद्र यादव ग्राम प्रधान भटेवरा खुर्द, संदीप राजपूत, गोपाल कुशवाहा, नितेन्द्र सिंह तोमर, रणबिजय राजपूत, जितेंद्र राजपूत, प्रशांत द्विवेदी, संतोष पाल, कालीचरण राजपूत, विमलेश, मनोज राजपूत, सत्यदीन, दुलीचंद, बलराम, उत्तम सिंह , महेंद्र सिंह , प्रेमचंद साहू सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे

# दस अध्यापकों व दो एआरपी को बीएसए ने किया सम्मानित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने विकास खण्ड सुमेरपुर एवं कुरारा के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में भौतिक परिवेश एवं शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 अध्यापकों व 2 ए. आर. पी. को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मानित किया।
सुमेरपुर विकास खण्ड के मीनाक्षी, प्र0अ0, क0प्रा0वि0 कुछेछा, रिजवाना बेगम, प्र0अ0, प्रा0वि0 कुछेछा, महेश कुमार ओमर, प्रा0 वि0 सुरौली खुर्द, अरुण कुमार सिंह भदौरिया, स0अ0, उ0 प्रा0वि0 टिकरौली, डॉ0 ओम नारायण,



इ0प्र0अ0, प्रा0वि0 टेढ़ा, सुनीता सिंह, प्र0अ0, प्रा0वि0 कुन्दौरा, रघुनन्दन, प्र0अ0, प्रा0वि0 कुन्दौरा एवं विकास खण्ड कुरारा से आशुतोष सिंह, इ0प्र0अ0, प्रा0वि0 मनकी खुर्द, शालू सिंह, प्र0अ0, प्रा0वि0 शीतलपुर, रिजवाना यास्मीन, प्र0अ0, क0 प्रा0वि0 झलोखर, वीर विक्रम सिंह, ए0आर0पी0, सुमेरपुर एवं संगीता गुप्ता, ए0 आर0पी0, कुरारा थे।इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने कहा है कि इसी प्रकार जनपद के अन्य विकासखंड के शिक्षकों को भी सम्मानित किया जायेगा। जल्द ही जनपद के 301 निपुण विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा।कार्यक्रम का संचालन अरुण भदौरिया एवं अखिलेश शुक्ला ने किया।

### मोबाइल न दिलाने से नाराज युवक ने गटका जहरीला पदार्थ

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल फोन परिजनों द्वारा न दिलाए जाने से नाराज एक युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर आए। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कस्बा निवासी जीतू (25) पुत्र मातादीन परिजनों द्वारा मोबाइल फोन न दिलाए जाने से नाराज हो जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लेकर आए। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# शिवहरे परिवार ने थामा बीजेपी का दामन

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र का प्रतिष्ठित राजनीतिक घराना के बीजेपी में शामिल होने से क्षेत्र की राजनीति में परिवर्तन दिखाई दे रहा है।सपा व्यापार सभा के बड़े नेता केशव बाबू शिवहरे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे और उनके पुत्र कालेज संचालक दीपक शिवहरे ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सामने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।




लम्बे समय से क्षेत्र में चर्चा का विषय बने रहने वाले पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और सपा व्यापार सभा के बड़े नेता केशव बाबू शिवहरे, उनके भाई विष्णु शिवहरे और पुत्र दीपक शिवहरे पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं जिसके चलते नवम्बर महीने में सरकार ने इनकी अरबों रुपये की अवैध सम्पत्ति जब्त करने की कार्यवाही की थी जिसमें लखनऊ, बांदा, महोबा और हमीरपुर की अचल संपत्ति और बैंक खातों में पड़े रुपये शामिल है।जिसके बाद से ही इस परिवार के बीजेपी में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे जिसके बाद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी केशव बाबू शिवहरे और उनके पुत्र दीपक शिवहरे ने बीजेपी की नीतियों और नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सामने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली।इस परिवार के बीजेपी में शामिल होने से क्षेत्र की राजनीति प्रभावित होना तय है क्योंकि उक्त परिवार क्षेत्र की राजनीति में अच्छी दखल रखता है।जबकि इनके बीजेपी में शामिल होने से सपा को सबसे अधिक नुकसान होता दिखाई दे रहा है।

# अधिवक्ताओं के अनशन में शामिल हुईं कानपुर देहात की अधिवक्ता

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसियेशन व प्रोग्रेसिव व प्रैक्टीसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के क्रमिक अनशन के तीसरे दिन कानपुर देहात की अधिवक्ता ने अनशन में प्रतिभाग कर आगामी लोक अदालत का बहिस्कार करने की चेतावनी दी है।

अधिवक्ता संघ द्वारा परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के विरुद्ध 20 फ़रवरी से चल रही हड़ताल के 16 वें दिन भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान कानपुर देहात की अधिवक्ता ज्योति राणा ने हड़ताल में शामिल होकर संघर्ष में अधिवक्ताओं का साथ देने का आवाहन किया।इसके बाद अधिवक्ताओं ने जजी परिसर से प्रभात फेरी निकाली जो बस स्टेण्ड,तहसील परिसर से होते हुए धरना स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।अधिवक्ता संघ के महामंत्री देवीप्रसाद शुक्ला ने कहा कि जब तक परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण नहीं हो जाता, हड़ताल जारी रहेगी। आवश्यकता




पड़ने पर पूरे उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं से समर्थन लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी वादकारी को न्यायालय के अन्दर घुसने नहीं दिया जाएगा।इस मौके पर कृष्णचन्द्र सिंह एडवोकेट (लालबाबू), मनीराम वर्मा, रघुपति प्रसाद शर्मा, मसजूद खाँ, महेश प्रसाद प्रजापति बैठे तथा उक्त सभा में दिनेश कुमार शर्मा, महेश प्रसाद गुप्ता, महेश साहू, देवप्रसाद त्रिपाठी, गुलाब यादव, आशुतोष सिंह गौर, देवेन्द्र शुक्ला, हरपाल सिंह, लक्ष्मीप्रसाद त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में मिली अव्यवस्था, डीएम ने लगाई फटकार

## नाक, कान, गला चिकित्सक वीपी सिंह कक्ष से मिले अनुपस्थित, फार्मासिस्ट द्वारा मरीज के पर्चे पर बाहर की दवा लिखने पर सेवा समाप्ति के निर्देश

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज।**



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय।

बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल में ओपीडी, इमरजेंसी व वार्डो किया बारीकी से औचक निरीक्षण, मरीजों व तीमारदारों से वार्ता कर परखी व्यवस्थाएं। निरीक्षण के दौरान नाक, कान, गला चिकित्सक वीपी सिंह मिले अनुपस्थित स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। वार्डो में सफाई व्यवस्था के उचित प्रबंध न होने पर सफाई प्रभारी का स्पष्टीकरण, मौजूद सुपरवाइजर को जमकर फटकार लगाई साथ ही संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीएमएस एवं सीएमओ को निर्देशित किया कि पूरे परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। ट्रेनिंग ले रहा डी फार्मासिस्ट ने मरीज के पर्चे पर बाहर की दवा लिखी, जिस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को फटकार लगाई, निर्देशित किया कि डी फार्मासिस्ट की तत्काल सेवाएं समाप्त की जाए, ऐसे कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी चिकित्सक द्वारा मरीज को बाहर से दवा की पर्ची न लिखी जाए, शिकायत मिलने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी पर्चा बनवाने के लिए लगे लाइन में मरीजों से मिले और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पर्चा बनाने वाले कर्मचारियों से बातचीत कर जानकारी लेने के बाद इमरजेंसी सहित अन्य वार्डों में पहुंचे जहां भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जानते हुए उनके तीमारदारों से भी बातचीत किए।

उन्होंने अल्ट्रासाउंड मशीन शिफ्ट कराये जाने हेतु निर्देशित किया जिससे आने वाले मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े और जिला अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि फिजियोथैरेपी वार्ड में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाए। आयुष्मान हेल्प डेस्क को बेहतर तरीके से स्थापित की जाए जिससे जन सुविधाओं का लाभार्थियों को आसानी से लाभ मिल सके।

सायकेट्री नर्स के कक्ष में नेम प्लेट न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए त्वरित नाम प्लेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी के सामने पीने का पानी का वाटर कूलर खराब होने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया के वाटर कूलर सही कर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस आदि चिकित्सक सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते सात गिरफ्तार, 48 हजार बरामद



पुलिस द्वारा पकड़े गये जुआड़ी।

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज।**

चुर्खी रोड पर सार्वजनिक स्थल पर चल रहे जुआ के फड़ पर पुलिस ने छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस 7 लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा है जिनके पास से 48 हजार रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस पकड़े गये आरोपितों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस द्वारा लगाकार जुआ के खेल के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे जुआ के खेल को बंद कराने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार की रात को पुलिस ने मुकबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र हमराही जितेन्द्र सिंह फौजी, खुर्शीद की टीम ने चुर्खी रोड पर राजू माली की कोठी के पास सार्वजनिक स्थल पर चल रहे जुआ के फड़ पर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे फरीद चौधरयाना, अनुज काशीनाथ, आकाश मुरलीमनोहर, महेन्द्र चुर्खीबाल, गौरव मुरलीमनोहर, अंकित गणेशजी, नीतेश चुर्खीबाल को पकड़ लिया। पुलिस मौके से ताश की गड्डी व 42 हजार रुपए नकद मिले जबकि जामा तलाशी के दौरान 6 हजार 30 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गये सभी सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लगातार चेकिंग कर रही है तथा कार्यवाई की जा रही है।

## पुलिस की सुस्ती से चोर गिरोह सक्रिय

**माधौगढ़ (जालौन)।** बंगरा पुलिस चौकी की सुस्ती के चलते चोर गिरोह सक्रियता के साथ दुकानों में चोरी कर माल को चोरी करने में सफल होते देखे जा रहे हैं। बीती रात्रि भी रामऔतार की दुकान का चोरों ने ताला चटकाते हुये दुकान में रखी हजारों की नकदी के साथ ही सामान चुरा ले गये।


**INFORMATION**

I inform that my father's name is SYATNTRA PAL SINGH and his date of birth is 01-07-1961 is wrongly entered in my service record, whereas the correct name is SVATANTRA-PAL and date of birth is 01-01-1959, which should be recorded in my service records. No. 3008114H Naik Sanjeev Kumar son of Svatantrapal, Unit-21 Rajput, Resident Village-Nasarpur, Post and Tehsil- Mawana, District- Meerut (U.P.).

**सूचना**

मैंने क्रेता के रूप में एक जमीन का बैनामा उपनिबंधक कार्यालय कन्नौज में दि. 13.06.1997 को पंजीकृत कराया था। यह बैनामा उपनिबंधक कार्यालय में जिल्द संख्या 1337 पृष्ठ संख्या 129 से 182 पर दर्ज है। उक्त बैनामा में विक्रेता विनोद बिहारी मिश्रा पुत्र छम्मीलाल मिश्रा निवासी मोहल्ला नखासा कन्नौज है। उक्त बैनामा की मूल प्रति खो गई है। जिस किसी को भी यह मूल दस्तावेज प्राप्त हो तो नीचे लिखे हुए पते पर भेजने का कष्ट करें।

**आशीष कुमार पुत्र जयनरायन पाण्डेय निवासी मोहल्ला अकबरपुर, सरायघाघ, सरामीरा तहसील व जिला कन्नौज मो.नं: 9792488787**


## भाजपा का सपना देश के हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना

**उरई (जालौन)।** बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल से नारी शक्ति बंधन का लाइव प्रसारण पूरे देश में किया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी जालौन ने जनपद के 19 मंडलों व 4 नगर पालिकाओं में एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण सुना गया उरई मंडल के मणिन्द्रालय गेस्ट हाउस में लाइव प्रसारण सुना गया जिसके मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित व नगर पालिका परिषद उरई के पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी रहे। प्रधानमंत्री मंत्री ने कहा महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे है जिससे कि महिलाएं आत्मनिर्भर बने भारतीय जनता पार्टी का सपना है कि हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बने जिससे कि सभी के पास अपना स्वयं का रोजगार हो सके।

# अतिक्रमण हटाने में नगर पालिका फेल, लगता है जाम

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**



प्रशासन नगर को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की लाख कोशिश करे, लेकिन अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि वे प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए अपनी हदें बढ़ाने में जुटे हैं। नगर का कोई भी सड़क या बाजार हो, मार्ग हो या फिर चौराहा, हर तरफ अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। बाजार की हालत इतनी दयनीय है कि वहां से वाहन लेकर गुजरना तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल होता है। सब्जी, फल मंडी के साथ जुड़े नगर के मुख्य बाजार में दुकानदार दुकान से कई-कई फूट दूर तक सामान रखकर रास्ते को अवरुद्ध कर देते हैं। नगरपालिका समय-समय पर इन दुकानदारों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ देता है। कोई कार्रवाई न होने से दुकानदारो के हौसले इतने बुलंद है कि वह प्रशासन की चेतावनी को दरकिनार कर देते हैं। कमो बेस यही हाल श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से फक्कड़ दास चौराहे तक दोनों तरफ सड़क पर लोगों ने गुमटी रख अतिक्रमण कर रखा है। कई अतिक्रमणकारियों के हौसले तो इतने बुलंद हैं कि उन्होंने अगर पालिका द्वारा लगवाए गए वाटर आरओ कूलर के सामने ठेला व तालपतरी डालकर उसका पानी ही बंद कर दिया है। जिससे राहगीरों, यात्रियों व अन्य लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। सड़कों पर दुकानदारों के अवैध कब्जे के चलते हर रोज महिलाओ से जुड़ी कोई न कोई घटना घट जाती है। मुख्य बाजार में तो दुकानदार सभी हदें पार करते दिखाई देते हैं। अपनी दुकानो से बाहर 20 से 25 फीट तक सामान सजा रखा है, जिससे हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पूर्व में कई बार नगर पालिका और प्रशासन की साझा बैठक हुई लेकिन उस पर कोई अमल नहीं किया गया। प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को कई बार चेतावनी देने के बावजूद भी मामला ठांए ठांए फुस्स हो गया। जिससे उनके हौसले और बुलंद हैं।

लोगो ने मांग की है कि शहर के इन बाजारों व मार्गो पर किए गए अवैध कब्जो को हटवाया जाए व अवैध कब्जाधारियो पर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ये लोग ऐसा न करें। अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर नगर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## युवक बहला फुसलाकर युवती को ले भागा

**जालौन (उरई)।** इघर में अकेली युवती को युवक अपने गहने व नकदी के साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि बीती चार फरवरी को परिवार के लोग काम पर गए थे। उनकी 18 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। तभी सालाबाद निवासी युवक रेशू उनके घर में घुस गया और उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने के लिए सहमत कर लिया। इतना ही नहीं उसने पुत्री को जेवर व नकदी भी साथ लेने के लिए कहा। जिस पर पुत्री व युवक घर में रखे जेवर व 20 हजार रुपये नकद लेकर वहां से चले गए। जब वह शाम को लौटकर घर आया तब उसे जानकारी हुई।

# डिप्टी एसपी बनकर किया नाम रोशन

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**



मोहम्मद युसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला के पूर्व छात्र ने डिप्टी एसपी बनकर जिले का नाम रोशन किया है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय गिद्धौर व कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा मोहम्मद युसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला में हुई। स्नातक एवं परस्नातक की शिक्षा एम एल के डिग्री कालेज बलरामपुर में पूर्ण किया। प्रयागराज में यूपी पीसीएस की तैयारी करने के लिए चले गए। अपने लगन व मेहनत के कारण इन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। इनके पिता सुभाष चन्द्र पांडेय जो कि घर पर खेती किसानी का कार्य करते हैं। सनी पांडेय ने इसका श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को देते हुए कहा कि इस मुकाम तक पहुंचाने में उन सभी का महत्वपूर्ण योगदान व मार्गदर्शन रहा। चयन की सूचना मिलने के बाद घर व मित्रों में हर्ष की लहर दौड़ गई। सनी पांडेय को साजिदा हास्पिटल प्रबंधक डाक्टर एहसान खां के द्वारा अस्पताल में सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। जहां बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे,देवता प्रसाद तिवारी, सादाब माविया,विकास गुप्ता,ने बधाई दी है।

## बीजपुर थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**सोनभद्र।** सरकारी आवास दिलाने के नाम पर आदिवासी महिला के साथ दो लोगों द्वारा बारी बारी से दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट आबिद शमीम की अदालत ने प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध मानते हुए बीजपुर थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना का आदेश दिया है। उक्त आदेश बभनी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासिनी आदिवासी महिला (पीड़िता) की ओर से अधिवक्ता रोशन लाल यादव के जरिए दाखिल धारा 156(3)सीआरपीसी के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने दिया है। दिए प्रार्थना पत्र में आदिवासी महिला (पीड़िता) ने अवगत कराया है कि दो माह पूर्व सुधीर पांडेय पुत्र अवधेश पांडेय निवासी नधिरा, थाना बभनी, जिला सोनभद्र और चिंतामणि विश्वकर्मा पुत्र उदय नारायण विश्वकर्मा निवासी अम्मा टोला(बकरिहवा), थाना बीजपुर, जिला सोनभद्र उसके घर पर आए और कहा कि सरकारी आवास आया है हमलोग मंजूर करवा देंगे। जल्द ही फार्म भरवाया जाएगा तब हमलोग आएंगे।

# चुनौतियों से निपटने के लिए हमें टीम भावना से काम करना होगा: एडीजी जोन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

**आगामी त्योहारों की तैयारी परखने अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन**

बुधवार को अयोध्या पहुंचे एडीजी लखनऊ जोन अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने मंडलायुक्त सभागार में कमिश्नर गौरव दयाल,आई.जी. प्रवीण कुमार,डीएम नितीश कुमार व एसएसपी राजकरण नैय्यर सहित अन्य अधिकारियों के साथ आगामी महत्वपूर्ण त्यौहारों को लेकर गोष्ठी आयोजित की।गोष्ठी के दौरान श्री राम जन्म भूमि मंदिर में दर्शनार्थियो की भीड़ बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत महत्वपूर्ण त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पूर्व से तैयारी किये जाने पर चर्चा की गई। एडीजी जोन ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत हमें टीम इंडिया की भावना के अनुसार कार्य करना है,जिसमें सभी सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर एक ऐसी व्यवस्था बनायें जिससे त्यौहारों के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को श्रीरामलला के सुगम दर्शन प्राप्त हो सकें।उन्होंने कहा कि जो-जो स्थान आगामी रामनवमी मेले के दृष्टिगत महत्वपूर्ण है उनका पुलिस अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेट द्वारा ज्वाइंट सर्वे कर पूर्व से ही तैयारियां कर लिया जाय। कमिश्नर श्री दयाल ने कहा कि आगामी समय में महाशिवरात्रि, नवरात्रि एवं रामनवमी के महत्वपूर्ण पर्व होंगे,जिसमें अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक होगी इसके दृष्टिगत अभी से सभी सम्बंधित मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी तैयारियां कर लें तथा सभी स्थानों का ज्वाइंट सर्वे भी कर ले। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में नगर निगम द्वारा बनाये गये मे आई हेल्प यू बूथ को फेसलिटी सेन्टर के रूप में विकसित किया जाये।

# दुष्कर्म मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में विंढमगंज थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना का आदेश दिया है। उक्त आदेश कोन थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीड़िता के नाना की ओर से अधिवक्ता रोशन लाल यादव के जरिए दाखिल धारा 156(3)सीआरपीसी के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने दिया है। दिए प्रार्थना पत्र में नाना ने अवगत कराया है कि वह अपनी 14 वर्षीय नातिन को अपने यहां शुरू से रखकर पालन पोषण किया है और वह उसी के यहां रहती है। घटना के एक सप्ताह पूर्व वह अपनी बड़ी बहन के यहां गई थी। 27 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे की घटना है। जब नातिन ने अपनी बड़ी बहन से मेरे यहां आने के लिए कही तो उसकी बड़ी बहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे परचित विनय कुमार गुप्ता पुत्र मानिक चंद निवासी गिधिया, थाना कोन , जिला सोनभद्र पर भरोसा करके कोन बाजार तक ले जाकर छोड़ने के लिए कह दिया। जब कोन की ओर न जाकर विंढमगंज की ओर ले जाने लगा तो पीड़िता ने उसे रोका तो उसने कहा कि कुछ विंढमगंज काम है उसके बाद छोड़ देंगे। इसके बाद जंगल में ले जाकर उसके साथ जमीन पर पटक कर जबरन बलात्कार किया। उसके बाद उसे कचनरवा बाजार में छोड़कर भाग गया। किसी तरह नातिन खून से लथपथ हाल में उसके पास पहुंची तो सारी बात बताई। दूसरे दिन थाने जाकर सूचना दिया किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब 9 फरवरी 2024 को एसपी को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया हूं।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसडीएम से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल



**दुद्धी, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को सिविल बार सभागार में सिविल बार एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक मे न्यायालय में व्याप्त अनियमितता तथा भ्रष्टाचार सहित एसडीएम कोर्ट के बहिष्कार मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकांश अधिवक्ताओं वादकारी हित को ध्यान में रखते हुए न्यायिक कार्य जारी रखने का समर्थन किया और कहा कि वादकारी हित को प्राथमिकता में रखते हुए न्यायालयों में हो रहीं अनियमितता को लेकर एक बार वार्ता कर उन्हें अवगत करा दिया जाय। बताया गया कि एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट सहित तहसील के अन्य न्यायालयों में पेशकारों एवं बाबुओ सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा अनियमितता बरती जा रहीं है, जिससे अधिवक्ताओं सहित वादकारियों तक को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कर्मचारियों की मनमानी के कारण जिम्मेदार अधिकारियों को भी अधिवक्ताओं की नाराजगी झेलनी पड़ती हैं।कुछ अधिवक्ताओं के निजी कार्य को लेकर भी बाबुओ, पेशकारों तथा राजस्व निरीक्षक व लेखपालों द्वारा नजराना लिए जाने को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया और इस मुद्दे से एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराने पर सहमति बनी। इसके अलावा बार हित में फैसले लेने और कम से कम हड़ताल पर जाने या न्यायिक कार्य से विरत रहने पर सहमति जतायी गई।

बैठक के बाद चेयरमैन नागेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव रामेश्वर राव की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम से मिलकर कार्यालयों एवं न्यायालयों की विसंगतियों से अवगत कराया। सभी बातों को सुनने के एसडीएम सुरेश राय ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के अन्दर सभी विसंगतियों को दूर कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों एवं न्यायालयों में तैनात बाबुओं एवं पेशकारों को सख्त हिदायत दी गई हैं कि एक सप्ताह के अन्दर सुधार नहीं हुआ तो कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष नंदलाल, प्रभु सिंह तथा सत्यनारायण यादव,मनोज मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, अमिताभ जायसवाल, अंजनी यादव, रामजी पाण्डेय, रेणुवंती, विष्णुकांत तिवारी, शिवशंकर प्रसाद, सुखसागर यादव, आशीष गुप्ता, अभिनाथ यादव, नीरज, आदर्श सहित अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे। बैठक का संचालन सचिव रामेश्वर प्रसाद राव ने किया।


## कार्यालय ग्रा0पं0 आसमपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 06/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत आसमपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/03/2024 से दिनांक 13/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 13/03/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मनोज के घर से भूरे के घर तक साइड वाल व नाली इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 389562=00 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(रमाकांत राजपूत)** ग्राम प्रधान-आसमपुर, राजेपुर — **(मोहित यादव)** सचिव-आसमपुर, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत वैरमपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक: ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 06/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वैरमपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/03/2024 से 13/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शीशराम जाटव के घर से प्रवीण के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4,15259 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | शिवपाल के घर से सुरेश पाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7,42746 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | डामर रोड से दिनेश पाल के घर तक नाली निर्माण कार्य | 3,56485 | 2 प्रतिशत | 500 |

**(विमल यादव)** प्रधान — **(दिलीप कुमार)** सचिव

**ग्राम पंचायत वैरमपुर विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्रा0पं0 जहांगीरपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांक: मीमो/मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2023-24 दिनांक 06/03/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जहांगीरपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/03/2024 से 13/03/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13/03/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/03/2024 से 13/03/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रिजवान के घर से मतलूब के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3,31,560,53 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अब्दुल सत्तार के घर से बली उद्दीन के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4,47,808,21 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (मतीन खान)** — **सचिव (अरवेन्द्र यादव)**

**ग्राम पंचायत जहांगीरपुर विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कमालगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांक: 2644 /लेखाकार/केंद्रीय वित्त-राज्य /निविदा/ 2023-24 दिनांक 06/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य/केंद्रीय निधि वित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना के निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों फर्मों से दिनांक 07/03/2024 से 14/03/2024 की अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 14/03/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज में खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण तथा सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/03/2024 से 14/03/2024 की अपरान्ह 1:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज से रु0 1000-00 जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कैटहा में पंचायत घर से बजरंग बली मन्दिर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 7.82 | 1564.00 | 1000.00 |
| 2 | ग्राम पंचायत कैटहा के मजरा ककरैया में लोकनाथ राजपूत के घर से कमलेश के घर तक सी0सी0 व नाली कार्य | केंद्रीय वित्त | 9.99 | 1998.00 | 1000.00 |
| 3 | ग्राम पंचायत सिधौली में साधु दिवाकर के घर से कौशल ठाकुर के घर तक सी0सी0 व नाली नि0 कार्य | केंद्रीय वित्त | 3.63 | 726.00 | 1000.00 |
| 4 | ग्राम पूरनपुर में उदयवीर के घर से सर्वेश के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 8.80 | 1760.00 | 1000.00 |
| 5 | ग्राम पंचायत बझेरा मलिक पट्टी में मुख्य मार्ग से राजीव मिश्रा के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 9.85 | 1970.00 | 1000.00 |
| 6 | ग्राम पंचायत समदपुर में मनोज राजपूत के घर से शीशपाल के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 3.17 | 634.00 | 1000.00 |
| 7 | ग्राम पंचायत सदरियापुर के मजरा टडा नगला में रामरतन के घर से रामविलास के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 5.15 | 1030.00 | 1000.00 |
| 8 | ग्राम पंचायत सर्फुद्दीनपुर में सियाराम के घर से आसीन के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 9.99 | 1998.00 | 1000.00 |
| 9 | ग्राम पंचायत रानूखेड़ा में नसरतपुर बाजार से रामसनेही के खेत तक सी0सी0 निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 8.34 | 1668.00 | 1000.00 |
| 10 | ग्राम पंचायत रानखेड़ा में रामसनेही के खेत से जदुनाथ के मुर्गी फार्म तक सी0सी0 निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 9.56 | 1912.00 | 1000.00 |
| 11 | ग्राम पंचायत रानखेड़ा में जदुनाथ के मुर्गी फार्म से नीरज के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 7.36 | 1472.00 | 1000.00 |
| 12 | ग्राम पंचायत सियापुर के मजरा पसई नगला में रावेन्द्र के घर से शिव मन्दिर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 7.64 | 1528.00 | 1000.00 |
| 13 | ग्राम पंचायत दानमंडी में रामदत्त के घर से संजीव दीक्षित के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण काय | केंद्रीय वित्त | 7.64 | 1528.00 | 1000.00 |
| 14 | ग्राम पंचायत झसी में जाटव बस्ती में डामर रोड से परमेश्वरी के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 9.86 | 1972.00 | 1000.00 |
| 15 | ग्राम पंचायत शर्फाबाद में सरकारी ट्यूबवेल से नगला भीखा सम्पर्क मार्ग की ओर नाली व इण्टरलॉकिग कार्य | केंद्रीय वित्त | 9.95 | 1990.00 | 1000.00 |
| 16 | ग्राम पंचायत गदनपुर देवराजपुर के मजरा अहिमा में सुरेन्द्र के नये मकान से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | केंद्रीय वित्त | 4.50 | 900.00 | 1000.00 |
| 17 | ग्राम पंचायत झसी के मजरा माछी में श्री संतराम आश्रम से मेन रोड तक इण्टरलॉकिग व पुलिया निर्माण कार्य (अवशेष भाग) | केंद्रीय वित्त | 8.50 | 1700.00 | 1000.00 |
| 18 | ग्राम पंचायत गदनपुर आमिल के मजरा बिचपुरी के प्राथमिक पाठशाला में जलापूर्ति हेतु पानी की टंकी स्थापन व सबमर्सिबल पम्प कार्य। | केंद्रीय वित्त | 3.14 | 628.00 | 1000.00 |
| 19 | कमालगंज कृषि रक्षा इकाई में जलापूर्ति हेतु पानी की टंकी स्थापन व सबमर्सिबल पम्प कार्य। | केंद्रीय वित्त | 3.14 | 628.00 | 1000.00 |
| 20 | ग्राम पंचायत जहानगंज के स्वास्थ्य केन्द्र में जलापूर्ति हेतु पानी की टंकी स्थापन व सबमर्सिबल पम्प कार्य। | केंद्रीय वित्त | 3.14 | 628.00 | 1000.00 |
| 21 | ग्राम पंचायत कतरौली पट्टी के मजरा कतरौली में डामर रोड से चक्की तक खड़ंजा निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 9.80 | 1960.00 | 1000.00 |
| 22 | विकासखण्ड परिसर में मनरेगा सेल में फॉरसिंलिग व जीर्णोद्वार कार्य। | राज्य वित्त | 7.15 | 1430.00 | 1000.00 |
| 23 | विकासखण्ड परिसर में लोहे की जाली व अन्य कार्य। | राज्य वित्त | 5.10 | 1020.00 | 1000.00 |
| 24 | ग्राम पंचायत अहमदपुर देवरिया में महेश चन्द्र के घर से मुख्य मार्ग तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त | 8.47 | 1694.00 | 1000.00 |

**नियम व शर्ते-** खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी, कमालगंज-फर्रुखाबाद।**

# विद्युत विभाग वसूली के नाम पर लोगों का शोषण बंद करें: रजनी तिवारी

## प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा– ऋण योजना के लाभार्थियों को बैंकों में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही होनी चाहिए

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिले के भ्रमण पर आई उच्च शिक्षा विभाग राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में अफसर के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है उन्हे पारदर्शी तरीके से चलाया जा रहा है। कहा कि योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। हर योजना का लाभ हर व्यक्ति को मिलना चहिए।

जिले की प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा पूर्ण करने का कार्य हम सभी का है। प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग को निर्देश दिये की वसूली के नाम पर शोषण करना बन्द करें। कर अधिकारी वसूली करें किन्तु अनैतिक तरीके से विद्युत कनेक्शन न काटे। कहा कि विद्युत से होने वाली अप्रिय घटनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाये। खुले तार, झुके पोल आदि की मरम्मत करायी जाये। उन्होनें कहा कि निर्माण पूर्ण होने की अवस्था वाले निर्माण कार्य मार्च माह के अन्त तक पूर्ण करा लिये जाये। कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर 43 हेल्थ सेन्टर खोलने की व्यवस्था की जा रही है। सेंटर संचालित करने की यथाशीघ्र कार्यावाही पूर्ण की जाये। उन्होनें कहा कि कुपोषित बच्चों को कैसे सुपोषित किया जाये इस पर विशेष ध्यान देने के आवश्यकता है। कोई भी बच्चा कुपोषित नही होना चाहिए। खाद्य सामग्री समय से उपलब्ध हो। उन्होने पोषाहार ट्रेकर पर गंम्भीरता से निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि 13873 नये पेंशनरों को पेंशन योजना से जोडा गया है, जो सराहनीय कार्य है। विकास खण्ड स्तर



के अतिरिक्त अब ग्राम पंचायत स्तर पर भी कैम्प लगाकर निराश्रित महिला पेंशन, वृद्वा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायें। कहा कि ऋण योजना के लाभार्थियों को बैंकों में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही होनी चाहिए। यदि ऋण योजना से सबन्धित किसी प्रकार की समस्या हो रही है तो संबधिंत अधिकारी उसका तत्काल निदान करायें। मंत्री जी ने कहा कि नवम्बर से अब तक करीब 3000 गौवंशों को गौशाला में संरक्षित किया गया है। उन्होनें कहा कि गौ संरक्षण अभियान में जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है, जो बधाई के पात्र है। उन्होनें कहा कि राशन वितरण में पारदार्शिता लाने के लिए सरकार ने ई-पास और ई वेइंग मशीन व्यवस्था लागू की है। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 02 मार्च को आनलाइन 20 अन्नपूर्णा भवन (राशन दुकान) का लोकार्णण किया गया है। अब राशन की दुकानों पर ही राशन वितरित होगा। इसके साथ ही राशन की दुकानों पर कामन सर्विस सेन्टर की व्यवस्था लागू होगी। उन्होनें कहा कि सूरजमुखी की खेती को बढावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाये। कहा कि विकसित भारत यात्रा के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के जिन लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया उन्हे योजना का लाभ दिलाने की कार्यवाही भी की जाये। लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत जनपद की 10 हजार महिलाएं अत्मनिर्भर होगी। महिलाओं की वार्षिक आय 01 लाख तक करने हेतु जनपद में 3282 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कहा कि यह स्कीम धरातल पर दिखनी चाहिए तथा विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं को लाभान्वित किया जाये। उन्होनें ओडीएफ प्लस ग्रामों की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 170 ग्रामों को माडल गांव बनाया गया है। सभी गांव स्वच्छ एवं साफ-सुथरे होने चाहिए। उन्होनें कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामों में बिछाई गयी पाइप लाइन से क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत करायी जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो। कहा कि माह मार्च के अन्त तक घर-घर जल पहुंचने की व्यवस्था हो जानी चाहिए। उन्होनें कहा कि आपरेशन कायाकल्प के तहत 92 प्रतिशत कार्य किया गया है शेष को यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रभागीय वानिकी अधिकारी, पार्टी जिलाध्यक्ष वीरसिहं भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने चुनाव से पूर्व हुई घोषणा को बताया हवा हवाई

▸ किसानो का बिजली का बिल माफ कर दिया गया सिर्फ एक दिखवावा किया गया है



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार मैं युवाक किसान हो रहा है शोषण पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव जी ने कहा की पिछले दिनों हुई बारिश ओलावृष्टि से फसलों का नुकसान का किसानो का उचित मुवजाया दिलाने की मांग की सरकार से/ सरकार जो खोखले दावे कर रही है कि किसानों का ट्यूबवेल का बिल माफ कर दिया गया है वह पहले ही सरकार ने उसे जमा करा लिया पहले कनेक्शन काटे किसानो के जमा न किया तो उनका जबरदस्ती जमा कराया गया फिर उसके बाद करें रहे किसानो का बिजली का बिल माफ कर दिया गया सिर्फ एक दिखावा किया गया है सिर्फ लोकसभा चुनाव के मारे यह सब किया गया है। जब लोकसभा का चुनाव खत्म हो जाएगा। उसके बाद बिल दुगना वसुला जाएगा किसी प्रकार विधानसभा चुनाव से पूर्व भी ट्यूबवेल का बिल माफ किया जाने की घोषणा की गई थी लेकिन मीटर लगवा कर बिल दूंगना वसूल किया जाने लगा किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है बेरोजगारी अपने चरम स्थान पर पहुंच गई है प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है।

सरकारी जमीनों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कब्जा कर बेच रहे हैं प्रशासन इसमें मदद कर रहा है खुलेआम जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं कोई सुनने वाला नहीं है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को हुई प्री-ट्रायल बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण की अध्यक्षता में जनपद एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु प्री-ट्रायल बैठक आयोजित हुई।

बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित हुई प्री-ट्रायल बैठक में प्रशासनिक अधिकारी एवं बैंक के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण ने कहां की आगामी 9 मार्च को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु विचार विमर्श किया, तथा प्रशासन की तरफ से उपस्थित नोडल अधिकारी अशोक कुमार द्वारा प्रस्तावित वादों की अद्यतन सूची प्रस्तुत की गयी जिसमें 50590 वादों को निस्तारण हेतु नियत किये गये है।अपर जिला जज प्रथम / नोडल अधिकारी लोकेश वरूण ने उपस्थित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में अपर जिला जज एवं पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल, अपर सिविल जज (जुडि) एफटीसी खुशबू, अपर सिविल (जुडि) एफटीसी मंजू, नोडल अधिकारी प्रशासनिक विभाग उप जिलाधिकारी नवनीता राय, विद्युत विभाग से अधिशाषी अभियन्ता मगन सिंह एवं प्रशानिक अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# योग शिविर में बहुत सारी नई चीजों का कराया बोध



▸ जीवन में अगर स्वस्थ रहना है तो योग बहुत जरूरी है।

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम रिजॉर्ट गेस्ट हाउस में सुबह 6:00 बजे एक दिवसीय योग शिविर प्रवीण तेवतिया मार्कोस कमांडो नेवी मार्कोस कमांडो नेवी 26 11 मुंबई हमले के विजेता स्वामी अभिषेक देव द्वारा संचालित किया गया यह योग शिविर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य सत्य राम योगाचार्य से संचालित कराया गया प्रवीण तोगड़िया ने बहुत सारी नई चीजों का बोध कराया गया और करके दिखाया गया। श्री तेवतिया के केवल एक फेफड़ा रह गया है और एक कान बिल्कुल खत्म हो गया है गोली लगने के बाद वह व्यक्ति बिस्तर पर आ गया था लेकिन योग द्वारा पूर्ण स्वस्थ है और सारे भारत में योग स्वामी रामदेव के निर्देशानुसार कर रहे हैं। उसी के तहत एक दिवसी योग शिविर श्री राम रिजॉर्ट जीटी रोड छिबरामऊ में कराया गया हर व्यक्ति को योग बहुत जरूरी है जीवन में अगर स्वस्थ रहना है तो योग बहुत जरूरी है। करो योग रहो निरोग सीमा क्षमा गुप्ता, सुमन चौहान, ममता यादव, सुरेश चंद्र शास्त्री, योगराज सिंह लोग मौजूद रहे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर इकाई का हुआ विस्तार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें विराट मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। बुधवार को नगर के जीटी रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह द्वारा नगर इकाई का विस्तार करते हुए पार्टी के प्रति निष्ठा भाव एवं कार्य कुशलता के चलते भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष के पद पर विराट मिश्रा, ऋषि लाल, राजीव तिवारी एवं नगर मंत्री पद पर मोहित गुप्ता सहित मंत्री पद पर राजा कौशल, अमन, अरविंद का मनोनयन करते हुए सुब्रत शुक्ला को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को ज़िला मीडिया प्रभारी व्योम शुक्ला एवं मंगलम पांडेय ने बधाई देकर संगठन हित में कार्य करने की आशा व्यक्त की।

## पुलिस ने दो अभियुक्तों को तंमचा सहित किया गिरफ्तार

**तिर्वा।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को कस्बे के रानी अबंतीबाई नगर मोहल्ला से घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से दो तंमचा व एक मोटर साइकिल बरामद की है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मुखबिरों से सूचना मिली थी कि दो अभियुक्त कस्बे में रानी अबंतीबाई नगर मोहल्ला की ओर जाने वाली गली में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। इस पर तत्काल घेराबंदी कर पुलिस ने दोनो अभियुक्तों को एक बाइक समेत पकड़ लिया। कोतवाली लाकर उनसे पूछताछ की गई, तो उन्होने अपने नाम विपेन्द्र सिंह सिकरवार पुत्र वीर सिंह निवासी खेरौली थाना अमायन जिला भिण्ड व आशीष चौहान पुत्र राघवेन्द्र सिंह चैहान निवासी मेहरी थाना लाहर भिण्ड मध्यप्रदेश बताया। दोनो के पास से दो तंमचे व कारतूस भी बरामद हुए।

# किसानों के हित के लिए कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों ओलावृष्टि से किसानो की फैसले बर्बाद हो गई थी जिसको लेकर किसान भारी नुकसान से जूझ रहा है। इसी नुकसान को पूरा करवाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसियों ने तहसील परिसर पहुंचकर मुख्यमंत्री संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंप सरकार से मांग की की प्रदेश की सरकार ने जो किसानों से वादा किया था।

उसको वह जल्द से जल्द निभाने का काम करें सरकार ने कहा था कि किसानों का जो नुकसान हुआ है उसका मुआवजा 24 घंटे के भीतर



दिया जाएगा लेकिन अभी तक सरकार अपने वादे पर खरा नहीं उतरी उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले प्रदेश में भारी ओलावृष्टि के कारण कन्नौज जनपद के किसने की खड़ी फसल गेहूं आलू तिलहन बर्बाद हो गई जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा जबकि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है।

इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि किसानों के नुकसान का मुआवजा 24 घंटे के अंदर दिया जाएगा। लेकिन अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला। कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रही है और आगे भी बनी रहेगी सरकार से कांग्रेस पार्टी मांग करती है। की तत्काल किसानों का मुआवजा दिया जाए।

अगर सरकार ने ऐसा ना किया तो प्रदेश भर के कांग्रेस संघर्ष करते हुए किसानों की लड़ाई लड़ेंगे। इस मौके पर अजय पांडे, अरविंद दुबे, घनश्याम यादव, रमाशंकर राठौर, एहसान उल हक, सत्य प्रकाश शर्मा, डॉ रामकृष्ण राजपूत, फरहाद हुसैन, अशोक कनौजिया, राम भरोसे कमल, श्यामू, हरि शरण, निलेश सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# पारदर्शिता के साथ निर्वाचन को कराएं संपन्न: जिला निर्वाचन अधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत सेक्टर मजिस्ट्रेटो को गूगल मीट के माध्यम से कलेक्ट्रेट, गांधी सभागार में दिये जा रहे प्रशिक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो वोटर टर्न आउट रेशियो ऐप लांच किया गया है, जिसकी मदद से मतदान के समय यह जाना जा सकता है कि वोटरों की संख्या कितनी है और कहां-कितने प्रतिशत मतदान हुआ है। इस ऐप में चुनाव से संबंधित डाटा समय-समय पर फीड किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऐप की विस्तृत जानकारी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और पीठासीन अधिकारी को प्रशिक्षित किया जाए। जिससे जो रिकॉर्ड मिले, भरने में किसी प्रकार की समस्या ना हो और डेटा सबको समय-समय पर पता चलता रहे। कहा कि एआरओ सेक्टर मजिस्ट्रेट को और सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी को जोड़ेंगे। मतदान खत्म होने और पोलिंग पार्टी



के वापस लौटने के बाद डेटा को वेरिफाई किया जाएगा। इसके बाद अंतिम आंकड़ों को ऐप पर अपलोड कर दिया जाएगा। ऐप पर पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या भी अलग-अलग दिखाई जाएगी। ऐप से मतदाता की उपस्थिति को लेकर पारदर्शिता बढ़ाएगा।

उन्होंने कहा कि पहला काम चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराना है और अपने लक्ष्य के अनुरुप कार्य करना है। अपने-अपने सेक्टर का भ्रमण कर कार्य करें, लोगो को अधिक से अधिक प्रेरित करें और उनकी कठिनाइयों का समाधान करें। लोगो को बताये हर बूथ पर पैरामिलिट्री फोर्स रहेगी, किसी को घबराने व भयभीत होने की आवश्यता नही है। निडर होकर वोटिंग करें। उन्होने कहा कि पहले लैंड ऑर्डर में फोकस करते थे अब इससे आगे बढ़ने की आवश्यकता है, जिससे पोलिंग रेशियो को बढ़ाया जा सके। यदि हर सेक्टर में 500-500 वोटर बढ़ जाए तो निर्वाचन आयोग की मंशा के अनरूप नेशनल एवरेज 67 प्रतिशत के लक्ष्य तक आसानी से पहुंच जाएंगे। कहा कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के साथ किसी के साथ बेइमानी और पश्चपात नही होना चाहिये। उन्होने कहा कि वोट डलवाने में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित होनी चाहिये। किसी को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी अशीष कुमार सिहं, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# आउटसोर्सिंग पर तैनात चार कर्मचारियों की सेवा समाप्त

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर महिला चिकित्सा महाविद्यालय के सीएमएस ने बुधवार को इमरजेंसी वार्ड में संविदा पर तैनात चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। उक्त सभी कर्मचारियों द्वारा अक्सरकर मरीजों के साथ अभद्रता की जाती है। इसको लेकर सभी के खिलाफ कार्रवाई की गई। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इमरजेंसी वार्ड में तैनात बार्ड ब्याय जबर सिंह पुत्र प्रताप सिंह, आशुतोष पुत्र उपेन्द्र सिंह, सफाई कर्मचारी अमित कुमार पुत्र बांकेलाल व सुमित कुमार पुत्र रामप्रताप को बर्खास्त कर दिया गया है। उक्त सभी कर्मचारी मेसर्स फ्रण्ट लाईन सिक्योरिटी एण्ड मैन पावर सर्विसेज कम्पनी द्वारा संविदा पर तैनात है। उन्होने बताया कि उक्त चारों कर्मचारियों द्वारा गत 05 मार्च को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों द्वारा अभद्रता करते हुए अशोभनीय व्यवहार किया गया था। इसके अलाव उक्त कर्मचारी आपत्तिजनक गतिविधियों में भी संलिप्त पाए गए है। इससे पहले भी उक्त कर्मचारियों की शिकायतें मिली थी। जिसपर चेतावनी देने के बाद उनको रवैया में सुधार लाने के आदेश दिए गए थे। इसके बाद भी उक्त कर्मचारियों द्वारा संस्थान की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके चलते चारों कर्मचारियों की सेवा समाप्त करते हुए उनको बर्खास्त किया जाता है।

# रोवर्स-रेंजर्स त्रिदिवसीय शिविर का हुआ समापन


**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू महाविद्यालय छिबरामऊ मे रोवर्स/रेंजर्स त्रिदिवसीय शिविर के समापन अवसर पर प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने रोवर्स/रेंजर्स को दीक्षा दिलाई। आपने रोवर्स/रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर्स/रेंजर्स सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सुमनलता यादव ने खिड़कियों के पार से झाँकती हैं बेटियाँ गीत द्वारा सार्थक ढंग से स्त्री सशक्तिकरण एवं समाज में स्त्रियों की भूमिका को रेखांकित किया। डी ओ सी परशुराम पाल ने रोवर्स/रेंजर्स में प्रवेश की प्रतिज्ञा दिलवायी व इसके लक्ष्यों और उद्देश्यों से अवगत



कराया। रेंजर्स ने गीतांजलि, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले,भारत माता एवं रोवर्स ने सरदार भगत सिंह नामक टोलियाँ बनायीं। रोवर्स/रेंजर्स ने स्वागत गीत, राष्ट्रभक्ति गीत, लोकगीत इत्यादि सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। रोवर्स/रेंजर्स द्वारा निर्मित टेंट, रंगोली व बिना बर्तन के भोजन का निरीक्षण प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। सभी ने उनके मौलिक कार्यों की सराहना की। रोवर्स /रेंजर्स द्वारा बनाई गई टोलियों में भारत माता व भगत सिंह टोली को सर्वोत्तम स्थान, गीतांजलि व सावित्रीबाई फुले टोली को अतिउत्तम स्थान तथा रानी लक्ष्मी बाई को उत्तम स्थान प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर साथी उपस्थित रहे।

## कांग्रेंसी नेताओं ने प्रदर्शन कर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की रखी मांग



एसडीएम अशोक कुमार सिंह को ज्ञापन सौपतें कांग्रेंसी नेता

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** तहसील परिसर में बुधवार की दोपहर कांग्रेंसी नेताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम तिर्वा को मुख्यमंत्री संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेंसी नेताओं ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में पिछले दिनों क्षेत्र में ओलाबृष्टि से किसानों की फसलों के हुए नुकसान का जल्द मुआवजा दिलाए जाने की मांग रखी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पॉलीवाल के नेतृत्व में करीब दो दर्जन कांग्रेंसी नेता व कार्यकर्ता तिर्वा तहसील पहुंचे। यहां उन्होने करीब दो घण्टे तक जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद कांग्रेंस के एक प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अशोक कुमार सिंह को सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि पिछले दिनों तिर्वा तहसील क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा गांव में ओलाबृष्टि व बारिश से किसानों की हजारों बीघा फसले बर्बाद हो गई थी। जिनको आज तक मुआवजा नहीं मिल सका है। उन्होने मांग रखी कि जल्द इन किसानों को मुआवजा दिलाए जाए। इस मौके पर अशोक कनौजिया, घनश्याम सिंह, फरहाद हुसैद, असलाम खां, जितेन्द्र सिंह, श्यामू सहित कई कांग्रेंसी नेता मौजूद रहे।

# भाजपा ने नारी स्वावलम्बन के लिये किया कार्य : रामवीर कठेरिया

▸ नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम में उमड़े महिलायें व भाजपा नेता

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद में नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों महिलाओं सहित भाजपा नेताओं ने प्रतिभाग कर वर्चुअल कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के विचारों को सुना व देखा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने कहा कि भाजपा सरकार नें नारी सशक्तिकरण को बढावा दिया है।

बुधवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में आयोजित नारी शक्ति बंदन के वर्चुअल कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य



नारी शक्ति बंदन वर्चुअल कार्यक्रम को देखते भाजपा नेता।

वक्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा नारी शक्ति को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनानें की योजनाओं का विस्तृत रुप से उल्लेख किया। कार्यक्रम के उपरान्त भाजपा जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया नें कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नारी हित में शौचालय योजना, उज्जवला योजना, तीन तलाक, प्रधानमंत्री आवास योजना, महिला हेल्पलाईन नम्बर सहित अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन कर नारी शक्ति को स्वावलम्बी बनाकर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष धमेंन्द्र कौशल, भाजपा महिला नगर अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, भाजपा नेत्री बीना चौहान, भूरा कठेरिया, विजय दुवे, संजीव गुप्ता, अमन कठेरिया, दीपक सिंह सहित मीना, प्रीती, राखी, सुनीता, अनीता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रधानमंत्री के संबोधित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को महिलाओं ने देखा लाइव

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत संबोधित किया गया। बुधवार को विकासखण्ड गुगरापुर सभागार में लाइव संबोधन को समूह की कैडरो एवं लखपति दीदियों सहित आदि महिलाओं ने देखा और सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके शासनकाल में महिलाओं के लिए किए गए विकास कार्यों का खासतौर से जिक्र किया। महिला आरक्षण विधेयक को उनकी सरकार की विशेष उपलब्धि बताते कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च वरीयता दी है। आज देश में महिलाएं सर उठाकर पुरुषों के साथं बराबर कदम से कदम मिलाकर चल रही है। नारी सम्मान में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार को पहल नारियों की कोई चिंता नहीं थी। इसके अलावा ब्लॉक सभागार में खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू की अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें एक शिकायत दर्ज हुई। उसका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर ब्लॉक के समस्त कर्मचारी रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा पर जागरूकता शिविर आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला मुख्यालय के मोहल्ला चौधरी सराय स्थित राजकीय महिला डिग्री कालेज में महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों के विषय पर जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन अपर जिला जज एवं प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की देख रेख में किया गया। शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक जगदीश यादव एवं सीमा बानो सक्सेना तथा वन स्टाप सेंटर की प्रबन्धक विनीता कुमारी ने नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीडन एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीडन को रोकने हेतु आंतरिक परिवाद समिति का गठन आवश्यक बताया। पराविधिक स्वयं सेवक जगदीश यादव, सीमा बानो ने शिविर में मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुये कहा कि जागरूकता महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों को प्राप्त करने का माध्यम है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर चर्चा करते हुये उन्होंने बताया कि बाल विवाह में शामिल व्यक्ति के लिये 2 वर्ष की कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। पास्को एक्ट पर चर्चा करते हुये उन्होने विस्तार से जानकारी दी। घरेलू हिंसा से महिलाओं का सरंक्षण अधिनियम 2005 पर चर्चा करते हुये बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला को उसी घर में रहने का अधिकार प्राप्त है। कार्यस्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीडन से बचाने के लिये आंतरिक परिवाद समिति व क्षेत्रीय परिवाद समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संपत्ति के अधिकार पर बराबरी का अधिकार प्राप्त है। बताया कि सीनियर सिटीजन एक्ट के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारो को सरंक्षण प्रदान किया गया है। इसके अलावा उन्होंने पारिवारिक कानून एवं भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों पर जानकारी प्रदान की। महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गयी, तथा शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि संकट के समय इन नंबरों पर सूचना देकर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# गौशाला में गंदगी देख सचिव पर विफरे डीएम

▸ बीडीओ से बोले सचिव से मांगें स्पष्टीकरण अथवा करें निलंबित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने सितवनपुर पिथू गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में गौशाला में अत्यंत गंदगी पाई गई। सभी व्यवस्थायें अव्यवस्थित पायीं। गौवंश दुर्बल पाये गये। गौशाला में 521 गौवंश पाये गये। जिनमें 08 दुधारू हैं। गौशाला में 1 केयरटेकर व 14 गौपालकों की नियुक्ति बताई गई। सही तरह से साफ-सफाई न होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। बीडीओ को निर्देश दिया कि पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण लिया जाए कि लापरवाही में क्यों न निलंबित कर दिया जाये। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति पंजिका से उपस्थिति का मिलान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिसंबर महीने के खर्चे का हिसाब चेक किया गया। गौशाला के मैनेजर द्वारा कोई भी कार्य सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। प्रधान द्वारा बताया गया कि गौशाला में रोज 25 से 26 कुंतल भूसा खर्च हो रहा है। बीडीओ ने बताया कि उनके क्षेत्र में कोई भी आवारा जानवर छुट्टा नहीं घूम रहा है। जिलाधिकारी द्वारा गौशाला की खराब स्थिति पर सीवीओ व बीडीओ से स्पष्टीकरण तलब किया गया। जिलाधिकारी द्वारा डीडीओ को निर्देशित किया कि सभी बीडीओ व ईओ से ये प्रमाण-पत्र लिया जाए कि उनके क्षेत्र में कोई भी खुला गौवंश नहीं है। सभी को गौशाला मैं रखा गया है। गायों को चारा सही से दिया जाये। गौशाला में कुल 550 बीघे जमीन है। जिससे 20 बीघे पर शेड व 95 बीघे में चारा बोया गया है। बाकी खाली है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गौशाला की खाली पड़ी जमीन पर चारा, जौ बरसीम नैपियर घास उगाई जाये। जिसका उपयोग गौशाला में किया जाये। जो शेष बचे उसको उपजिलाधिकारी, सीवीओ व बीडीओ की समिति की निगरानी में बाजार में बेंचा जाये।

जिससे गौशाला की आय बढ़ाई जा सके। गौवंश के गोबर व पेशाब के सही इस्तेमाल के निर्देश दिए एवं गौशाला की रंगाई पुताई कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाओं को 15 दिन में ठीक कर लिया जाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दबंगों ने पीड़ित की तोड़ी निर्माणाधीन दीवार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अपने पैतृक खेत की जगह में दुकान बनाकर लेंटर डाल रहे युवक को अपनी जगह बताकर दबंगों ने निर्माणाधीन दीवारें तोड़ दीं। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी राजीव कुमार पुत्र शिव मंगल सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने पैतृक खेत में दो दुकानों का निर्माण कराया। जिस पर गांव के ही दबंग आरोपीगण अपनी जमीन बताकर नवनिर्मित दुकानों का निर्माण करने में बाधा डाल रहे हैं। बीती रात गांव के ही दबंग आरोपीगणों ने नवनिर्मित दीवारों को क्षतिग्रस्त कर डाला। जब सुबह पीड़ित को जानकारी हुई। तब पीड़ित थाने पहुंचा और थाना पुलिस को घटना के संबंध में गांव के ही नामजद आरोपी जोगेंद्र, सीताराम, हंसराज के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



खोये हुए मोबाइल मिलने के बाद प्रसन्न मुद्रा में लोग

## पुलिस ने खोये हुए 101 मोबाइल स्वामियों को सौंपे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा देश के विभिन्न राज्यों व विभिन्न जनपदों व जनपद के थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन गुमशुदगी से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्र जिन्हें सर्विलांस पर लगाकर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिन्हें सर्विलांस सेल द्वारा अथक परिश्रम व मेहनत के फलस्वरुप विभिन्न कंपनियों के कुल 101 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किये गये। बुधवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन के वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा सर्विलांस टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा आम जन मानस द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु फतेहगढ़ पुलिस की प्रशंसा की जा रही है। मोबाइलों की कीमत करीब 24 लाख रुपये बतायी जा रही है। बरामद करने वाली सर्विलांस टीम में उप निरीक्षक विशेष कुमार, हेका संदीप राय, हेका अनुराग कुमार, हेका अजय कुमार मौजूद रहे।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को हैंडपंप से पानी पीने गई बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने आरोपित युवक राजीव बाल्मीक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पांच वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के मामले में गांव के ही युवक राजीव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार मंगलवार को समय करीब 3 बजे मेरी पांच वर्षिय पुत्री हैंडपंप से पानी पीने गई थी इसी समय राजीव मेरी पांच वर्षीय पुत्री को उठा कर शौचालय में ले गया था जहां उसने मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के समय थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह अवकाश पर थे। बुधवार को वापस आते ही थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने आरोपित राजीव बाल्मीक को पखना चौराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित को पखना चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय से राजीव बाल्मीक को जेल भेज दिया गया। पीड़ित बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन



मृतक का फाइल फोटो

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

▸ विक्रम के पिता विश्वनाथ ने बताया की विक्रम दिल्ली में ओला में गाड़ी चलाया करता था। 4 दिन पहले ही वह गांव आया था

थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव बंथल शाहपुर निवासी विश्वनाथ राजपूत के 28 वर्षीय पुत्र विक्रम राजपूत की मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पिता विश्वनाथ ने बताया कि विक्रम अपनी बहन प्रतिमा के घर दनिया हुसैनपुर जा रहा था। 8 दिन पहले वहां किसी की मृत्यु हो गई थी, तो उन्हीं के घर जा रहा था। संकिसा रोड पर नीमकरोरी की तरफसे आ रहे ट्रैक्टर ने आलोक ईट भट्ठे के पास बाइक सवार को टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची 112 ने 108 एंबूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचाया। जहां डॉक्टर सनी मिश्रा ने विक्रम राजपूत को हेड इंजरी होने के कारण मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने टैक्टर चालक व टैक्टर को हिरासत में ले लिया। विक्रम की शादी 5 वर्ष पहले महालक्ष्मी के साथ हुई थी। विक्रम का एक चार वर्षीय पुत्र सार्थक है। विक्रम के पिता विश्वनाथ ने बताया की विक्रम दिल्ली में ओला में गाड़ी चलाया करता था। 4 दिन पहले ही वह गांव आया था। माता देवकी, पत्नी महालक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल है। उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जर्जर पोल से गिरकर संविदा लाइनमैन की मौत

▸ भाई ने ठेकेदार पर लगाया जबरदस्ती चढ़ाने का आरोप

▸ शव का पन्चनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



मृतक का फाइल फोटो



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

जर्जर पोल सहित गिरकर संविदा लाइनमैन की मौत हो गयी। वहीं भाई ने ठेकेदार पर भाई को जबरदस्ती पोल पर चढ़ाने का आरोप लगाया। जिससे वह पोल सहित नीचे आ गिरा और उसकी मौत हो गयी।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव भटासा निवासी अंकुश जाटव उम्र 21 वर्षीय पुत्र प्रेमचन्द जाटव ठेकेदार विकास द्वारा भगवती टाकीज के निकट विद्युत पोल पर चढ़कर वंच केबिल डाल रहा था। उसी दौरान पोल सहित वह नीचे गिरा और लहुलुहान हो गया। आनन-फानन में श्रीकिशन को घायलावस्था में समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने युवक लंकुश को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के भाई ने आरोप लगाते हुए कहा मैं नीचे खड़ा था। ठेकेदार विकास ने कहा इस पोल पर वंच केबिल डालो।

इस पर मैंने मना किया। मैंने कहा कि पोल गला हुआ है इस पोल पर मेरा भाई नहीं चढ़ेगा, लेकिन ठेकेदार ने अपनी जिम्मेदारी पर चढ़ा दिया और मेरा भाई लंकुश पोल सहित नीचे गिरकर घायल हो गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, उपनिरीक्षक नितिन यादव, कांस्टेबिल अभिषेक कांस्टेबिल विनीत कुमार सहित स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर जाँच पड़ताल कर शव का पन्चनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक का विवाह दो वर्ष पूर्व जौनपुर निवासी संध्या के साथ हुआ था। मृतक की एक वर्ष की बेटी है। मृतक के चार भाई सुग्रीव, मृतक अंकुश, श्रीकिशन, शिवम सहित मॉ कलानी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## फसल रखवाली के दौरान खूंखार सांड ने किसान पर किया हमला

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम किसरोली निवासी लगभग 50 वर्षीय इशहाक पुत्र शमसुद्दीन का खेत गांव के ही पास है। जिसमे फसल बोयी गयी थी। जो आजकल तैयार हो रही है। बुधवार की सुबह फसल रखवाली के लिए खेतों की ओर गये थे। उनके खेत में आवारा गोवंश विचरण कर रहे थे। जब किसान ने गोवंशों को भगाने का प्रयास किया, तो इन्हीं गौवंशों में एक खूंखार सांड बिगड़ गया और वृद्ध पर हमला बोल दिया। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान की चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान आ गये और डंडों से सांड को भगाया। घटना की सूचना पीड़ित किसान के घर पर दी गई, तो परिजन मौके पर पहुंचे। किसान को नजदीक कस्बे के एक प्राइवेट नर्सिंग होम ले गए। जहां हालत गम्भीर होने पर फर्रुखाबाद ले जाने की सलाह दी गयी। परिजन उसे लेकर फर्रुखाबाद पहुंचे और एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

# आरसी केंद्र तथा आंगनवाड़ी केंद्रों की धीमी प्रगति पर बीडीओ नाराज



सचिवों की बैठक लेते प्रभारी बीडीओ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड अधिकारी ने सचिवों के साथ बैठक की और आरसी केंद्र तथा आंगनबाड़ी केंद्रों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर बुधवार को डीपीओ/प्रभारी विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विकास खंड अधिकारी ने विकास खंड क्षेत्र में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों तथा आरसी केंद्र सरकारी राशन की दुकानों की धीमी प्रगति पर सचिवों के द्वारा बनाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं पर हरहाल में धरातल पर लाने का कार्य किया जाए और तेज गति से काम कर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो जैसे आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सरकारी राशन की दुकानों में निर्माण कार्य की प्रगति को बढ़ाया जाए। जिसमें विकास खंड अधिकारी ने सचिवों से ग्राम प्रधानों के जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकास कार्यो को देखा तथा सभी ग्राम प्रधानों को निर्देशित करते हुए बताया कि वह जल्द से जल्द ग्राम सचिवों का सहयोग कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सरकारी राशन की दुकानों को बनवाने में अपनी रुचि लें। जिससे सरकार की योजनाओं को धरातल पर दिखाया जा सके।

वहीं क्षेत्र में बना रहे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवासों की समीक्षा की। जिसमें जल्द से जल्द जिओ टैगिंग कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम सचिव बृजनंदन लाल, धर्मेंद्र पाल, मानवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, जुबेर अहमद, आकांक्षा सक्सेना, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव सहित सभी ग्राम सचिव तथा विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी बैठक मौजूद रहे।

## डीसीएम का कट लगने से बाइक सवार घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार डीसीएम चालक ने बाइक सवार के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ढाईघाट रोड पर डीसीएम को रोक लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। थाना क्षेत्र के गांव रजलामई निवासी बाइक चालक विजेंद्र कुमार अपने भाई को बैठाकर किसी काम से फैजबाग जा रहा था। गांव के पास डीसीएम को ओवरलोड करते समय बाइक में डीसीएम का कट लग गया। जिसमें बाइक चालक व सवार दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में लोहिया भेज दिया गया। घटना की सूचना फैजबाग चौकी पुलिस को दी गई। चौकी इंचार्ज जितेंद्र पटेल ने डीसीएम का पीछा कर ढाईघाट रोड पर डीसीएम को कब्जे में लिया और चौकी पर ले आये। डीसीएम चालक पुलिस पुलिस में है। चौकी इंचार्ज जितेंद्र पटेल ने बताया घायलों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत पीएम का देखा लाइव प्रसारण

कमालगंज/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद व महिलायें

पश्चिम बंगाल में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने एक सभा को संबोधित किया। जिसका लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसी क्रम में कमालगंज ब्लॉक संस्थान में वर्चुअल प्रसारण में भाग लेने पहुंचे सांसद मुकेश राजपूत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मोदी का लाइव प्रसारण देखा।

इसके बाद सांसद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं मातृशक्ति व नारी शक्ति का वंदन अभिनंदन करता हूं और जो भाजपा सरकार तथा मोदी ने महिलाओं को सम्मान दिया है उतना सम्मान शायद पिछली किसी सरकार में महिलाओं को नहीं दिया गया। जहानगंज में विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा हमारे प्रदेश में महिलाओं को समूह से समृद्धि की ओर जोड़ा जा रहा है। जिसमें हमारी सरकार का बहुत बड़ा योगदान है तथा नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। संचालन खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने किया। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक नागेंद्र सिंह, संकिसा चेयरमैन तथा बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख शकुंतला राजपूत, प्रतिनिधि शीलचंद्र राजपूत, सचिव प्रदीप कुमार, लक्ष्मी लता गौतम, अंजलि प्रजापति, वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड़, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार, गोपाल पालीवाल, शिव गोयल सहित तमाम लोग तथा समूह की महिलाएं व अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

**वहीं दूसरी ओर** नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार परिसर में बीडीओ के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल में हुए नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम को लाइव प्रसारण दिखाया गया।

जिसे विकास खंड क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा एनआरएलएम समूह की महिलाओं ने उपरोक्त कार्यक्रम को लाइव देखा। जिसमें प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की योजनाओं का बखान किया तथा लोगों से घर-घर कमल खिलाने की अपील की। जिसमें विकासखंड अधिकारी/डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य, भाजपा नेता आदेश राठौर, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश, अखिलेश भारद्वाज, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, आलोक पाठक, लिपिक सुरेशचंद्र, आलोक दीक्षित तथा विकास खंड कार्यालय के तीनों एनआरएलएम समूह से संबंधित बीएमएम साथ में मौजूद रहे।



## स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के जहानगंज छछोनापुर में श्री पुत्तूलाल मेमोरियल पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद्र राजपूत ने मां सरस्वतीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद में मोबाइल फोन वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने ढाई सौ मोबाइल फोन बांटे। इसके बाद छात्रों के चेहरे पर अजीब सी खुशी देखने को मिली। छात्रों ने बताया कि इससे पढ़ाई और भी सरल व सुलभ हो जाएगी। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद्र राजपूत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने छात्रों की पढ़ाई के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं की हैं। इसके थ्रू स्मार्ट फोन, टैबलेट आदि छात्रों को वितरण किए हैं ताकि छात्रों की पढ़ाई में आ रही दिक्कतों को दूर किया जा सके। जैसे आजकल पढ़ाई का सिस्टम ऑनलाइन से ज्यादा हो गया है। आजकल डिजिटल सिस्टम हो रहा है, तो हमारे कुछ छात्र ऐसे हैं जो कि मोबाइल लेने में असमर्थ हैं। उनके लिए हमारी सरकार ने सभी छात्रों को डिजिटलीकरण से जोड़ते हुए जगह-जगह छात्रों को स्माटफोनों का वितरण हो रहा है। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक विकास राजपूत तथा संरक्षक रामसेवक राजपूत, ग्राम प्रधान विनय उर्फ वीरपाल राजपूत सहित अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एडीएम ने जूस पिलाकर समाप्त कराया किसान यूनियन (भानु गुट) का आमरण अनशन

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।



पिछले 10 दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन भानू गुट का अनशन बुधवार को अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने अनशनकारी को जूस पिलाकर समाप्त कराया। आपको बता दे पिछले 10 दिनों से किसान यूनियन के कार्यकर्ता राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिहरपुर के सामने एक खाली पड़े खेत में जनपद की विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे।

इसी बीच अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य धरना स्थल पर पहुंचे और किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी से वायदा करते हुए कहा कि वह उनकी मुलाकात तीन दिन के अंदर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराएंगे। विधायक ने मुलाकात तो करना दूर। इस बीच खुद भी मिलना मुनासिब नहीं समझा, तभी धरना आठवें दिन आमरण अनशन में बदल गया और एक 65 वर्षीय वृद्ध आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि जब तक हमें मुख्यमंत्री से नहीं मिलाया जाएगा वह कुछ भी नहीं खाएंगे। इसी बीच मुख्यमंत्री के जनपद आगमन की भनक लगते ही प्रशासन हरकत में आया और आज सुबह होते ही अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 रविंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय, उप जिला अधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह धरना स्थल पर पहुंच गए और किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं से बातचीत की, पर कोई हल नहीं निकला। किसान यूनियन के लोग मुख्यमंत्री मिलने की मांग करते रहे और अनशन को एक उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दे दी।

प्रशासन ने शाम तक कड़ी मशक्कत के बाद आमरण अनशन को समाप्त कराया। एडीएम ने जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी से जिला स्तर की सभी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया व साथ ही मुख्यमंत्री से संगठन के तीन लोगों को मिलवाया जाएगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेपुर मोहम्मद कामिल, थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मौके पर डटे रहे।

# न्यायालय के आदेश पर दम्पति समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

न्यायालय के आदेश पर दंपति सहित पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव बिलसड़ पछाया निवासी महिला दुर्गेश ने दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह नौ वर्ष पूर्व सिकंदरपुर खास निवासी आयुश मिश्रा के साथ हुयी थी।

शादी के कुछ माह बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न करने पर उन्होंने महिला को घर से निकाल दिया। महिला ने पति व ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मूकदमा दर्ज करा दिया। तीन चार माह आयुश अपनी पत्नी के घर गया और जमीन के कारण स्वजनों पर हत्या करने की साजिश की बात बतायी। आयुश ने पत्नी से दहेज उत्पीड़न का मुकदमा खत्म कर समझौते की बात कही। महिला के स्वजनों ने समझौते से मना कर दिया। दो माह पूर्व महिला अचानक अपनी ससुराल पहुंची तो पता चला की उनके पति की मौत तीन दिन पूर्व हो चुकी है। स्वजनों ने जानकारी दिए बिना ही उनके पति का अंतिम संस्कार कर दिया। महिला ने थाने व एसपी से मामले की शिकायत की। जिसके बाद महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर विजय मिश्रा उनकी पत्नी कल्पना मिश्रा, पियूष मिश्रा, पियूष मिश्रा की पत्नी व एक अज्ञात के खिलाफ बुधवार दोपहर हत्या व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पिकअप से आये चोर खोल ले गये बकरियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज से सटे गांव बरतल निवासी सुनील सक्सेना पुत्र वीरेंद्र सिंह सक्सेना ने बताया कि बीती रात उनके घर के बरामदे में बंधी दो बकरियां बंधी थीं। रात में चोर पिकअप से आये और बकरियां खोलने लगे। बकरियां खोलकर उन्होंने बांध ली, तभी खटपट की आवाज सुनकर पीड़ित गृह स्वामी जागकर बाहर आया, तो पीड़ित ने चीख पुकार मचाई। जब तक ग्रामीण एकत्र हो पाए, तब तक पिकअप चालक अज्ञात चोर ने एक ग्रामीण के तमंचा लगा दिया और न बोलने की हिदायत दी। जिस पर पीड़ित डर गया और चोर पिकअप को भगा ले गये। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली पालकी यात्रा

**जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का किया स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महाशिवरात्रि के उपलक्ष पर ऐतिहासिक प्राचीन महाभारत कालीन श्री पांडेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग शक्तिपीठ मन्दिर पांडेश्वर नाथ मंदिर से देवों के देव महादेव कालों के काल महाकाल की पालकी यात्रा बड़ी धूमधाम से शिव भक्तों ने नगर के मुख्य मार्ग पांडेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण से निकल गई।



महाकाल के स्वरुप की आरती उतारते भक्तगण

महाकाल मंडली ने के भक्तों के द्वारा महाकाल का रुद्राभिषेक भोले बाबा एवं पार्वती माता का सोलह सिंगार, हल्दी रसम, मेहंदी, लोकगीत, मंगल गीत के साथ दुल्हन एवं दूल्हे का सिंगार किया गया। सुंदर आकर्षक दिव्य एवं भव्य रथ पर बैठाया तो महाकाल बाबा के पालकी में बिठाया गया। नगर में पालकी यात्रा रेलवे रोड, चौक, घूमना बाजार, नितगंजा बाजार, स्टेट बैंक, रेलवे रोड घूमती हुई पार्वती माता के दरवाजे श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंची। वहां बारातियों का स्वागत हुआ। रास्ते में भोले बाबा की बारात में देव दानव मानव भूत प्रेत चल रहे थे। उज्जैन क्षेत्र के डमरु और लगडे, घंटा, शंख, घड़ियाल के द्वारा पूरा नगर शिव मय हो गया। जय महाकाल, जय शिव शंकर, जय भोलेनाथ से नगर गूंज उठा। नगर में जगह-जगह महाआरती प्रसाद विचरण किया गया। पालकी शोभा यात्रा में विभिन्न झांकियां थी श्री बालाजी महाराज, महाकाल की धुन, धर्म ध्वजा, शंकर पार्वती, महाकाली का अखाड़, काली शंकर के दर्शन पाकर धन्य हो गए।

मंदिर पहुंचकर शिव पार्वती का उनकी सुंदर झांकी भक्तों ने मंगल गीत के भावनृत्य किया। प्रमुख पुजारी उमेश शर्मा ने महाआरती उतारी और भक्तों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा सृष्टि के देवता का सनातन धर्म के विवाह संस्कार देता है। हम सबको मानव जीवन की प्रेरणा देता है। हमारा प्रमुख उद्देश्य भारतीय संस्कृति का जन जागरण करना प्रमुख उद्देश्य जय महाकाल सबके जीवन मंगल में करते हैं। इस अवसर पर नगर के शिव भक्तों ने भाग लिया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय गर्ग ने अपने प्रतिष्ठान नेहरु रोड पर यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया। स्वागत के दौरान जयप्रकाश, हरिओम, मुकेश, विनोद, नीरज आदि भक्तों ने पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी उमेश शर्मा, राजेश शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रखर शर्मा, अनुज राजपूत, अरुण सक्सेना, अखिल, अभिषेक, अरुण अमित, कृष्ण श्लोक, अभीराल दीपिका, शिवानी मिश्रा, सुनीता, शिवांगी, मोहिनी गुप्ता, देव कुमार, तनिष्क सैनी आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण शिविर में ध्वज के इतिहास व प्रतीकों की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षुओं को ध्वज शिष्टाचार की ट्रेनिंग दी गई। रोवर्स रेंजर्स की जिला प्रशिक्षक गाइड कैप्टन भारती मिश्रा ने प्रेरणा गीत के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किया।



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद प्राचार्य व शिक्षकगण

उन्होंने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। स्काउट ट्रेनर योगेश कुमार द्वारा विभिन्न प्रकार के ध्वजों के बारे में बताते हुए स्काउट गाइड के ध्वज के इतिहास एवं उसके प्रतीकों के के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्काउट ट्रेनर तरुण कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की गांठों का अभ्यास करवाया। प्राचार्य ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ0 देवेंद्र कुमार, विपिन सिंह, डॉ0 मनीषा सक्सेना, सत्यनारायन सिंह, ब्रजेश वर्मा, रितिक गुप्ता, अरविंद कुमार, अभिषेक चतुर्वेदी, संजीव शुक्ला, अशोक बाथम आदि उपस्थित रहे।

# एसबीआई से चुनावी ब्राण्ड दाताओं के नामों के खुलासे की उठाई मांग



बैंक मैनेजर को ज्ञापन सौंपते यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को यूथ कांग्रेस जिला व शहर कमेटी के तत्वाधान में एसबीआई शाखा पर पहुंचकर युवक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों द्वारा विरोध किया गया और नारे लगाये गये। मुख्य प्रबंधक अभिषेक सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि एसबीआई को 6 मार्च तक चुनावी ब्रांड दाताओं के नाम का खुलासा करने का आदेश दिया है। क्योंकि इस योजना को असंवैधानिक माना है। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से समय सीमा 30 जून 2024 तक बढ़ाने की अपील की है। एसबीआई और भाजपा उन भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मिलीभगत कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन्होंने भाजपा को रिश्वत के रुप में पैसा दिया था।

यूथ कांग्रेस ने एसबीआई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करने एवं दानदाताओं के नाम उजागर करने की मांग की है। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अम्मार अली, शालू सिंह, रमेश, इलियास खान, शिवाशीष तिवारी, शरीफ खान, तनुष तिवारी, शीवेन्द्र मिश्रा, गजेन्द्र पाल, अभिषेक सिंह, सैफ हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

## किसानों की बर्बाद फसल के मुआवजा दिलाये जाने की कांग्रेसियों ने उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन तसीलदार श्रद्धा पाण्डेय को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों की फसल पिछले दिनों में भारी बारिश व ओलावृष्टि के चलते बर्बाद हो गयी थी। मुख्यमंत्री ने कहा था जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है उन्हे मुआवजा 24 घंटे में दिया जायेगा, परन्तु अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ हमेशा खड़ी रही है। अन्याय के विरुद्ध न्याय दिलाने के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी है और लड़ती रहेगी। ज्ञापन देने के दौरान वरुण त्रिपाठी, धीरेन्द्र मिश्रा, जानकी शुक्ला, जुबैर, नसरीन, पप्पो, सुनीता, निक्की, शाबिर, अर्जुन शर्मा, विनोद श्रीवास्तव, हिलाल सफीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय किसान संघ ने उठायी मुआवजे की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रांतीय आवाह्न पर बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि के चलते किसानों की फसल में हुए नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। 2 व 3 मार्च को बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि होने से किसानों की गेहूं, सरसों, तम्बाकू, आलू की काफी फसल नुकसान हो गई है। जनपद की तहसील अमृतपुर के अन्तर्गत जमापुर, गौटिया, बदनपुर, मुजहा, लीलापुर, नगला हूसा, बलीपट्टी, आसमपुर मंझा, हरिहरपुर, कलक्टरगंज, करनपुर दत्त, अमृतपुर, राजपुर, कुबेरपुर, अलापुर, रतनपुर, गूजरपुर, हुसैनपुर, कुम्हरौर आदि गांव में ओलावृष्टि से गेहूं व सरसों की फसल बर्बाद हो गयी है। कायमगंज तहसील में तम्बाकू व गेहूं तथा आलू की फसल को नुकसान हुआ है। भारतीय किसान संघ मांग करता है कि किसानों के नुकसान की भरपाई शीघ्र मुआवजा देकर पूरी की जाये। इस मौके पर सुरजीत सिंह कटियार, सूर्यकांत महाजन, शिवनंदन सिंह भदौरिया, अवनीश दीक्षित, महावीर कटियार, अशोक कुमार, अनूप शर्मा, मानसिंह आदि लोग मौजूद रहे।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता



मतदाता जागरुकता की शपथ लेते युवा

## स्वीप के तहत युवाओं को मतदाता जागरुकता की दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वीप के अन्तर्गत लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी गई। ब्लाक गाइड कैप्टन भारती मिश्रा व गाइड कैप्टन ज्योति के निर्देशन में मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए नैतिक जिम्मेदारी व नवीन मतदाताओं को वोट डालने की अपील की गई। गाइड कैप्टन ज्योति ने मतदान दिवस के बारे में बताया। देश के भाग्यविधाता बनों और अपना वोट डालकर फर्ज निभाओ। साथ ही नारे लगाये गये वोट हमारा अधिकार है, इसकों करें नहीं बेकार, बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान के नारे लगाये गये। इस इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कुमार, सत्यनारायन सिंह, विपिन कुमार, डॉ. मनीषा सक्सेना, बृजेश वर्मा, रितिक गुप्ता, अरविंद कुमार, अभिषेक चतुर्वेदी, संजीव शुक्ला, अशोक बाथम, तरुण कुमार, योगेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय संगोष्ठी प्रधान/ एमएससी अध्यक्ष व प्रधानाध्यापक द्वारा उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कायमगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक सुरभि एवं एमएससी अध्यक्ष राहुल कुमार गंगवार ने दीप प्रज्जवलित कर किया।





मुख्य अतिथि को सम्मानित करते शिक्षक

संविलियन विद्यालय हरसिंहपुर गोवा की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। संचालन जयपाल सिंह ने किया। उन्होंने अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंध समिति संबंधित जानकारी जयपाल सिंह ने देते हुए बताया कि प्रेरणा पोर्टल एवं शैक्षणिक बारे में मनोज गंगवार, कायाकल्प के बारे में असगर हुसैन, निपुण भारत की प्रगति के बारे में श्रीनिवास वर्मा, विद्यालय के शैक्षिक परिवेश के बारे में अनिल कुमार शर्मा, स्कूल रेडिनेस एवं बाल वाटिका के बारे में अजीत शर्मा, डीबीटी के बारे में मुकेश कुमार के द्वारा जानकारी साझा की गई। मुख्य अतिथि द्वारा अंजू गंगवार व सविता मिश्रा एवं ऋषिपाल राजपूत को कायाकल्प एवं विद्यालय की प्रगति में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षकों, ग्राम प्रधानों तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष का उत्साहवर्धन किया। खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने आभार व्यक्त किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सूर्यकांत दुबे द्वारा राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में विनीत गुप्ता, स्काउट मास्टर राजकुमार, अनुपम सक्सेना, समस्त एआरपी, नोडल शिक्षक व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतनः नवाब सिंह वर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन के साथ सेवानिवृत्त प्रवक्ता भाजपा नेता नवाब सिंह वर्मा ने पहुंचकर बच्चों को सम्बोधित किया। एसएमसी की बैठक में प्रबंधन समिति अध्यक्ष खेतल सिंह ने बच्चों को नियमित समय से स्कूल भेजने का अभिभावकों से अनुरोध किया। ग्राम प्रधान प्रतिमा वर्मा के पति सूर्य कुमार वर्मा ने उपस्थित अभिभावकों को स्कूल में जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बैठक में कंपोजिट ग्रांट, निपुण स्कूल, बआलगणनआ, स्कूल चलो अभियान, नवीन नामांकन, वार्षिक





परीक्षा आदि पर चर्चा करते हुए बताया कि शासन द्वारा स्कूल को दो टैबलेट दिए गए हैं। जिसमें पंद्रह फरवरी से बच्चों की आनलाइन उपस्थिति भेजी जायेगी। उन्होंने एसएमसी, ग्राम शिक्षा समिति, पीटीए, एमटीए, मां समूह की सक्रियता पर जोर देते हुए एमडीएम की गुणवत्ता, फल, दूध वितरण की देखरेख रखने का अनुरोध किया। बैठक में पन्द्रह महिलाओं और दो दर्जन पुरुषों ने भाग लिया। संचालन योगेन्द्र कुमार ने किया।

# उन्मुखीकरण संगोष्ठी में मतदाता जागरुकता की दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी शमशाबाद में सम्पन्न हुई। स्काउट मास्टर व स्वीप कोआर्डिनेटर राजकुमार ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने कहा कि नवीन मतदाता व अन्य सभी मतदाता लोकसभा चुनाव में अपना वोट डालकर इस महापर्व को त्योहार के रुप में मनाये।



मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते राजकुमार

साथ ही उन्होंने वोट का महत्व बताते हुए सरकारी योजनाओं के लाभ बताये। स्काउट मास्टर राजकुमार ने कहा कि लोकतंत्र में वोट ही सबसे अहम होता है। यह वह हथियार है जिससे भ्रष्ट सरकार को धूल चटाया जा सकता है। अपने इस वोट के महत्व को पहचानो और वोट डालकर अपनी शक्ति को दर्शा सकते है। स्काउट मास्टर व जयपाल ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। साथ ही नारे लगाये कि वोट तुम्हारा है अनमोल, करें नहीं अब इसका मोल, राष्ट्र को सशक्त बनाना है वोट डालने जाना है आदि नारे लगाये। इस अवसर पर मुकेश कुमार, अनिल कुमार शर्मा, श्रीनिवास वर्मा, अजीत शर्मा, मनोज गंगवार, असगर हुसैन, सूर्यकांत, अशोक, राजेश यादव, अंजू गंगवार, प्रमोद गंगवार, अनुपम सक्सेना, अरविन्द कुमार, अर्पण शाक्य, कैलाश शाक्य, राशिद खां, राजेश गंगवार, ऋषि पाल राजपूत, प्रभात गंगवार आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायन महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय शिविर में तृतीय दिवस का शुभारम्भ सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। प्रथम सत्र में स्वयंसेवको ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली द्वारा चयनित बस्ती ग्वालटोली का सर्वेक्षण किया गया। गोद लिये ग्वालटोली में स्वयंसेवकों ने आठ टोलियां बनाकर हर घर में एनएसएस मुख्यालय से प्राप्त सूचनाओं को साझा किया। द्वितीय सत्र का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग व मुख्य अतिथि बद्री विशाल



हाथ में पट्टिका लेकर कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीडी यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. मुकेश सिंह राठौर, डॉ. महेश कुमार, डॉ. सुरेन्द्र ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। संचालन डॉ. एचएसएन गुप्त ने किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सीडी यादव ने मतदाता जागरुकता विषय पर मतदान के अधिकारों पर प्रकाश डाला। डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने वोट के महत्व की जानकारी दी। डॉ. महेश कुमार ने वोट बनवाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। डॉ. मनोज गर्ग ने स्वयंसेवकों को मताधिकार के विषय में संवैधानिक कानूनों से अवगत कराया। मतदाता जागरुकता अभियान पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एनएसएस के लक्ष्य गीत व राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। इस मौके पर डॉ.वीके तिवारी, डॉ. सतेन्द्र मिश्रा, डॉ.अजहर जुनैद आलम, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. मोहम्मद अमीन, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# निलंबन के बाद भी दवा बिक्री करने पर लाइसेंस किया रद्द

- दो मेडिकल स्टोरों से औषधियों का लिया गया नमूना, एक को कारण बताओ नोटिस
- औषधि निरीक्षक द्वारा कारण बताओ नोटिस निर्गत किया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय द्वारा मेडिकल स्टोर की जांच की गयी। निरीक्षण के दौरान आर्यन मेडिकल स्टोर जहानगंज का औचक निरीक्षण कर दो नमूने नियमानुसार संकलित किये गये।



मेडिकल स्टोर पर जांच करते औषधि निरीक्षक

इसके पश्चात अमित मेडिकल स्टोर जहानगंज और त्रिवेदी मेडिकल स्टोर जहानगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान त्रिवेदी मेडिकल स्टोर प्रतिष्ठान से दो औषधियों का नमूना भरा गया। अमित मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट कार्यरत नहीं पाएं गए एवं फर्म द्वारा सभी मरीजों को आवश्यक विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था।

व्याप्त कमियों के दृष्टिगत औषधि निरीक्षक द्वारा कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। भरी गई चार संदिग्ध औषधि के नमूने को राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि पूर्व में किए गए औचक निरीक्षण में फर्म रोमिल सोमिल मेडिकल स्टोर लाइसेंस निलंबन के दौरान विक्रय की पुष्टि उपरान्त फर्म का लाइसेंस व्याप्त कमियों की दृष्टिगत सहायक आयुक्त औषधि, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन कानपुर द्वारा निरस्त कर दिया गया है। जिसके उपरांत औषधि का क्रय एवं विक्रय किया जाना अवैधानिक होगा।

## दबंग ने ग्रामीण को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत कलौली महबुल्लापुर निवासी अनुपम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह ठाकुर अपने बाल कटवाने बाजार गया था। उसी समय गांव के इंद्रपाल पुत्र रूपराम यादव वहां आया और आते ही मारना पीटना प्रारंभ कर दिया, जबकि पीड़ित की कोई गलती नहीं थी तथा उसकी जेब से 50 रुपये भी निकाल लिए। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# सपा प्रत्याशी ने कारगिल शहीद को श्रद्धासुमन किये अर्पित

**सैनिक प्रकोष्ठ के साथ एक दर्जन गांव में किया जन सम्पर्क**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के साथ सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजेश सिंह के साथ नगला निविया, बराकेशव, नया नगला, भदकी, दादूपुर, अलीगंज, ढीपा, नदौरा, बहादुर नगला, पंचम नगला, नगला सवल व नगला जब्ब आदि गांव में जन सम्पर्क कर वोट मांगे। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि किसान विरोधी, रोजगार विरोधी, व्यापारी विरोधी सरकार को हटाना है। गरीब महिलाओं को न्याय दिलाना है। महंगाई को भगाना है तो समाजवादी पार्टी को वोट देकर आने



नगला जब्ब में जन सम्पर्क करते डा0 नवल किशोर व पूर्व सैनिक

वाले चुनाव में सहयोग करें। जिससे आम लोगों को रोजगार के लिए दूसरे शहर जाना नहीं पड़ेगा। किसानों को फसल का वाजिब मूल्य मिलेगा। महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी और महंगाई का खात्मा होगा। परिवर्तन का समय है, यही मौका है हम लोग उचित फैसला लें। साथ ही कारगिल शहीद राकेश चन्द्र यादव की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर रामाधार सिंह, मनोज कुमार, अमित कुमार, छोटे सिंह, महेन्द्र सिंह यादव, राजेन्द्र सिंह, बहादुर सिंह, दुर्वीन यादव आदि मौजूद रहे।



# देवभूमि से श्रीराम जन्मभूमि की राह सुगम बनाएगी हवाई सेवा, तीर्थाटन व पर्यटन को मिलेगी उड़ान

## श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा का अहसास कराएगी हवाई सेवा, देहरादून-अयोध्या के लिए 7006 रुपए के फ्लाइट का टिकट मात्र 1999 रुपए में

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश भले ही अलग राज्य हैं, लेकिन आस्था का इससे कोई मतलब नहीं है। देवभूमि से श्रीराम जन्मभूमि की राह अब देश-दुनिया के लिए सुगम होगी।

श्रद्धालु अब सड़क या रेल मार्ग से ही नहीं बल्कि हवाई मार्ग से सीधे श्रीराम जन्मभूमि और वापस देवभूमि पहुंच सकेंगे। विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ यह हवाई सेवा धार्मिक यात्रा का अहसास कराने के साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी उड़ान मिलेगी। देहरादून-अयोध्या, देहरादून-अमृतसर, देहरादून-पंतनगर-वाराणसी के लिए हवाई सेवा शुरू होने से अब देवभूमि उत्तराखंड को पंख लग गए हैं। धार्मिक दृष्टि से परिपूर्ण उत्तराखंड की वैश्विक पटल पर अलग पहचान बनने के साथ धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे उत्तराखंड की आर्थिक रफ्तार भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर हवाई सेवा की शुरुआत कर यात्रियों को सुनहरा तोहफा दिया है।

अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने वालों के लिए यह सुनहरा सुअवसर है। देवभूमि से अयोध्या धाम के दर्शन में हवाई सेवा से केवल 1999 रुपये में होंगे। यह छूट 20 मार्च तक रहेगी। इससे प्रति टिकट पर 5000 का आर्थिक लाभ मिलेगा। इसके बाद अयोध्या की फ्लाइट टिकट के लिए 7006 रुपये देने होंगे।

अयोध्या के लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट उड़ान भरेगी। देहरादून से पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर के लिए भी छह और सात मार्च को 1999 रुपये किराया रहेगा, जबकि दून से पंतनगर का किराया 4500 रुपये, वाराणसी का किराया 6400 रुपये तय किया गया है। नियमित उड़ान पर पूरा किराया लिया जाएगा। दोनों जगह 23 मार्च से नियमित उड़ानें मंगलवार, गुरुवार और शनिवार से उड़ेंगी। इसके अलावा दून से अमृतसर के लिए हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान नियमित उड़ानें प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उड़ेंगी। यहां नियमित उड़ान का किराया 4850 रुपये तय किया गया है।

### अयोध्या के लिए उड़ान का समय

देहरादून से अयोध्या धाम के लिए तय शेड्यूल के अनुसार सुबह 9:40 बजे उड़ने वाली उड़ान 11:30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। जबकि अयोध्या से 12:15 बजे उड़ने वाली उड़ान 1:55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

### अमृतसर के लिए इतने बजे उड़ान भरेगा विमान

देहरादून-अमृतसर हवाई सेवा का विमान दोपहर 12 बजे अमृतसर से उड़ान भरेगा और दोपहर 01.10 बजे देहरादून पहुंचेगा। इसी प्रकार देहरादून से दोपहर 1.35 बजे अमृतसर के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर 2-45 बजे अमृतसर पहुंचेगा।

### ये है देहरादून-पंतनगर-वाराणसी का शेड्यूल

पंतनगर-वाराणसी के लिए देहरादून से यात्री विमान प्रातः 9.50 बजे पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और 10.35 बजे पंतनगर पहुंचेगा। इसी प्रकार पंतनगर से 11.15 बजे वाराणसी के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर एक बजे वाराणसी में उतरेगा। वाराणसी से विमान दोपहर 1.40 बजे पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और अपराह्न 3.25 बजे पंतनगर पहुंचेगा। पंतनगर से विमान अपराह्न 3.50 बजे उड़ान भरेगा और शाम 4.35 बजे देहरादून पहुंचेगा।

## ओम बिरला ने लोकसभा सचिवालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को संसद भवन परिसर में लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। चार दिवसीय शिविर के दौरान सीबीसी, एलएफटी, केएफटी, पीएफटी, बीएमडी, ईसीजी, पैप स्मीयर, पीएसए, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर (बीपी) सहित अन्य जांच सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ऑर्थोपेडिक और जनरल फिजिशियन द्वारा परामर्श सुविधाएं भी दी जाएंगी। मेडिकल टीम से परामर्श के बाद महिला कर्मचारियों को मैमोग्राफी टेस्ट के लिए कूपन उपलब्ध कराए जाएंगे।

# 2031 तक सात लाख डॉलर की होगी भारत की अर्थव्यवस्था : क्रिसिल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक श्अपर मिडल इनकमश् वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी।

क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी।

क्रिसिल ने कहा, इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 4,500 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक, उच्च-मध्यम आय वाले देश वे हैं जिनकी प्रति व्यक्ति आय 4,000-12,000 अमेरिकी डॉलर के बीच है। क्रिसिल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमीश मेहता ने कहा, वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और उच्च-मध्यम आय वाला देश होगा।

### घरेलू हवाई यात्रियों का आंकड़ा कोविड-पूर्व के स्तर को करेगा पार : इक्रा

**मुंबई।** क्रेडट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर दृष्टिकोण कायम रखा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने निलयम में आगंतुक सुविधा केंद्र का किया उद्घाटन

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वर्चुअली माध्यम से सिकंदराबाद में स्थित राष्ट्रपति निलयम में आगंतुक सुविधा केंद्र (वीएफसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रपति निलयम में ऐतिहासिक लकड़ी के झंडे की 120 फीट की प्रतिकृति, जय हिंद बावड़ी, भूलभुलैया उद्यान, बच्चों का पार्क और रॉक गार्डन में दिव्य शिव और नंदी बैल की मूर्तियां सहित अपने देश की सांस्कृतिक समृद्धि में डूबने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक आकर्षण आगंतुकों को सक्षम बना रहे हैं। वीएफसी हमारे देश की समृद्ध विरासत से लोगों को जोड़ने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वीएफसी सभी आगंतुकों के लिए वन-स्टॉप सुविधा के रूप में सेवा करके राष्ट्रपति निलयम में आगंतुक अनुभव को और बढ़ाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि इन आकर्षणों को विकसित करने के पीछे का लक्ष्य युवा, उत्साही परिवर्तनकर्ताओं के एक समुदाय का पोषण करना है, जो हमारे राष्ट्र की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी युवाओं से हमारे राष्ट्र के इतिहास को जानने और समझने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने सभी से समृद्ध विरासत का संरक्षण और जश्न जारी रखते हुए देश की एकता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों में तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन, तेलंगाना सरकार के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, राष्ट्रपति सचिवालय और एनआईसी के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति के दक्षिणी प्रवास को छोड़कर राष्ट्रपति निलयम पूरे वर्ष आम जनता के लिए खुला रहता है।

## खबरें एक नजर में

### आंध्र में सड़क दुर्घटना में नवविवाहित जोड़े समेत पांच की मौत

**नंद्याला।** आंध्र प्रदेश के नंद्याला जिले के नल्लागाटला गांव में बुधवार तड़के एक कार की लॉरी से हुई टक्कर में नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। अल्लागड्डा ग्रामीण सर्कल इंस्पेक्टर हनुमंत नाइक ने कहा कि नवविवाहित जोड़े और दूल्हे के माता-पिता सहित एक परिवार के पांच सदस्य हैदराबाद से तिरुमला मंदिर दर्शन के लिए गए थे। जब वे वापस हैदराबाद जा रहे थे तो उनकी कार ने एक लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में रवींद्र, उनकी पत्नी लक्ष्मी, उनके बेटे बालाकिरण, बहू काव्या और दूसरे बेटे उदय किरण की मौत हो गई। बालाकिरण और काव्या की शादी 29 फरवरी को हुई थी। यह परिवार हैदराबाद का निवासी था। कार का ड्राइवर लॉरी को देख नहीं सका और उसने लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। कार की रफ्तार तेज होने के कारण सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### कांग्रेस ने विधायक सुधीर को राष्ट्रीय सचिव पद से हटाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पिछले दिनों राज्यसभा चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद से मंगलवार को हटा दिया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से श्री शर्मा को इस पद से हटा दिया है। ग़ौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के श्री शर्मा सहित छह विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी। कांग्रेस ने इन विधायकों को पार्टी विरोधी गतिविधि के कारण अयोग्य ठहराने की विधानसभा अध्यक्ष से अपील की थी।

### बंगाल में संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा के बाद महिलाओं से मुलाकात की है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने बताया, ''जनसभा के बाद, प्रधानमंत्री ने संदेशखाली की कुछ महिलाओं से मुलाकात की। महिलाओं ने उन पर हुए अत्याचारों के बारे में बताया।'' भाजपा सूत्रों ने कहा कि महिलाएं प्रधानमंत्री को आपबीती सुनाते समय भावुक हो गईं और प्रधानमंत्री ने एक पिता की तरह धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनीं। प्रधानमंत्री ने उनके दर्द को समझा है। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उसके साथियों पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप है।

### शाह ने बेस्ट ऑफ आशा भोसले पुस्तक का किया विमोचन

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराष्ट्र भूषण प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले की फोटो जीवनी पर आधारित 'बेस्ट ऑफ आशा भोंसले' पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर आशा भोसले भी उपस्थित थीं। प्रसिद्ध फोटोग्राफर गौतम राजाध्यक्ष ने प्रसिद्ध गायिका आशाताई भोंसले की दुर्लभ तस्वीरों को संकलित कर इस पुस्तक का प्रकाशन किया है। इस पुस्तक के प्रकाशन में मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक आशीष शेलार की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वैल्यूएबल ग्रुप के सहयोग से यह पुस्तक प्रकाशित की गई है। पुस्तक में आशा भोसले की 42 अलग-अलग तस्वीरों और उस पल की यादों को खूबसूरती से पेश किया गया है। इस कार्यक्रम में मुंबई भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट आशीष शेलार के साथ उनकी पत्नी एडवोकेट प्रतिमा शेलार, जनाई भोसले, आनंद भोसले, अमेय हेटे, अंकित हेटे, प्रसाद महाडकर और पुस्तक के डिजाइनर नूतन आजगांवकर उपस्थित थे।

### लावा इंटरनेशनल ने ब्लेज़ कर्व 5जी मोबाइल किया लॉन्च




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** भारत के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल ने आज बड़े गर्व के साथ ब्लेज़ कर्व 5जी को लॉन्च किया है, और मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट को एक नई परिभाषा देने वाला यह स्मार्टफोन बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए तैयार है, जिसमें सहज तरीके से मल्टीटास्किंग के लिए इस सेगमेंट में सबसे बेहतर 8जीबी एलपीडीडीआर5 रैम तथा सेगमेंट में पहली बार यूएफएस3.1 128जीबी/256जीबी इंटरनल स्टोरेज जैसे फीचर्स मौजूद हैं। इन फीचर्स की मौजूदगी की वजह से ऐप खोलने की दर 100त्न तक तेज़ हो जाती है। इस स्मार्टफोन में बिजली की तरह तेज मीडियाटेक डिमेन्सिटी 7050 प्रोसेसर लगाया गया है, जो इसकी स्पीड और काम करने की क्षमता को बेमिसाल बना देता है। इस डिवाइस को 570के+ का एएनटीयूटीयू स्कोर मिला है। 17,999 रुपये की बेजोड़ कीमत पर उपलब्ध ब्लेज़ कर्व 5जी सही मायने में भारतीय ग्राहकों को असाधारण मूल्य और अव्वल दर्जे का परफॉर्मेंस उपलब्ध कराने के लावा के वादे पर पूरी तरह खरा उतरता है। लावा इंटरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर, सुनील रैना ने कहा, ब्लेज़ कर्व 5त्र सही मायने में स्मार्टफोन इंडस्ट्री में भारतीय इंजीनियरिंग की ताकत को दिखाता है। ब्लेज़ सीरीज़ को हमने 20 हजार से कम कीमत की श्रेणी में भारतीय ग्राहकों के अरमानों को पूरा करने के लिए विकसित किया है, जिसके जरिए हम उन्हें विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।

## 31 को होगी फिटजी द्रोणाचार्य की 360 डिग्री डायग्नोस्टिक स्कॉलरशिप परीक्षा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश का अव्वल कोचिंग संस्थान फिटजी 'द्रोणाचार्य (।।)' परीक्षा आयोजित करने वाला है। कोचिंग के इतिहास में यह दुनिया की सबसे बड़ी और पहली बार इस तरह की स्कालरशिप परीक्षा होगी। इसमें वैज्ञानिक पद्धति से तैयार बेहतरीन अकादमिक डायग्नोस्टिक टूल इस्तेमाल होगा। 'द्रोणाचार्य (।।)' से भारत में प्रतियोगिता परीक्षाओं की दुनिया में एक नया दौर शुरू होने वाला है। छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में जाने वाले छात्रों के लिए 31 मार्च, 2024 को पूरे भारत में होगी।

जयपुर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अपवाद हैं। द्रोणाचार्य (।।) परीक्षा - भारत की छिपी प्रतिभा की पहचान, उनकी पूरी क्षमता के विकास और संवर्धन में महत्वपूर्ण इस परीक्षा का सब को इंतजार था। वैज्ञानिक पद्धति से डिजाइन की गई इस परीक्षा की मूल्यांकन पद्धति यूनिक है। यह गहन विश्लेषण और संपूर्ण परीक्षण के माध्यम से न केवल असाधारण प्रतिभाओं की पहचान करती है, बल्कि औसत प्रतिभाओं की छिपी हुई क्षमता उजागर कर उनके लिए उत्कृष्ट शिक्षा का द्वार खोलती है। परीक्षा के लिए पंजीकरण 29 मार्च 2024 तक होगा। वेबसाइट www.fiitjee.com/dronacharya पर ऑनलाइन या किसी भी फिट्जी सेंटर पर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। फिटजी समूह के निदेशक श्री आर.एल. त्रिखा ने कहा - ''वैज्ञानिक पद्धति से छात्रों की प्रतिभा आंकना निश्चित रूप से उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। आज अनगिनत छात्र प्रतिभा और कौशल होने के बावजूद कौशल और रुचि के अनुसार सही करियर नहीं चुन पाते हैं। इसलिए यह सबसे जरूरी है कि बच्चों के कौशल और रुचि का सटीक आकलन कर उन्हें करियर का सही रास्ता दिखाया जाए। इससे वे प्रोफेशन में बहुत अच्छा करेंगे।

### अश्विनी वैष्णव कल करेंगे नीति आयोग के एनआईटीआई फॉर स्टेट्स प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव कल रंग भवन सभागार, आकाशवाणी में नीति आयोग के 'एनआईटीआई फॉर स्टेट्स' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करेंगे। नीति फ़ॉर स्टेट्स प्लेटफ़ॉर्म एक क्रॉस-सेक्टोरल नॉलेज प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे नीति और सुशासन के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) बनने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्लेटफॉर्म सरकारी अधिकारियों को मजबूत, प्रासंगिक और कार्रवाई योग्य ज्ञान और अंतर्दृष्टि से लैस करके शासन के डिजिटल परिवर्तन की सुविधा प्रदान करेगा। इससे उनके निर्णय लेने की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। यह विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नवीन सर्वोत्तम प्रथाओं तक पहुंच प्रदान करके जिला कलेक्टरों और ब्लॉक-स्तरीय पदाधिकारियों जैसे अत्याधुनिक स्तर के पदाधिकारियों का भी समर्थन करेगा।

## भारत-दक्षिण कोरिया नए क्षेत्रों में बढ़ाएंगे साझेदारी

**जयशंकर ने की10वीं भारत-द. कोरिया यूएन की सह-अध्यक्षता**

एजेंसी



**नई दिल्ली/सोल।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की। डॉ जयशंकर सोल पहुंचने के बाद बुधवार को दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके। विदेश मंत्री ने कहा, दो देशों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने विचारों में बढ़ती समानता देखी। उन्होंने कहा, भारत-प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना एक अच्छा मसला है और इस क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि बनाएं रखना दोनों देशों का कर्तव्य है। उन्होंने अपने समकक्ष यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया।

विदेश मंत्री ने कहा, अब हम दोनों देशों के संबंध को और अधिक महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर, हरित हाइड्रोजन, मानव संसाधन गतिशीलता, परमाणु सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन आदि जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने में बहुत रुचि लेंगे।

डॉ जयशंकर ने इससे पहले सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा, बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढाने, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यापार, आपसी आदान-प्रदान और सांस्कृतिक सहयोग के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई। साथ ही त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की बात भी कही गई। उन्होंने कहा, भारत-प्रशांत क्षेत्र के विकास, क्षेत्र में चुनौतियों के प्रति आपसी सहमति और क्षेत्रीय हित और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मैं जानता हूं कि हमारे बीच जबरदस्त सद्भावना है। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में तब्दील करना है। उल्लेखनीय है कि डॉ जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में आज सोल में हैं।

## 41वां श्री श्याम निशानोत्सव सामूहिक कन्या विवाह समारोह आठ मार्च से

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ऐशबाग श्री श्याम ज्योत मंडल के तत्वावधान में तीन दिवसीय 41वां श्री श्याम निशानोत्सव का आयोजन के तिलक नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क, लखनऊ में किया जाएगा। शहनाई सांवरे की भजन संध्या को सुशोभित करने के लिए 8 मार्च को कोलकाता के संजय शर्मा, नई दिल्ली के शीतल पाण्डेय और 9 मार्च को फतेहाबाद की परविंदर पलक, कानपुर से कुमार मुकेश ग्रुप, मास्टर तरंग बाबा श्याम के भजनों से भक्तों को समोहित करेंगे। इस बार आर्कषण केंद्र उज्जैन एवं महाराष्ट्र के नृत्य संगीत ग्रुप द्वारा रंगारंग नृत्य का मंचन किया जाएगा।

8 मार्च शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर शिव पार्वती एवं 9 मार्च शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम आधारित नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। इस बात की जानकारी प्रेसवार्ता में मंडल समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल और




मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने संयुक्त रूप से दी।

इसके अलावा संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सुरेश कंछल ने बताया कि इस बार 50 फिट ऊंचा और 80 फिट चौड़े भव्य राजमहल में बाबा श्याम विराजमान होंगे। भव्य राजमहल का निर्माण कार्य गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर, कोलकाता के असीम मात्या व सहयोगी कारीगारों द्वारा पिछले 15 दिनों से तैयार करने में जुटे हुए हैं। श्याम दरबार को सुशोभित करने में तलवार टेंट के अमन तलवार, घनश्याम अग्रवाल एवं अवस्थी लाइट एंड सांउड बाबा के चरणों अपनी सेवा समर्पित कर रहे है। कानपुर के श्री बाजोरिया से खाटू नरेश का निशान लाया जाएगा।

## सीएम नीतीश ने किया विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभुकों को अनुदान के प्रथम किस्त का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 हजार 509 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से भवन निर्माण विभाग व उद्योग विभाग की कुल 81 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 5 लाभुकों अजय कुमार, शमशाद हुसैन, एम0 फातिमा, नंदन कुमार एवं दीपा कुमारी को प्रथम किस्त के रूप में 50-50 हजार का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित 40 हजार 102 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 200 करोड़ 51 लाख रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग की 1 हजार 68 करोड़ रुपए की लागत से कुल 75 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया।

बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 40 हजार 102 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी 50 हजार रुपये की दर से अनुदान उपलब्ध कराया गया। उद्योग विभाग द्वारा 447 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 33 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं 621 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 42 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 59 करोड़ रुपये की लागत से बिहटा में ई-रेडिएशन सेन्टर एवं एक्सपोर्ट पैक हाउस का लोकार्पण किया, जिसके अंतर्गत कृषि उत्पादों के रेडिएशन एवं पैकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को लाभ होगा। पटना, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण एवं भागलपुर जिलों में 24 लाख वर्ग फीट के प्लग एंड प्ले शेड्स का उद्घाटन किया गया। उद्योग विभाग के अंतर्गत 106 करोड़ रुपये की लागत से पटना जिले के फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया, पूर्णिया जिले के पूर्णिया इंडस्ट्रियल एरिया तथा भागलपुर जिले के बरारी इंडस्ट्रियल एरिया में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम, बिटुमिनस रोड तथा स्ट्रीट लाइट संबंधी योजना का शिलान्यास किया गया।

शिलान्यास की जा रही योजनाओं के अंतर्गत 21 करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से पटना के गांधी मैदान के पास उद्योग भवन एवं फ्रेजर रोड पर बी0एस0एफ0सी0 बिल्डिंग में नए स्टार्टअप बिजनेस सेन्टर संबंधी योजनाओं के साथ-साथ 4 करोड़ 23 लाख रूपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के गोरौल इंडस्ट्रियल एरिया में फ्लेक्सिबल पेवमेन्ट योजना शामिल हैं। वहीं, 9 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से नालंदा, भागलपुर और गोपालगंज जिलों में जिला उद्योग केन्द्र के नये भवन तथा बक्सर जिले में बियाडा कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही 36 करोड़ 97 लाख की रुपये की लागत से भागलपुर जिले में सीपेट बिल्डिंग तथा हाजीपुर जिले में सीपेट ब्वायज हॉस्टल का निर्माण कार्य एवं 31 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर एवं पानापुर इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क एवं पुल का निर्माण कार्य शामिल है।

इसके अलावे 7 करोड़ रुपये की लागत से रोहतास जिले के दिनारा में टूल एवं ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट तथा हॉस्टल का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि का वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु कुल 40 हजार 102 लाभुकों का चयन किया गया है। सभी चयनित लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में 50 हजार रुपये का चेक उपलब्ध कराया गया। आज के कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग की 1 हजार 441 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से कुल 06 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत 1 हजार 374 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं 66 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 1 योजना का शिलान्यास किया गया।

## लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स व फिक्की फ्लो ने कथक नृत्य का किया आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महिला दिवस के अवसर पर लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स और फिक्की फ्लो द्वारा नाटिका ओवरटोन्स और कथक नृत्य का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर की जानी-मानी हस्तियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। ओवरटोन्स नामक नाटिका की प्रस्तुति फिक्की फ्लो वुमेन्स मेंबर्स द्वारा की गई जिसका निर्देशन मोहम्मद राशिद ने किया। इसके बाद कांतिका मिश्रा द्वारा मंच पर कथक का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया।

ओवरटोन्स नाटिका के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की बात कही गई जिसमें महिलाओं को सपने देखने और उनको पूरा करने की कहानी बड़ी खूबसूरती से दर्शायी गई। लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स की डिजाइनर तान्या रस्तोगी ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर फिक्की फ्लो के साथ मिलकर महिला सशक्तिकरण हेतु



ओवरटोन्स नामक नाटिका की प्रस्तुति फिक्की वुमेन्स मेंबर्स द्वारा की गई और महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए ही कांतिका मिश्रा द्वारा कथक प्रस्तुत किया गया।

तान्या रस्तोगी ने कहा कि लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स हमेशा महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए कार्य करते रहते हैं फिर वो चाहे आभूषणों की डिजाइनिंग, मेकिंग हो या ऐसे आयोजन जो महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित किए जाते हो। आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। तान्या रस्तोगी ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को सपने देखने के लिए प्रेरित करते हैं और साथ ही सपनों को साकार करने का संकल्प भी दिलाते हैं।